CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

देहरादून, मंगलवार 19 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 11 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




नकली खाद व बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी पेज 2



डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज खेल टाइम्स



बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद सम्पादकीय



यूक्रेन नाटों में शामिल नहीं होगा: ट्रम्प पेज 12

# ट्रैफिक जाम 12 घंटे तक रहे तो टोल क्यों दें: सुप्रीम कोर्ट

## टोल वसूली पर NHAI की याचिका को लेकर शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें केरल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी।

हाईकोर्ट ने त्रिशूर जिले के पालएक्कारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली को रोक दिया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था, क्योंकि एनएच 544 (एडप्पल्ली- मान्नुथी हाईवे) की हालत खराब थी और यहां लंबे समय से भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि जब लोगों को 12-12 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है, तो उनसे टोल वसूलने का क्या -शेष पृष्ठ दो पर

### डेलकर की कथित आत्महत्या से संबंधित याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सात बार के सांसद मोहन डेलकर की 2021 में कथित आत्महत्या के मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने मृतक के बेटे अभिनव मोहन डेलकर द्वारा उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज की।



### प्रशिक्षु सैन्य कैडेटों के सेवामुक्त होने पर बीमा लाभ देने पर विचार करे केंद्र

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों में कमीशन अधिकारी बनने के लिए कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेटों को दिव्यांगता या गंभीर चोट लगने से संबंधित किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए उन्हें बीमा दायरे में लाने की संभावना तलाशने के मामले में स्वत: संज्ञान सुनवाई करते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक अंग्रेजी दैनिक अखबार के एक लेख पर स्वत: संज्ञान कार्यवाही करते हुए केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया।

### पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शिक्षा विभाग की नौकरी में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित मामले में तीन साल से जेल में बंद पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और अन्य दो लोगों को सोमवार को राहत दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा कि सीबीआई की ओर से दर्ज इस मामले में निचली अदालत द्वारा दो माह के भीतर महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। पीठ ने इस मामले में पश्चिम बंगाल के शिक्षा विभाग के अधिकारी सुबीरेश भट्टाचार्य और शांति प्रसाद सिन्हा की भी जमानत मंजूर कर उन्हें राहत दी। शीर्ष अदालत ने राहत देते हुए इस तथ्य पर गौर किया कि चटर्जी लगभग तीन साल से जेल में बंद हैं।

### उप्र में स्कूलों को बंद करने पर विवाद: सुप्रीम कोर्ट ने याचिका ठुकराई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र सरकार के 105 सरकारी प्राथमिक स्कूलों को अन्य स्कूलों के साथ जोड़ने के फैसले के खिलाफ 'आप' सांसद संजय सिंह की रिट याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने यह कहते हुए याचिका पर विचार करने से मना कर दिया कि यह मामला पहले से ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष लंबित हैं। पीठ ने उच्च न्यायालय को इस मामले का निपटारा शीघ्र करने को कहा।

# पुतिन ने मोदी से की फोन पर बात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान करता रहा है और वह इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

श्री मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद यह बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को उनके फ़ोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी हालिया मुलाक़ात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बात की है और उन्हें अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया।

### रूसी राष्ट्रपति ने की ट्रम्प से मुलाकात की जानकारी साझा

# सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्ष

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार करने के लिए बैठक की।

सूत्रों के मुताबिक, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में कई विपक्षी नेताओं ने बैठक की और इस बात पर चर्चा की कि कैसे मुख्य चुनाव आयुक्त ने रविवार को उनकी ओर से उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब दिए बिना एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कुछ विपक्षी सांसदों का मानना है कि इस लड़ाई को आगे



बढ़ाया जाना चाहिए और उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने का सुझाव दिया। हालांकि, यह कदम चर्चा के चरण में है। विपक्षी दल फिर से मिलेंगे और इस पर आगे चर्चा करेंगे। दरअसल, एक दिन पहले यानी रविवार को ही चुनाव आयोग ने एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि कुछ लोगों की तरफ से पीपीटी प्रेजेंटेशन में दिखाए आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं। उन्होंने साफ और स्पष्ट शब्दों में कहा था कि वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगें। तीसरा कोई विकल्प नहीं है। अगर सात दिन में हलफनामा नहीं मिला, तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा। वोट चोरी के आरोपों के बीच विपक्षी दल संसद के मानसून सत्र में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ -शेष पृष्ठ दो पर

### महाराष्ट्र- हरियाणा का चुनाव भाजपा ने चोरी से जीता: राहुल गांधी

**औरंगाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अभी केवल मैंने इनकी चोरी पकड़ी है आने वाले समय में पूरी देश की जनता इनसे इनकी चोरी पर सवाल करेगी। बिहार में यह एसआईआर करके वोटों की चोरी करना चाहते हैं। एसआईआर का मतलब है नए तरीके से चोरी करना। नरेंद्र मोदी चोरी करके चुनाव जीते हैं, लेकिन बिहार की जनता यहां इनकी चोरी नहीं चलने देगी।




xmart

To book online visit auto.mahindra.com.

DEHRADUN PREMIER MOTORS
DEHRADUN 9711614830 9634091119 | RISHIKESH 9711614830 | KOTDWAR 9711614830 | VIKASH NAGAR 9711614830 | TEHRI 9711614830 | RUDRAPRAYAG 9711614830 | UTTARKASHI 9711614830 | CHAMOLI 9711614830 | CHAMBA 9711614830 | SRINAGAR 9711614830

DOON MIGHTY AUTOWHEELS PVT. LTD.
DEHRADUN 9719355666 7217062101, 7217044772

MIGHTY MOTORS
HARIDWAR 9711615062 7055009890 | ROORKEE 9711615062 | BHAGWANPUR 9711615062

## संक्षिप्त समाचार

### पिता ने दो बेटियों को नदी में फेंका, खुद भी लगाई छलांग

**जालौन।** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के रामपुरा क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने सोमवार को अपनी दो मासूम बच्चियों को यमुना नदी में फेंक दिया और खुद भी छलांग लगा दी। क्षेत्राधिकारी माधवगढ़ अंबुज सिंह ने बताया कि मधेपुरा गांव निवासी रज्जन निषाद (28) शराब का आदी था और अक्सर पत्नी से झगड़ा करता रहता था। सोमवार को विवाद के बाद वह अपनी बेटियों सुनैना (6), अला (4) और छोटी (2) को लेकर जुहीका पुल पहुंचा। वहां पहुंचकर उसने पहले अला और छोटी को तेज धार में फेंक दिया। यह देखकर बड़ी बेटी सुनैना घबरा गई और पुल से भागकर जोर-जोर से रोने लगी। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्ची से पूरी घटना की जानकारी ली। इसी बीच लोगों को आता देख रज्जन ने भी नदी में छलांग लगा दी।

### कांग्रेस ने किया मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास का घेराव

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के आवास का घेराव किया और नारेबाजी की। आगरा की विजय नगर कॉलोनी में मुख्य चुनाव आयुक्त का आवास है, जहां आज सुबह कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लेकर पहुंच गए। तख्तियों पर आपत्ति. जनक नारे लिखे हुए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास की तरफ बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रो. कने की कोशिश की। पुलिस और कांग्रेसियों के बीच तीखी झड़प भी हुई। इस बीच कांग्रेस समर्थक मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास के बाहर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे।

# फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी पूजा पाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा से निष्कासित विधायक ने कहा: समर्थकों की राय पर ही उठाएंगी अगला कदम

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित चायल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पूजा पाल ने कहा है कि वह फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी और अपने समुदाय के लोगों से चर्चा के बाद अगला राजनीतिक कदम उठाएंगी। उन्होंने हाल ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

पाल ने कहा कि वह अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी हैं, मुलायम सिंह यादव की नहीं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने समाजवादी पार्टी के लिए दरवाज़ा बंद कर दिया है, तो पाल ने कहा कि उन्होंने खुद ही दरवाज़ा बंद कर लिया है और यह अच्छी बात है। अगर मैं किसी पार्टी में शामिल होती हूं, तो वह 'विचारधारा' के आधार पर होगी और आपका विचार स्पष्ट होना चाहिए। विधायक ने कहा कि जब 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी, तब पार्टी ने माफियाओं को दूर रखा था। पाल ने कहा कि मैं मुलायम सिंह यादव की समा. जवादी पार्टी से नहीं जुड़ी थी। मैं अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी थी, क्योंकि उन्होंने माफियाओं को दूर रखा था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं, जिनकी 2023 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपने अगले राजनी. तिक कदम के बारे में, तीन बार विधायक रहीं पाल ने कहा कि वह कोई भी फैसला लेने से पहले पाल समुदाय के सदस्यों से बात करेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में शामिल होने की योजना बना रही हैं, तो उन्होंने साफतौर पर कहा कि अभी नहीं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कार्यालय और पाल, दोनों ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। योगी आदित्यनाथ कार्यालय ने हिंदी में एक पोस्ट में कहा कि कौशाम्बी जिले के चायल विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक पूजा पाल ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

# राष्ट्रपति ने शाहनवाज को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ/ मुजफ्फरनगर।** 15 अगस्त 2025 को भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सहायक रेडियो अधिकारी (उत्तर प्रदेश) शाहनावाज हुसैन को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा है यह पदक उन्हें मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक डॉ. विपिन टांडा द्वारा दिया गया है। बताया जाता है शाहनावाज हुसैन पिछले 9 माह पूर्व अलीगढ़ से सेवानिर्वत हुए थे, जबकि उन्हें 2021 में उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया था, जबकि 2022 में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा अति उत्तकृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया था और 2025 में रिटायर होने के बाद भारत की राष्ट्रपति द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया। शाहनावाज हुसैन बुलंदशहर, अमरोहा, सहारनपुर, मुरादाबाद, एटा व अलीगढ़ में अपनी सेवाएं पुलिस विभाग में दे चुके है। उनके शुभचिंतकों ने उन्हें मुबारकबाद दी है।

# भाजपा के इशारे पर काम करता है चुनाव आयोग: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करता है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई, तब से चुनाव में शिकायत पर उत्तर प्रदेश में कोई अधिकारी नहीं हटाया गया है।

समाजवादी सरकार की सरकार के समय चुनाव के समय कई अधिकारी हटा दिए गए थे। इसका मतलब है कि चुनाव आयोग भाजपा का कहना ज्यादा मानता है। हम चुनाव आयोग से शिकायत करते है, तो कोई कार्रवाई नहीं होती है। लगता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम करता है। यादव ने कहा कि भाजपा की छिबरामऊ से विधायक ने अपने बूथ पर 400 फर्जी वोट बनवाए थे। चुनाव आयोग को देखना चाहिए कि भाजपा के लोग अपने बूथों पर ज्यादा वोट क्यों बनवाते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने आम चुनाव से लेकर उपचुनाव तक कई अधिकारियों की शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 2017 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कितने अधिकारी ट्रांसफर हुए थे, वहीं लोकसभा चुनाव 2019, विधानसभा चुनाव 2022 और लोकसभा चुनाव 2024 में शिकायत पर एक भी अधिकारी का ट्रांसफर नहीं हुए। 2014 लोकसभा चुनाव में तथा 2017 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा चुनाव में जिस अधिकारी की शिकायत कर देती थी, उसका ट्रांसफर हो जाता था। भाजपा की सरकार के दौरान चुनाव में विपक्ष शिकायत करता रहा लेकिन अधिकारियों को नहीं हटाया गया। इस सबके लिखित दस्तावेज हैं।

# नकली खाद-बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी

नई दिल्ली, वार्ता



■ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने दिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नकली खाद-बीज और कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चौहान यहां कृषि विभाग और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि अगर खराब दवाई के कारण किसानों की फसलें खराब होती हैं, तो इसे पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों किसान नकली दवा और कीटनाशक के कारण बहुत परेशान हैं। चौहान ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह स्वयं किसानों के खेत पर जाकर देख चुके हैं कि खराब दवाई के चलते फसल चौपट हो गई। वास्तव में नकली खाद, बीज और कीटनाशक किसानों के लिए अभिशाप हैं। इसलिए अधिकारियों को चाहिए कि वे खेतों में खुद जाकर जांच करें। कृषि अधिकारियों को व्यापक पैमाने पर आकस्मिक छापेमारी का अभियान चला कर कार्रवाई करनी चाहिए।

## आरोपों का जवाब देने बजाय राहुल गांधी के सवालों को नकारा

# जिम्मेदारियों से भाग रहा चुनाव आयोग: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



सांसदों की आयोग की गतिविधियों पर नजर, उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया सकता है: गौरव गोगोई

कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिक. ार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गतिविधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सोमवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में इंडिया गठबंधन के नेताओं के संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग सवालों का जवाब देने की बजाय जिम्मेदारियों से भाग रहा है, लेकिन सांसद उसकी गति. विधियों पर नजर रखेंगे और समय आने पर जरूरी करवाई को लेकर कदम भी उठाए जाएंगे। आयोग गांधी तथा अन्य राजनी. तिक दलो के नेताओं के सवालों के जवाब नहीं दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है। आयोग जिम्मेदारियां से भाग रहा है और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है। चुनाव आयोग ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी को नकारा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोग को अपनी कमियों को बताना चाहिए था और विपक्षी सवालों का जवाब देना चाहिए, लेकिन उसने इसके विपरीत रानीतिक दलों पर ही सवाल उठाया और एक तरह से सवाल उठाने वाले दलों पर पर आक्रमण किया। सवाल था कि बिहार में हड़बड़ी में मतदाता सूची पुनरीक्षण क्यो हो रहा है, महाराष्ट्र में मतदाता कैसे बढ़े, आधार की प्रमाणिकता के खिलाफ क्यों है आयोग, इन सवालों का जवाब नहीं दिया गया है। चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता से स्पष्ट है की आयोग में ऐसे अधिकारी काम कर रहे हैं, जो निष्पक्ष नहीं है। ऐसे अधिकारी किसी भी तरह की शिकायत पर जांच के खिलाफ है।

### वोटर अधिकार यात्रा पर भाजपा का तीखा हमला

**नई दिल्ली।** भाजपा के मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संबित पात्रा ने कहा कि जब से माननीय मोदी जी की सरकार बनी है, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के प्रेस के मुद्दे वही होते हैं और अब हम भी थक जाते हैं, उन्हीं प्रश्नों के जवाब देते-देते। जनता को लगता होगा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के लोगों की हताशा की सीमा इस कदर बढ़ गई है कि हमेशा चोर-चोर करते रहते हैं। संबित पात्रा ने आगे कहा कि राफेल के समय पर चौकीदार-चोर, अब वोट की चोरी, ए स्वाभाविक है, जिसके स्वभाव में जो होता है, उन शब्दों का प्रयोग वो बार-बार करता है। अब देखिए दो लड़के, यूपी में दो लड़के थे यहां भी दो लड़के हैं। दो लड़के ए जेल यात्रा, बेल यात्रा सबकुछ करने के बाद अब कौन सी यात्रा कर रहे हैं पता नहीं चोरी की यात्रा, कुछ नहीं होने वाला है। जनता जनार्दन है, सब कुछ जानती है।



सेंसेक्स 80597.66

निफ्टी 24938.20



सोना रु. 101406

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114050

प्रति किलो



# जीएसटी सुधारों की घोषणा से उछला शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में अगले चरण के बड़े सुधारों की घोषणा के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 808.13 अंक की तेजी के साथ 80,597.66 अंक पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 306.90 अंक की बढ़त में 24,938.20 अंक पर खुला। पहले आधे घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स 1,168 अंक चढ़ता हुआ 81,765.77 अंक पर पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 1,083.89 अंक यानी 1.34 प्रतिशत ऊपर 81,681.55 अंक पर था। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 80,597.66 अंक पर बंद हुआ था।

निफ्टी-50 भी 25 हजार अंक के स्तर को पार करता हुआ 391 अंक की मजबूती के साथ 25,022 अंक तक पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 373.85 अंक यानी 1.52 प्रतिशत ऊपर 25,005.15 अंक पर था। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 24,631.30 अंक पर बंद हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधारों की घोषणा की थी। इसमें ढांचागत सुधारों के अलावा जीएसटी में स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो करने और आम लोगों के इस्तेमाल की चीजों पर कर कम करके उन्हें राहत देने की बात कही गयी है। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा को मजबूती मिली है। ऑटो सेक्टरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी और बैंकिंग शेयरों में उछाल रहा। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी के शेयर सबसे ज्यादा 7.5 फीसदी की बढ़त में थे।

# सोना-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 18 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 400 रुपए गिरकर 99,623 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,00,023 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत आज 883 रुपए कम होकर 1,14,050 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,933 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत- दिल्ली- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,013,30 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900। मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत घ1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। भोपालरू 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,230 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800 सोना इस साल अब तक 23,461 महंगा हुआ इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,461 रुपए बढ़कर 99,623 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 28,233 रुपए बढ़कर 1,14,050 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालें, चीनी मजबूत

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमतों में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी देखी गयी। चीनी और दालों के दाम भी बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव का रुख देखने को मिला। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 49 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,560 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.95 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 92 रुपए प्रति क्विंटल बढ़कर 3,835.08 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। वहीं, गेहूं नौ रुपए गिरकर 2,839.71 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। आटा भी 11 रुपए सस्ता हुआ और 3,290.85 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया।



सरसों तेल औसतन 258 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल 32 रुपए और वनस्पति 114 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल करीब 30 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल में 18 रुपए की गिरावट देखी गई। सोया तेल भी 85 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत करीब 108 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 111 रुपए और तुअर दाल 232 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल में 86 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। मूंग दाल भी 117 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 115 रुपए प्रति क्विंटल चढ़े।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुख्य चुनाव...** महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने भी इस मुद्दे पर बात की और कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव सहित सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। हालांकि, अभी तक इस पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। हुसैन ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी, तो हम नियमों के तहत लोकतंत्र की सभी शक्तियों का इस्तेमाल करेंगे। अभी तक हमने महाभियोग के बारे में कोई चर्चा नहीं की है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हम कुछ भी कर सकते हैं। विपक्ष संसद के दोनों सदनों में एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। वे दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। 21 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर संसद में बहुत कम कामक. ाज हुआ है। ज्यादातर एसआईआर मुद्दे पर ही सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित हुई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग उनसे हलफनामा मांग रहा है, लेकिन भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर से नहीं, जब वे वही आरोप लगाते हैं।

**ट्रैफिक जाम...** औचित्य है। जस्टिस चंद्रन ने हाल ही की घटना का जिक्र किया, जहां एक ट्रक गड्ढे में फंसकर पलट गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एनएचएआई की ओर से दलील दी कि जिन जगहों पर अंडरपास का काम चल रहा है, वहां वैकल्पिक रास्ते यानी सर्विस रोड बनाए गए हैं। लेकिन बारिश की वजह से काम प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि टोल को पूरी तरह रोकना अनुचित है, कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए। हालांकि, बेंच ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 65 किलोमीटर का सफर, जिसके लिए 150 रुपये टोल लिया जाता है, अगर 12 घंटे में तय हो रहा है तो यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। गुरुवायूर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, जो यहां टोल वसूल रही है, ने भी हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी। कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील श्याम दिवान ने कहा कि उनके जिम्मे जो 60 किलोमीटर का हिस्सा है, उसकी देखभाल ठीक से की जा रही है। असली समस्या उन जगहों पर है जहां एनएचएआई ने काम किसी तीसरी कंपनी (पीएसजी इंजीनियरिंग) को सौंपा है। अप्रैल 2024 से ये कंपनी काम देख रही है। दीवान ने दावा किया कि टोल वसूली बंद होने से उन्हें पहले ही 5-6 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को चार हफ्तों के लिए टोल वसूली रोक दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब सड़कें खराब हों और ट्रैफिक सुचारू न हो, तो जनता से टोल वसूला नहीं जा सकता। यह जनता और एनएचएआई के बीच भरोसे का रिश्ता है, जिसे तोड़ा नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि मानसून की वजह से मुश्किलें बढ़ी हैं। फिलहाल कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है और जल्द ही यह तय करेगा कि पालएक्कारा टोल प्लाजा पर वसूली दोबारा शुरू होगी या नहीं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है

आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।

काजीजादा, अमरोहा-UP

हाशमी दवाखाना

9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?

अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।

फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।

ऋषि इन्टरनेशनल

08899787114

09808917010

Cipzer

HEALTH WITH CARE

जॉन्डिस क्योर

लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।

86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगें। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज

**● एएफआई अधिकारी ने पुष्टि की, 15 अंक के साथ क्वालिफाई, 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में मुकाबला**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग-2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद फाइनल टेबल में 15 पाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होने जा रहे मुकाबले के लिए क्वालिफाई किया। 27 साल के नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया राउंड में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का करियर बेस्ट थ्रो फेंका और दूसरे स्थान पर रहे। फिर नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक की जानकारी के अनुसार नीरज पूरी तरह फिट हैं और वे डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे। फिलहाल, नीरज चोपड़ा चेक रिपब्लिक में ट्रेनिंग कर रहे हैं। नीरज चोपड़ा 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

इस सूची में केशोर्न वालकाट (17 अंक) पहले और जूलियन वेबर (15) दूसरे स्थान पर हैं। ब्रसेल्स राउंड के बाद फाइनल टेबल में टॉप-6 पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे। ब्रसेल्स राउंड में खेलने न खेलने से फर्क नहीं पड़ेगा 2022 में डायमंड लीग का खिताब जीत चुके नीरज चोपड़ा के 22 अगस्त को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग के आखिरी राउंड में हिस्सा लेने की भी जानकारी नहीं है। हालांकि, उनके इस राउंड में हिस्सा लेने या न लेने से उनकी फाइनल स्टेंडिंग टेबल में फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे पहले ही डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। नीरज चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित होने जा रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। उन्होंने पिछले सीजन में बुडापोस्ट में 88.17 मीटर के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता था। डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) का एक टूर्नामेंट है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है। डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है। आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है। हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पाइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पाइंट मिलता है। 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पाइंट्स काउंट होते हैं। टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है। इसमें जीतने वाले खिलाड़ी को डायमंड लीग विजेता की ट्राफी और कैश प्राइज मिलता है।

# चोटिल इशान दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर, आकाश दीप को आराम

**● उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले मैचों से पहले फिट हो जाएंगे**



**नई दिल्ली, वार्ता।** ईस्ट जोन के कप्तान इशान किशन चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर हो गए हैं। उनक जगह टीम में ओडिशा के विकेटकीपर आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशन ई-बाइक चलाते हुए चोटिल हो गए थे। इस कारण उनके हाथ में टांके लगाने पड़े। हालांकि किशन की चोट अधिक गंभीर नहीं है। उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले दो चार-दिवसीय मैचों से पहले पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया ए को भारत दौरे पर आना है जहां उनका सामना भारत ए से होगा। फिलहाल किशन बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस में मौजूद हैं जहां वह चोट से उबर रहे हैं और उनकी फिटनेस पर ध्यान दिया जा रहा है। किशन के अलावा ईस्ट जोन के लिए पहले मुकाबले में काश दीप भी उपलब्ध नहीं हो पाएंगे, उन्हें भी आराम की सलाह दी गई है। आकाश को कैसी चोट है, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इशान की जगह ईस्ट जोन का कप्तान अभिमन्यु ईश्वरण को बनाया गया है। अब आकाश की जगह असम के मुख्तार हुसैन लेंगे। आकाश हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए थे, जहां वह मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट से निगल की वजह से बाहर हो गए थे। हालांकि पांचवें टेस्ट के लिए द ओवल में उन्होंने वापसी की थी जहां उन्होंने बतौर नाइट वॉचमैन दूसरी पारी में करियर का पहला अर्द्धशतक भी लगाया था। ईस्ट जोन अपने अभियान का आगाज शुभमन गिल की कप्तानी वाली नॉर्थ जोन के खिलाफ 28 अगस्त से करेगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अदानी अहमदाबाद मैराथन के नौवें संस्करण के लिए पंजीकरण शुरू

**अहमदाबाद, वार्ता।** सशस्त्र बलों, फिटनेस, एकता को समर्पित अदानी अहमदाबाद मैराथन के 30 नवंबर को होने वाले नौ संस्करण के लिए पंजीकरण शुरु हो गया है। अदानी स्पोर्ट्सलाइन द्वारा आयोजित 2025 मैराथन एक बार फिर साबरमती रिवरफ्रंट से शुरू होगी और शहर के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थलों, जैसे अटल ब्रिज, गांधी आश्रम और एलिस ब्रिज, से होकर गुजरेगी। इस आयोजन में चार दौड़ श्रेणियां शामिल हैं। पूर्ण मैराथन, अर्द्ध मैराथन, 10 किमी दौड़ और 5 किमी दौड़। इसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे। यह मैराथन न केवल एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का समर्थन करती है, बल्कि सामाजिक प्रभाव और सामुदायिक उत्थान के एक व्यापक दृष्टिकोण का भी प्रतीक है। इस अवसर पर अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अदानी ने कहा कि अदानी अहमदाबाद मैराथन के नौवें संस्करण की मेजबानी करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

# तीरंदाजी लीग में दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा, धीरज व अभिषेक वर्मा लेंगे भाग

**एएआई ने तीरंदाजी प्रीमियम लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए एथलीटों की सूची जारी की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीरंदाजी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में शीर्ष भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा वेन्नम, धीरज बोम्मदेवरा, अभिषेक वर्मा और अन्य एथलीट भाग लेंगे। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार तीरंदाजी प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए भारतीय एथलीटों की सूची की जारी कर दी है। इस वर्ष अक्टूबर में नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता 11 दिनों तक चलेगी। इस फ्रेंचाइजी-शैली के प्रतियोगिता में दुनिया भर के पुरुष और महिला रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज प्रतिस्पर्धा करते नजर आयेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एथलीटों को छह फ्रेंचाइजी टीमों में विभाजित किया जाएगा। पहले संस्करण में दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए एएआई ने विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग, विश्व की शीर्ष 20 रैंकिंग और उसके बाद एएआई द्वारा हाल ही में आयोजित चयन ट्रायल के अनुसार रैंक किए गए तीरंदाजों के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में तीरंदाजों को रखा है। एएआई द्वारा आज जारी सूची के अनुसार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी (विश्व नंबर 3) और धीरज बोम्मादेवरा (विश्व नंबर 14) ने भी इस प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज कराया है। विश्व रिकॉर्डधारी कंपाउंड तीरंदाज ऋषभ यादव (विश्व नंबर 9) और ज्योति सुरेखा वेन्नम (विश्व नंबर 3) की जोड़ी ने भी विश्व नंबर 10 अभिषेक वर्मा, विश्व नंबर 11 प्रथमेश भालचंद्र फुगे, विश्व नंबर 16 प्रियांश और विश्व नंबर 17 परनीत कौर के साथ अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। एएआई द्वारा हाल ही में आयोजित ट्रायल के आधार पर, अनुभवी ओलंपियन तरुणदीप राय (रैंक नंबर 4) और अतनु दास (रैंक नंबर 5) भी रिकर्व प्रतिभागियों में शामिल होंगे, जबकि महिला रिकर्व तीरंदाजों की सूची में अंकिता भक्त (रैंक नंबर 2) और भजन कौर (रैंक नंबर 6) शामिल हैं।

# एशिया कप हॉकी:पाक की जगह खेलेगा बांग्लादेश!

**● हॉकी इंडिया अधिकारी ने कहा- हम 2 दिन और इंतजार करेंगे, पाकिस्तान सुरक्षा कारणों से हटा**




**नई दिल्ली, वार्ता।** बांग्लादेश की टीम 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह खेल सकती है। यह टूर्नामेंट बिहार के राजगीर में आयोजित होने जा रहा है। हॉकी इंडिया के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अगर पाकिस्तान अगले 2 दिनों में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं करता है, तो उसे बांग्लादेश से बदला जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोजकों ने पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया का कहना है कि स्थिति अगले 48 घंटों में क्लियर होगी। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचसी) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत आने से इनकार कर दिया था।

हालांकि, भारत सरकार ने कहा कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार पहले ही वीजा देने की बात कह चुकी है, लेकिन अगर वे (पाकिस्तानी खिलाड़ी) नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है। पाकिस्तान के नहीं आने की स्थिति में बांग्लादेश को आमंत्रित किया गया है, लेकिन हमें दो दिन और इंतजार करना होगा। अधिकारी ने आगे कहा कि न तो पाकिस्तान और न ही बांग्लादेश ने अभी तक हमें कोई आधिकारिक पुष्टि दी है, लेकिन पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश के उतरने की संभावना ज्यादा है। एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी। जोकि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। पीएचसी ने कहा था- हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा की क्या गारंटी है। पीएचसी प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है। हमने उनसे पूछा है कि वे हमें यह बताएं कि हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी और वे टूर्नामेंट पर कैसे ध्यान दे पाएंगे।

हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत की यात्रा नहीं करेगी। एशिया कप हॉकी की शुरुआत 1982 में पाकिस्तान के कराची में हुई थी। तब से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बना हुआ है।

# सरफराज का धमाका, चयनकर्ताओं को दिया खास संदेश

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। मंगलवार को बीसीसीआई भारतीय टीम की घोषणा कर सकता है। इससे पहले युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने शानदार शतकीय पारी खेलकर चयनकर्ताओं के लिए खास संदेश भेजा है। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज इन दिनों मुंबई के लिए बूची बाबू टूर्नामेंट में खेलते नजर आ रहे हैं। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे 27 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 92 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया। तमिलनाडु की टीम के खिलाफ खेलते हुए सरफराज ने 114 गेंदों में 10 चौके और छह छक्के की मदद से 138 रन बनाए। वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। अपनी इस पारी के साथ सरफराज ने एशिया कप के लिए टीम इंडिया का दरवाजा खटखटाया है। सरफराज पिछले कई वर्षों से रणजी ट्राफी में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट डेब्यू भी किया था, लेकिन उन्हें हालिया इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली। सरफराज खान ने भारत के लिए अब तक कुल छह टेस्ट खेले हैं, जिसकी 11 पारियों में उन्होंने तीन अर्द्धशतक और एक शतक की मदद से 371 रन बनाए हैं। सफराज के अगर प्रथम श्रेणी करियर की बात करें तो उन्होंने 55 मैचों में 65.98 की औसत से 4685 रन बनाए हैं।

















































# डीएम ने सुनी जन समस्याएं, अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश

■ जनता दर्शन कार्यक्रम में उठे पेयजल, सड़क, जल निकासी और आवास सुरक्षा से जुड़े मुद्दे चंबा, प्रतापनगर और अन्य क्षेत्रों की शिकायतों पर विभागों को दिया गया एक्शन ऑर्डर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने सोमवार को जिला सभागार नई टिहरी में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान पुनर्वास, लोक निर्माण विभाग, नगरपालिका, जल संस्थान और विद्युत विभाग से जुड़ी कुल 33 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने अधिकांश मामलों का मौके पर निस्तारण किया, साथ ही सीएम हेल्पलाइन और पूर्व में दर्ज लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए और जनता को राहत प्रदान की जाए।
कार्यक्रम में ग्राम कुठ्ठा के मंगल सिंह ने बरसात से क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन और रास्ते की मरम्मत की मांग रखी, जिस पर संबंधित विभाग को तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। चंबा सुमन कॉलोनी के निवा. सियों ने शिकायत की कि चंबादृमसूरी मोटर मार्ग का बरसाती पानी उनकी बस्ती की ओर छोड़ा जा रहा है, जिससे रास्ते क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इस पर ईओ नगरपालिका परिषद चंबा को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।
चंबा निवासी दीपा बिष्ट ने आरोप लगाया कि एक निजी भवन स्वामी ने नगरपालिका की नालियों का उपयोग करने की बजाय वर्षा का पानी सीधे उनके भवन की ओर छोड़ दिया है। जिलाधिकारी ने इस शिकायत पर ईओ को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और संबंधित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विकासखंड प्रतापनगर के ग्राम बसेली निवासी रीना देवी ने मोटणा-मदननेगी मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त होने से उनके मकान को खतरा होने की शिकायत की। इस पर लोक निर्माण विभाग को तुरंत आवश्यक कदम उठाने के आदेश दिए गए। इसी तरह, जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 03 कंगसाली नीलम बिष्ट ने बताया कि ग्राम ओखला के आठ परिवारों के आवास भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गए हैं और फिलहाल उन्हें बारात घर में शिफ्ट किया गया है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को मूलभूत सुविधाएं और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग रखी। जिलाधिकारी ने इस मामले पर अपर जिलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, आईएएस स्नेहिल, एडीएम अवधेश कुमार, एसडीएम संदीप कुमार, सीएमओ श्याम विजय सहित जिले के कई अधिकारी भौतिक और वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यायल का भवन जर्जर हालत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** विकास खंड थराली के अंतर्गत हरिनगर लेटाल में स्थापित राजकीय प्राथमिक विद्यालय का भवन भूस्खलन की जद आने के कारण इस विद्यालय को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया गया हैं, जिसके कारण छात्र-छात्राओं क अध्यापन का कार्य बंद हो कर रहे गया हैं।

प्राथमिक विद्यालय हरिनगर लेटाल के ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर स्थापित प्राथमिक विद्यालय भवन भूस्खलन के कारण खतरें की जद में आ गया हैं।जिस कारण सोमवार से इस भवन को बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया है।इस विद्यालय में वर्तमान समय में कक्षा 1 से 5 तक 32 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनके सम्मुख



अध्ययन की समस्या आ खड़ी हो गई हैं।इस संबंध में गांव के हेम चन्द्र, दीपक कुमार,धन सिंह, यशपाल आर्य, आंनद आदि ने उपजिलाधिकारी थराली को भेजें एक पत्र में कहा है कि स्कूल भवन में में हों रहें भूस्खलन के कारण स्कूल को मजबूरन बंद करना पड़ा हैं, इसके अलावा गांव में अन्य सार्वजनिक भवन पंचायत घर,बारात घर,मिलन केंद्र आदि भी सुरक्षित नही है, स्कूल के बंद कर दिए जाने के कारण बच्चों के भविष्य की समस्या खड़ी हो गई हैं। अभिभावकों ने एसडीएम से बच्चों के भविष्य को देखते हुए पक्का भवन स्वीकृति होने तक टेंट आदि की वैकल्पिक व्यवस्था कर शैक्षणिक कार्य शुरू करवाने की मांग की हैं।

# स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम में छात्रों को मिली आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** केंद्रीय विद्यालय न्यू टिहरी में सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से सीआईएसएफ (छत्तीसगढ़ बटालियन) की टीम द्वारा स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 560 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। टीम ने प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में अपनाए जाने वाले प्राथमिक कदमों, प्राथमिक उपचार के महत्व, स्ट्रेचर तैयार करने की सरल विधियों, खोज-बचाव कार्यों और राहत उपकरणों के प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।
सीआईएसएफ टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर ने बताया कि कमांडेंट सुदेश कुमार ड्राल के आदेशानुसार पूरे उत्तराखंड में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में टिहरी जिले में डिप्टी कमांडेंट अवनीश पुरोहित की देखरेख में 18 अगस्त से 2 सितंबर तक लगभग 15 विद्यालयों में स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम संचालित होंगे। इसके तहत चंबा, थौलधार, प्रतापनगर और जाखणीधार विकासखंडों के साथ-साथ घनसाली ब्लॉक में भी मई और सितंबर के बीच कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इस अवसर पर सीआईएसएफ टीम के साथ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य प्रशिक्षक अनिल सकलानी ने भी प्रतिभागियों को व्यावहारिक अभ्यास कराते हुए आपदा प्रबंधन के उपाय समझाए।

# धराली में आई तबाही को लेकर निम और एसडीआरएफ ने तलाशे नए तथ्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी** 18, अगस्त: पांच अगस्त को श्रीकंठ ग्लेशियर के बेस से धराली में हुई तबाही के खोज में नीम और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ग्राउंड जीरो पर उतरकर खीर गंगा में आए मालवा का निरीक्षण किया है।
ग्राउंड जीरो से लौट कर आई नेहरू पर्वतारोहण संस्थान की में शामिल दीप साईं और शिवराज पंवार ने बताया कि खीर गंगा का उद्गम स्थल तक गहन अध्ययन और ड्रोन सर्वे के बाद, चौंकाने वाली हकीकत सामने आई है। श्रीकंठ ग्लेशियर के आसपास कहीं भी कोई ग्लेशियर झील नहीं मिली।
टीम ने धराली तबाही के सारे अफवाह पर विराम लगाते हुए साफ किया है कि 5 अगस्त को धराली में



खीर गंगा से आये जल सैलाब न तो बादल फटने से आया न ग्लेशियर फटने से बल्कि श्रीकंठ ग्लेशियर के बेस से भारी भूस्खलन से ये तबाही हुई है।
टीम ने बताया कि खीर गंगा में पानी के साथ मलवा काफी ऊंचाई से आया है जो करीब 4800 मी ऊंचाई से बताया जा रहा है। यह श्रीकंठ पर्वत का बेस क्षेत्र है। यह पुराना ग्लेशियर क्षेत्र है। यहां ग्लेशियर डिपॉजिट – मोरेन हैं। तीन स्थानों से यह खिसककर नीचे की तरफ आया और तेजी से बहता हुआ धराली को बहा ले गया।
बता दें कि जिला प्रशासन के निर्देश पर धराली के ऊपर श्रीकंठ पर्वत खीर गंगा का करीब 5000 मी ऊंचाई पर नेहरू पर्वतारोहण संस्थान एवं एसडीआरएफ की सात सदस्य टीम 14 अगस्त को धराली से भूस्खलन स्थल के लिए रवाना हुई थे। अतिदुर्गम रास्ते से होकर करीब 11 किलोमीटर की चढ़ाई चढ़ कर धराली तबाही का सच ढूंढ निकाला है।
गौरतलब है कि नेहरू पर्वतारोहण संस्थान उत्तरकाशी पर्वतारोहण, रॉक क्लाइम्बिंग, और ऊँचाई पर ट्रैकिंग जैसे विभिन्न पाठ्यक्रम के साथ -साथ हिमालय में खोज और बचाव कार्यों में महारथ हासिल है।

## एक नजर .......

## राजकीय महाविद्यालय भाबर के उच्चीकरण की मांग

**कोटद्वार ।** डू समथिंग सोसाइटी ने भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय के उच्चीकरण की मांग की है। कहा कि महाविद्यालय में वर्तमान में केवल स्नातक तक की ही कक्षाएं संचालित हो रही हैं, इसके बाद छात्र-छात्रों को राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार या अन्यत्र महाविद्यालय जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोसाइटी अध्यक्ष मयंक कोठारी की ओर से सोमवार को मुख्यमंत्री को प्रेषित स्मृति पत्र में कहा गया है कि भाबर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की परेशानियों को देखते हुए सन् 2015 में भाबर क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। वर्तमान में लगभग साढ़े चार सौ छात्र-छात्रा महाविद्यालय में अध्ययनरत हैं। लेकिन दु:ख की बात यह है कि लंबा समय बीतने के बाद भी महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाएं आरंभ नहीं हो पाई हैं, इस कारण यहां के छात्र-छात्राओं को राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार या अन्यत्र महाविद्यालयों का रूख करना पड़ रहा है। इसलिए छात्र हित को देखते हुए राजकीय महाविद्यालय भाबर को उच्चीकृत किया जाना चाहिए। कहा कि इस संबध में सोसाइटी की ओर से पूर्व में प्रेषित पत्र पर भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

## हाथी के आतंक से परेशान झंडीचौड के ग्रामीण

**कोटद्वार ।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 37 पश्चिमी झंडीचौड़ निवासी इन दिनों हाथी के आतंक से परेशान हैं। हालत यह है कि हाथी काश्तकारों की खड़ी फसलों को रौंद रहा है और काश्तकार कुछ नहीं कर पा रहे हैं। सोमवार को स्थानीय पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि वन विभाग के जंगली जानवरों को आबादी क्षेत्रों में आने से रोकने के उपायों के दावे करने के बाद भी जंगली जानवरों का आबादी क्षेत्रों में धमकना जारी है। बताया कि हाथी आए दिन खेतों में पहुंचकर धान की फसल को रौंद रहा है। विभागीय अधिकारियों को लगातार सूचना देने के बाद भी अभी तक हाथी सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं हो पाया है। बीते दिन हाथियों के झुंड के खेतों में पहुंचने पर काश्तकारों ने किसी तरह शोर मचाकर उन्हें आबादी से बाहर भगाया। हाथियों के साथ ही क्षेत्र में जंगली सूअरों का आतंक भी बना हुआ है। वार्ड से लगते जंगल के आसपास सुरक्षा दीवार बनाने के लिए वन विभाग व जनप्रतिनिधियों को कई बार लिखित व मौखिक माध्यम से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। कहा कि जंगली जानवरों की धमक के बीच जी रहे लोगों का शाम ढ़लते ही घर से बाहर निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है।

## रक्तदान व पौधरोपण कर पत्रकार ने मनाया अपना जन्मदिन



**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के गोविंद नगर निवासी पत्रकार गौरव गोदियाल ने सोमवार को अपने जन्मदिन पर न सिर्फ रक्तदान किया बल्कि पौधरोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। पत्रकार गौरव गोदियाल पिछले दस वर्षों से अपने जन्मदिन पर रक्तदान करते चले आ रहे हैं। इसके साथ ही उनके द्वारा पौधारोपण भी किया जाता है। इस वर्ष भी उन्होंने अपने जन्मदिन पर रक्तदान करते हुए पौधरोपण किया। उन्होंने बताया कि लगभग दस साल पहले अचानक हमारे मन में भाव आया कि लोग अपने जन्मदिन पर तरह-तरह का आयोजन रखकर उसकी खुशियां मनाते हैं। लेकिन हम इससे हटकर कुछ अलग करते हुए अपना जन्मदिन मनाए। जिससे लोगों को उसका लाभ मिल सके। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। ऐसे में हमने अपने जन्मदिन पर एक यूनिट रक्त को दान करना शुरू किया। इसके साथ ही धरा को हरा-भरा रखने के लिए पौधरोपण करने लगा। उन्होंने बताया कि आज उनसे प्रेरित होकर उनके मित्र चर्च रोड, जौनपुर निवासी दीपक रावत ने भी रक्तदान किया । दीपक रावत ने बताया कि रक्तदान व पौधारोपण करने पर बहुत सुकून मिलता है । पत्रकार गौरव गोदियाल व समाजसेवी दीपक रावत की इस पहल की लोगों ने भूरी-भूरी प्रसंशा की है।

# श्रीलंका में व्याख्यान देने जाएंगे कालिका प्रसाद सेमवाल

**रुद्रप्रयाग।** लोक सेवा आयोग हरिद्वार के पूर्व समन्वयक और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रुद्रप्रयाग के पूर्व वरिष्ठ प्रवक्ता कालिका प्रसाद सेमवाल इस माह श्रीलंका जाएंगे। इस दौरान वे श्रीलंका के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय केलनिय में सनातन धर्म और श्री रामचंद्र जी का मानवता के कल्याण के लिए जो कार्य किए गए हैं उस पर एक व्याख्यान देंगे।
अपर बाजार निवासी कालिका प्रसाद सेमवाल ने बताया कि मुंबई के साहित्यिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के माध्यम से श्रीलंका का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# धराली आपदा पीड़ितों के लिए छात्रों की बड़ी पहल, 70 हजार से अधिक की राशि जुटाई

■ विद्यालय और कॉलेज के 12 विद्यार्थियों ने चलाया राहत अभियान, जनता से मिली व्यापक सहयोग राशि
आपदा प्रभावित बच्चों की शिक्षा सामग्री पर खर्च होगी छात्रों द्वारा एकत्र की गई धनराशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेजों से जुड़े 12 विद्यार्थियों ने मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए धराली आपदा पीड़ितों की सहायता



के लिए आगे कदम बढ़ाया। विद्यार्थियों ने 13 अगस्त से 17 अगस्त तक हनुमान चौक, गीता भवन, नागराज मंदिर और चौहान वेडिंग प्वाइंट जैसे प्रमुख स्थलों पर "धराली आपदा राहत कोष" के तहत विशेष कैंपेन चलाया। इस पहल के दौरान उन्होंने लोगों से सहयोग राशि एकत्रित की और कुल 70,135 रुपये जुटाने में सफल रहे। आज इन विद्यार्थियों ने जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खंडेलवाल से मुलाकात कर यह राशि उन्हें सौंपी और आग्रह किया कि इसे उत्तरकाशी की धराली आपदा से प्रभावित परिवारों तक पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी खंडेलवाल ने तत्क्षण उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत कुमार आर्य से फोन पर संपर्क साधा और उन्हें इस पहल से अवगत कराया। इस दौरान उत्तरकाशी के जिलाधिकारी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल समाज में नई सोच और जिम्मेदारी का प्रतीक है।
जब उनसे पूछा गया कि यह राशि किस उद्देश्य के लिए खर्च की जानी चाहिए, तो विद्यार्थियों ने विशेष रूप से आग्रह किया कि इसे आपदा प्रभावित बच्चों की शिक्षा संबंधी जरूरतों जैसे किताबें, कॉपियां और अन्य अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने में उपयोग किया जाए। दोनों जिलाधिकारियों ने बच्चों को आश्वस्त किया कि यह धनराशि पारदर्शी ढंग से और पूरी निष्ठा के साथ उसी उद्देश्य पर खर्च की जाएगी जिसके लिए इसे दिया गया है।इस प्रेरणादायक पहल की उपस्थित सभी लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की और विद्यार्थियों की संवे. दनशीलता को समाज के लिए अनुकरणीय बताया। आपदा जैसी कठिन घड़ी में युवाओं द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल जरूरतमंदों की मदद करेगा बल्कि भविष्य में समाज के अन्य वर्गों को भी प्रेरित करेगा।इस अवसर पर विद्यार्थी दिव्यांशु रावत, शिवम रावत, सुजल रतूड़ी, निशांत चौहान, दीपक नेगी, साहिल कुमार, गणेश डिमरी, रोहित बेलवाल, नकुल तोमर, कार्तिक नेगी, राहुल नौटियाल और सार्थक मेहरा मौजूद रहे।

# मोटरमार्ग बंद होने से चार किमी की पैदल दूरी नाप रहे ग्रामीण

■ दो सप्ताह से बंद पड़ा है रुद्रप्रयाग-चिनग्वाड़-पीड़ा मोटरमार्ग,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** अगस्त्यमुनि विकासखंड के ग्राम पंचायत चिनग्वाड़ के साथ-साथ धनपुर क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला रुद्रप्रयाग-चिनग्वाड़-पीड़ा मोटरमार्ग दो सप्ताह से बंद पड़ा हुआ है। मोटरमार्ग बंद होने से ग्रामीण जनता को मीलों पैदल चलकर सफर तय करना पड़ रहा है। बीते छः अगस्त को हुई भारी बरसात के चलते मुख्य रुप से



धनपुर के ग्राम पंचायत चिनग्वाड़, पीड़ाध, ग्वाड़ आदि ग्राम पंचायतों को जोड़ने वाला रुद्रप्रयाग-चिनग्वाड़-पीडा मोटरमार्ग राजस्व गांव डांगसेरा के समीप व उससे आगे दो स्थानों पर पहाड़ी से मलबा व बोल्डर आने के चलते अवरुद्ध हो गया। मोटरमार्ग बंद हुए दो सप्ताह का समय बीत गया है, लेकिन अब तक कार्यदायी संस्था प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की ओर से मोटरमार्ग पर एक भी इंच मलबा साफ नहीं किया गया है। आलम यह है कि मोटरमार्ग अवरुद्ध होने से ग्रामीण तीन से चार किमी का पैदल सफर तय कर रहे हैं।
चिनग्वाड़ के नव निर्वाचित प्रधान दीपक बिष्ट, मुन्ना बिष्ट, उत्तम सिंह, दीपक सिंह, देवेंद्र सिंह, प्रवीण सिंह, नरेंद्र बिष्ट ने कहा कि सरकार, शासन व प्रशासन की ओर से बरसात के समय बंद सड़कों को तत्काल खोलने के निर्देश दिए गए है।
लेकिन चिनग्वाड़ मोटरमार्ग को बंद हुए दो सप्ताह का समय बीत चुका है। बार-बार कहने के बावजूद भी विभाग की ओर से हीलाहवाली की जा रही है। उन्होंने मलबे से बंद हुई सड़क को जल्द साफ करने की मांग की है, जिससे ग्रामीणों की आवाजाही सुगम हो सके।

# जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा सामग्री व शुल्क सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** ग्राम पंचायत मुखेम में इंटीग्रेटेड फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद छात्रों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को शुल्क सहायता और पठन सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर सेम नागराजा सरस्वती शिशु मंदिर मुखेम, राजकीय संस्कृत विद्यालय मुखेम सहित अन्य विद्यालयों के चार जरूरतमंद छात्रों को शुल्क सहायता के रूप में चेक प्रदान किए गए। वहीं, बीस छात्रों को स्कूल बैग, कॉपियां, पेन और अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री दी गई।
फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष अमित ने बताया कि संगठन पिछले तीन वर्षों से लगातार शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहा है।
उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य केवल शिक्षा और स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद छात्रों की हर संभव मदद करना भी इसकी प्राथमिकता रही है। अमित ने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी फाउंडेशन गरीब और जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई में बाधा न आने देने के लिए लगातार प्रयास करता रहेगा।
इस अवसर पर क्षेत्र के कई सामा. जिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे। इनमें रोशन मटियाल, प्रदीप मटियाल, विजय पोखरियाल, महावीर भंडारी, गोविंद भट्ट, सुभाष, अवधेश,रजवार, रजत सेमवाल और विवेक शामिल थे।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में प्रवेश पंजीकरण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में प्रवेश हेतु पंजीकरण शुरू हो गए हैं। सोमवार को पंजीकरण अभियान का उद्घाटन करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो. अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर छात्र स्वयं के व्यक्तित्व विकास के साथ साथ एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।
एनएसएस प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ डीएस नेगी ने कहा कि आगामी 31 अगस्त तक पंजीकरण अभियान जारी रहेगा। पंजीकरण हेतु



छात्र-छात्रायें अपने साथ प्रवेश शुल्क रसीद, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट फोटो साथ में अवश्य लाएं।
इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ विधि ध्यानी, डॉ प्रेमलता, डॉ वंदना लोहनी, डॉ एसएल बटियाटा, डॉ गुंजन माथुर, डॉ ललित तिवारी, डॉ दिनेश सती, डॉ राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मां दुर्गा और नानतोली का अद्भुत मिलन देख छलक उठे भक्तों के आंसू

**रुद्रप्रयाग।** बद्रीनाथ धाम की दिवारा यात्रा पर निकली न्यालसू रामपुर के ग्रामीणों की आराध्य शक्तिपीठ मां दुर्गा देवी यात्रा के आठवें दिन मां नानतोली मंदिर दर्शन को पहुंची, जहां से कुल पुरो. हतों के गांव रविग्राम पहुंची। उसके बाद धार गांव और फिर रात्रि विश्राम के लिए खड़िया पहुंची।
केदारघाटी के न्यालसू रामपुर के ग्रामीणों की आराध्य शक्तिपीठ मां दुर्गा देवी बद्रीनाथ धाम की देवरा यात्रा पर निकली हैं। यात्रा के आठवें दिन प्रातः ग्राम जामू स्थित मोरू झाड़ नामक प्राकृतिक जलस्रोत में माता की डोली ने स्नान किया।

# सड़कें बंद होने से मंडियों तक नहीं पहुंच पा रहा सेब

■ मोरी का नुराणु मोटर मार्ग एक सप्ताह से बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** नैटवाड क्षेत्र समेत फातेपर्वत के इलाके में सेब की फसल पूरी तरह से तैयार है। लोग इन्हें मंडियों तक पहुंचाने की योजना बना रहे थे लेकिन आपदा से सड़कें बंद हैं। प्रशासन का फोकस अभी मुख्य सड़कों की बहाली पर ही है जबकि एक-एक लिंक रोड जब तक सही नहीं होंगे तब तक बागवानों के सेब मंडियों तक नहीं पहुंच पाएंगे।
जिले के नैटवाड नुराणु मोटर मार्ग



एक सप्ताह बंद होने से सेब बाग. वानों में बर्बाद के कगार पर है।नुराणु गांव के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान महेन्द्र सिंह नेगी ने बताया कि फतेपर्वत क्षेत्र के 14 गांव में एक हजार से अधिक सेब की पेटियां पैक हो रखी है लेकिन नुराणु मोटर बंद होने से कम से कम 15 से 20 बागवानों के सेब सड़ने के कगार पर है।उन्होंने कहा कि लोकनिर्माण विभाग की सड़कें बंद होती है तो खुल जाती है लेकिन पीएमजेएसवाई सड़कें नहीं खुलती हैं। उन्होंने पीएम जेएसवाई पुरोला के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द मार्ग न खोलने पर उग्र आंदोलन की चेता. वनी दी है।
क्षेत्र के बाल चंद नेगी पूर्व प्रधान नूराणु, रोजी लाल, मखन सिंह, आदि ग्रामीणों
बताया कि आपदा ने लोगों को पहले ही उजाड़ दिया है।
ऐसे में इतनी लागत के बाद पैदा हुआ सेब अगर बाजार तक नहीं पहुंचा तो बागवानों की हालत बहुत खराब हो जाएगी। इसलिए हमारा सरकार से निवेदन है कि सड़कों की बहाली का काम युद्ध स्तर पर चलाए जाए।
गौरतलब है कि जिले का फतेपर्वत क्षेत्र सेब उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन जब सेब बागवान तैयार हो गये तब सड़कें बंद हो गई जिससे यहां के बागवानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही है।

# मानसून सत्र के हंगामेदार रहने के आसार

## गैरसैंण में सोमवार की शाम कार्यमंत्रणा समिति में एजेंडे पर हुई चर्चा

■ मानसून सत्र को लेकर विपक्ष दिखा रहा है अपने तेवर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण / देहरादून।** भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में आज से शुरु होने वाला मानसून सत्र के हंगामेदार शुरुआत होने की पूरी संभावना है। सत्र को लेकर सोमवार की शाम को स्पीकर ऋतु भूषण खंडूरी की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में मानसून सत्र के एजेंडे को लेकर चर्चा हुई । बैठक में स्पीकर ऋतु खंडूरी के अलावा संसदीय कार्यमंत्री सुबोध उनियाल एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह, बीजेपी विधायक उमेश शर्मा काऊ, विधायक खजान दास, बीएसपी के नेता मो. शहजाद सहित सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के समिति के सदस्य शामिल हुए। स्पीकर ऋतु खंडूरी सदन की पहले दिन की कार्रवाई के एजेंडे पर चर्चा की। साथ ही सभी सदस्यों से सदन शांतिपूर्वक चलने में सहयोग की अपेक्षा भी जताई है।



**विपक्ष की सरकार को घेरने की तैयारी**

मानसून सत्र के पहले दिन से ही हंगामेदार रहने की पूरी संभावना है। क्योंकि मानसून सत्र में सरकार को घेरने के लिए कई मुद्दों पर विपक्ष ने तैयारी कर रखी है। सबसे अहम और ताजा मामला पंचायत चुनावों को लेकर है। साथ ही उत्तरकाशी की आपदा, राज्य में अपराधों का मामले जैसे कई मुद्दों पर कांग्रेस नेताओं ने संकेत दिए हैं। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का कहना है कि विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस जनहित के मुद्दों को पुरजोर तरीके से सदन में रखेगी।

**विपक्ष करे सकारात्मक चर्चा, सरकार तैयार: सुबोध उनियाल**

सरकार मानसून सत्र में कई विधेयक पेश करने जा रही है। संख्या बल के हिसाब से किसी बिल को पास कराने में पुष्कर सिंह धामी सरकार को कोई दिक्कत नहीं है। विपक्ष को लेकर संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल का कहना है कि विपक्ष किसी भी मुद्दे पर सकारात्मक रूप से चर्चा करना चाहे, सरकार पूरी तरीके से तैयार है।

# जोशी ने पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुंडीर के निधन पर जताया दुःख

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं देहरादून के पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

काबीना मंत्री ने स्वर्गीय पुण्डीर के गुनियालगांव स्थित आवास पहुंचकर अंतिम यात्रा में शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि दीपक पुंडीर का निधन भाजपा परिवार के साथ-साथ मेरे लिए व्यक्तिगत और अपूरणीय क्षति है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। पार्टी पदाधिकारियों के साथ काबीना मंत्री ने पार्थिव शरीर पर भाजपा का झण्डा और पुष्पचक्र अर्पित किये।




इस दौरान विधायक मुन्ना सिंह चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, राजीव गुरुंग,
भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, किरन जवाड़ी, सुन्दर कोठाल, राकेश रावत, लक्ष्मण रावत, अनुराग, लीला शर्मा, वंदना बिष्ट, मीनू क्षेत्री, नैन सिंह पंवार, धीरज ठाकुर, दीपक अरोड़ा, अनुज कौशल, समीर पुण्डीर, सुरेन्द्र राणा आदि उपस्थित रहे।

# मानव अधिकार व महिला सुरक्षा संगठन ने किया शहीदों को नमन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मानव अधिकार एवं महिला सुरक्षा संगठन की और से स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आजाद कॉलोनी स्थित कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को नमन किया गया।

इस मौके पर मानव अधिकार एवं महिला सुरक्षा संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष इसरत जहाँ ने बताया कि देश की आजादी के लिये अपनी जानों की कुर्बानी देने वाले अमर शहीदों को नमन करने के लिये झण्डा रोहण के साथ-साथ गोष्टि का भी आयोजन किया गयाा। वही उत्तरकाशी के धराली में आई आपदा में हताहत हुए लोगों की आत्मा की शांति को मिनट का मौन रखा गया।



इस मौके पर इरशाद अहमद, शवा कुरेशी, मईनुद्दीन, मास्टर शकील, एमएम बाहोमा, जाहिद मिर्जा, आकिल राणा,
आजाद मलिक, चिरंजीव सहगल, अमजद, मो. अकबर, डॉ. मोईन, फारूख सैफी, फुरकान सैफी, अनीम अहमद व शकील आदि मौजूद रहे।

## टोयोटा ने ड्राइव द नेशन अभियान किया लॉन्च

**देहरादून।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उत्तर भारत के केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशेष अभियान 'ड्राइव द नेशन' की शुरुआत की है। यह ऑफर अगस्त माह के दौरान विशेष रूप से टोयोटा अर्बन क्रूजर हायराइडर पर लागू होगा। सबरी मनोहर, वाइस प्रेसिडेंट एवं चीफ रिप्रेजेंटेटिव नॉर्थ रीजन ने कहाटोयोटा में, गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएँ हमारी ग्राहक संतुष्टि की प्रतिबद्धता का आधार हैं। बढ़ती मांग को देखते हुए, हमने 'ड्राइव द नेशन' अभियान को अर्बन क्रूजर हायराइडर तक विस्तारित किया है, ताकि सरकारी कर्मचारियों को कार स्वामित्व और भी सुलभ और किफायती हो सके।

# कांग्रेस ने कूड़ा प्रबन्धन यार्ड को हटाने की उठाई मांग

■ महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने मेयर सौरभ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में महिला कांग्रेस पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के मेयर सौरभ थपलियाल से मुलाकात कर उन्हें धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के कारगी स्थित कूडा प्रबन्धन यार्ड को अन्यत्र स्थानान्तरित कराये जाने की मांग की।

देहरादून मेयर को सौंपे ज्ञापन में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत कारगी स्थित कूड़ा प्रबंधन यार्ड से आसपास के निवासी, विशेषकर महिलाएं, बच्चे और वृद्धजन अत्यंत पीड़ित हैं।



यह यार्ड न केवल क्षेत्र में पर्यावरणीय संकट उत्पन्न कर रहा है, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है।

बरसात के मौसम में कूड़े का रिसाव आसपास के जल स्रोतों को भी प्रदूषित कर रहा है जिसका गंदा पानी सड़कों पर बहकर सड़क और विद्यालय के आसपास जमा हो जाता है जिसके चलते त्वचा रोग एवं सक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

ज्योति रौतेला ने यह भी कहा कि पूर्व में कई बार क्षेत्रीय जनता के साथ साथ कई सामाजिक संगठनों की और से भी इसके विस्थापन को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा चुका है जिसमें आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। यदि कारगी स्थित कूड़ा यार्ड का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो महिला कांग्रेस जनहित में आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष नजमा खान, आशा मनोरमा शर्मा, चन्द्रकला नेगी, प्रदेश महासचिव पुष्पा पंवार, सुशीला शर्मा, अनुराधा तिवाडी, दीपा चौहान व भावना आदि शामिल थे।

# देवभूमि में इंडियन टेक्सटाइल्स की गूंज: हथकरघा सांस्कृतिक धरोहर

■ साड़ी के इतिहास पर श्साड़ी मैनश ने डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भारतीय वस्त्रों की समृद्ध विरासत और हथकरघा कला के संरक्षण को समर्पित श्एक्सप्लोरिंग इंडियन टेक्सटाइल्सश कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को फिक्की फ्लो उत्तराखंड चैप्टर की और से देहरादून में किया गया।

इस अवसर पर उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के राज्यमंत्री वीरेंद्र दत्त सेमवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर ष्साड़ी मैनष के नाम से विख्यात वस्त्र संरक्षक हिमांशु वर्मा ने शिरकत की। उन्होंने भारतीय साड़ी की कला, उसके सदियों पुराने इतिहास और सांस्कृतिक महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। वर्मा के उद्बोधन ने उपस्थित जनसमूह को भारतीय परंपरा और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। सेमवाल ने इस बात पर भी जोर दिया कि उत्तराखंड के हथकरघा और ऊनी उत्पादों की अपनी विशिष्ट पहचान है।

आयोजन में फिक्की फ्लो उत्तराखंड चैप्टर की चेयरपर्सन डॉ. गीता खन्ना, सीनियर वाइस चेयरपर्सन तृप्ति बहल, सेक्रेटरी स्मृति बट्टा, ज्योति राठौर और लुबना सहित बड़ी संख्या में उद्यमी, महिला सदस्य, बुनकर और कला प्रेमी उपस्थित रहे।




### मेहनतकश कारीगरों की पहचान है हथकरघा

**देहरादून।** राज्य मंत्री वीरेंद्र दत्त सेमवाल ने हथकरघा को केवल वस्त्र नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक धरोहर और मेहनतकश कारीगरों की पहचान बताया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार हथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए निरंतर प्रयासरत है। सेमवाल ने इस बात पर भी जोर दिया कि उत्तराखंड के हथकरघा और ऊनी उत्पादों की अपनी विशिष्ट पहचान है, और राज्य सरकार इनके संवर्धन व विपणन हेतु विभिन्न योजनाओं पर लगातार कार्य कर रही है।

## बार एसोसिएशन ने की शोकसभा

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सभागार में सोमवार को रिंकेश कुमार रावत (अधिवक्ता) के पिताजी व उत्तरक. ाशी जिले में धराली तथा जम्मू काश्मीर के किस्तवाड़ा एवं कठुआ में बादल फटने से हुई त्रासदी में मृतकों की आत्मा की शान्ति के लिए एक शोक सभा की गयी।,

जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी। शोक सभा में दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन समेत कमल पाण्डे, राम सिंह सममल, आनन्द सिंह, दीप चन्द्र जोशी, विशाल सिंह मेहरा, निपुश मौला, रजत खोलिया, सरिता बिष्ट, चेतना लटवाल, कुन्दन सिंह, एसएस अधिकारी आदि कई अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# कार्यक्रताओं को रोका तो एनएच होगा जामः उपाध्याय

■ गैरसैंण विधानसभा घेराव करने को प्रदेश भर के यूकेडी कार्यक्रता पहुंचे कर्णप्रयागः किरन रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रांति की और से कल (आज) को गैरसैंण में होने वाले विधानसभा सत्र का घेराव किया जाएगा, जिसके लिए प्रदेश के तमाम पदाधिकारी व जिला चमोली के पदाधिकारी कार्यकर्ता सोमवार को कर्णप्रयाग पहुंच गए है।

कर्णप्रयाग में एक अति आवश्यक बैठक की अध्यक्षता दल के वरिष्ठ नेता केंद्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय ने की। केंद्रीय महामंत्री व मीडिया प्रभारी किरन रावत ने बताया कि बैठक में विधानसभा घेराव के लिए रणनीति बनाई गई।

कार्यकर्ता व पदाधिकारी भराड़ीसैंड बैरिकेटिंग पर विरोध प्रदर्शन करेंगे और अपने मुद्दों को प्रबलता से उठाएंगे।

उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्यकर्ताओं को जंगल चट्टी में या अन्य जगह रोका गया तो कार्यकर्ता में रोष व्याप्त हो जाएगा और वह राष्ट्रीय राजमार्ग जाम भी कर सकते है।

इसलिए हम प्रशासन से अपील करते हैं कि वह लोकतंत्र में विरोध दर्ज कराने की व्यवस्था को सुनिश्चित करें और विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश ना करें।

बैठक में वरिष्ठ नेता देवेंद्र कंडवाल, केंद्रीय महामंत्री बृजमो. हन सजवान, राजेश्वरी रावत, राज. ेंद्र बिष्ट, राजेंद्र प्रधान, बिहारी लाल जागुड़ी, अनीता कोठियाल, शशि बंगवाल, मनोज कंडवाल, अर्जुन नेगी, जितेंद्र सिंह, योगेश व जितेंद पंवार आदि मौजूद रहे।

## लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक प्रोग्राम

**नैनीताल।** लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा सम्मिलित रूप से सुंदर झांकी का निर्माण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कक्षा आठवीं की छात्रा आकांक्षा बालियान द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के बारे में जानकारी देते हुए विस्तार पूर्वक विचार रखे गए। विद्यार्थी हर्षित कुमार और यश कुमार द्वारा गोविंद गोपाल व कक्षा पांचवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा फूलों में सज रहे हैं भजन और जय कृष्ण हरे आरती की प्रस्तुति दी गई जबकि शिक्षक वर्ग की ओर से कंप्यूटर शिक्षिका उर्वशी पाण्डे द्वारा श्रीकृष्ण पर कुमाऊंनी भजनख्वर मोर पंख हाथ में मुरुली सभी शिक्षकों द्वारा अरे द्वार पालो कन्हैया से कह दो विज्ञान शिक्षिका किरन रौतेला द्वारा बरसाने से आई हूं संगीत शिक्षक अजय कुमार द्वारा राधा बृज की कहानी हो गई भजन प्रस्तुत किए गए कक्षा आठवीं की छात्रा कृतिका खत्री द्वारा मोहे पनघट पे नंदलाल गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएस नेगी ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के सम्मिलित प्रयास की प्रशंसा की और सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में श्री नेगी ने विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे छात्रावास में रह रहे सभी विद्यार्थियों को पारिवारिक माहौल प्रदान करने की बात कही ताकि बच्चे घर से बाहर रहकर भी घर जैसा महसूस करें। कार्यक्रम स्थल पर छात्रावास के विद्यार्थी, शिक्षक वर्ग, अभिभावक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# शिक्षा की गुणवत्ता नही, तुष्टिकरण है कांग्रेस का ध्येयः चौहान

■ कहा - शिक्षा क्षेत्र में भी राजनैतिक लबादा ओढ़ना दुर्भाग्यपूर्ण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मानवीर सिंह चौहान ने कहा कि अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों मे गुणवत्तापरक शिक्षा को लेकर सरकार जो सुधारत्मक कदम उठाने जा रही है ,उस पर कांग्रेस की ओर से उठ रहे विरोध के स्वर दुर्भाग्यपूर्ण और तुष्टिकरण के हैं।

पूर्व सीएम हरीश रावत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि अल्पसंख्यक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बने इसके लिए सरकार कानून बना रही है। अब उन विधालयों मे ऐसे शिक्षक तैनात होंगे जो कि सभी अहर्तायें पूरी करे। छात्रों को अन्य विद्यालयों में दी जा रही सुविधाएं मिलेगी। हालांकि इसके लिए पंजीकरण की शर्त अनिवार्य की गयी है जो कि सही है। इससे शैक्षिक गुणवत्ता के साथ ही अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।

चौहान ने राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों के शैक्षिक संस्थानों को अब पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से मान्यता मिलेगी। शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे। अन्य अल्पसंख्यक समुदायों सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध एवं पारसी को भी यह सुविधा मिलेगी। हालांकि अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा पाने के लिए मान्यता लेने और संस्थानों की स्थापना एवं संचालन में हस्तक्षेप नहीं न करने बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और उत्कृष्टता मे सहयोग जैसे कदम सारहनीय हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों के मुद्दे पर समुदाय विशेष को गुमराह करती रही है और तुष्टिकरण की नीति अपनाती रही है। हालांकि इसके लिए पंजीकरण की शर्त अनिवार्य की गयी है जो कि सही है। कांग्रेस का यही रवैया अतिक्रमण हटाओ अभियान में भी दिखा। शिक्षा जैसे अहम विषय पर जिस तरह से कांग्रेस नकारात्मक रुख अपना रही है, उससे साफ है कि वह अल्पसंख्यकों की कितनी हितैषी है।

## यूके बॉयज़ व अवनी इलेवन विजयी

**नैनीताल।** नगरपालिका परिषद और डीएसए के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित लैंडो लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में सोमवार को दो मुक. ाबले खेले गए। पहला मुकाबला शेरवुड रेंजर ए और यूके बॉयज के बीच खेला गया जिसमें यूके बॉयज ने 1-0 से मुकाबला जीता वहीं दूसरा मुकाबला सैनिक स्कूल बी और अवनी इलेवन के बीच खेला गया जिसमें अवनी इलेवन ने 1-0 से विजेता रही।

# सरस्वती विहार में जन्माष्टमी की धूम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल वीरभट्टी नैनीताल में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नन्दोत्सव हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव से मनाया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने भगवान श्रीकृष्ण के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं जलाभिषेक के साथ किया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बालक-बालिकाओं ने श्रीकृष्ण और राधा की झांकियों के माध्यम से सभी को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, सुदामा चरित्र, जैसे विषय पर मनमो. हक नृत्य व संवाद प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। हमें उनके जीवन से कर्तव्यनिष्ठा, मित्रता तथा धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा मिलती है। कार्यक्रम के संयोजक अतुल पाठक और पवन जोशी रहे। कार्यक्रमों की प्रस्तुति में तापस कुशवाहा, अजय, सौरभ का मार्गदर्शन रहा। इसके साथ ही छात्र हर्ष, गन्धर्व, गर्व, अंश तथा अद्भुत, भव्य व अनय ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस जन्माष्टमी के पवन उत्सव पर विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष विपिन ने छात्रों और अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा इस प्रकार के आयोजन अपने संस्कारों एवं भारतीयता को प्रदर्शित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अभिभावक गण एवं छात्र उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में भक्ति और आनंद का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।



# राज्य निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्हः डॉ. प्रतिमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि उत्तराखंड राज्य में सम्पन्न हुए पंचायत चुनाव में राज्य निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह लगा है।

जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम प्रधान सीटों के आरक्षण भी मनमाने तरीके से करने के बाद जिस प्रकार जिला पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया वह जग जाहिर हो चुका है।

कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 प्रतिमा सिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय नैनीताल की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल को पड़ी कडी फटकार ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा ने जिला पंचायत चुनावों में किस हद तक पुलिस प्रशासन एवं निर्वाचन आयोग का दुरूपयोग किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले से ही आशंका व्यक्त कर रही थी कि भारतीय जनता पार्टी पंचायतों में सत्ता के बल पर ऐनकेन प्रकारेण कब्जा करना चाहती है। जिला पंचायत चुनाव में जिस प्रकार नैनीताल में सदस्यों को खुले आम अगवा किया गया तथा द्वाराहाट में बाहुबल का प्रयोग किया गया उसे स्वस्थ लोकतंत्र में कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि टिहरी, रूद्रप्रयाग, नैनीताल एवं द्वाराहाट में हुए प्रकरण तथा नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापडी, विधायक सुमित हृदयेश तथा पूर्व विधायक संजीव आर्य के साथ हुई अभद्रता के लिए सरकार को राज्य की जनता से क्षमा मांगनी चाहिए।

# 'एक शाम देश के नाम' कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, इंटेलेक्चुअल्स फाउंडेशन ने अपने कार्यालय 1-इंदर रोड पर "एक शाम देश के नाम" सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें श्रृंखला म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों ने देशभक्ति गीतों से वातावरण को देशप्रेम की भावना से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष डॉ. फारूक और रिटायर्ड ब्रिगेडियर के. जी. बहल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

श्रृंखला म्यूजिकल ग्रुप के पियूष निगम ने देशभक्ति गीत भारत का रहने वाला हूँ, भारत की बात सुनाता हूँ गाकर संध्या का शुभारंभ किया।



मनीषा आले की वंदे मातरम की प्रस्तुति अत्यंत भावपूर्ण रही।

वहीं रितिका अग्रवाल की "ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आँख में भर लो पानी" ने सभी को भावुक कर दिया।

कार्यक्रम में फिल्म निर्माता पदम सिंह चौहान, वरिष्ठ पत्रकार गोपाल सिंघल, मुकेश हांडा, कृष्णा शर्मा, गायक संदीप सिंह, संजीव वर्मा, ज्योति, सांध्य काला आदि मौजूद रहे।

# जनसुनवाई कार्यक्रम, 33 शिकायतें दर्ज, 12 का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जनपदवासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में 33 लोगों द्वारा अपनी समस्याएं दर्ज कराई गई जिसमें 12 समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया शेष समस्याओं हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में पार्षद आकर्षिक शर्मा ने ज्वालापुर स्थित जतलेश्वर महादेव मंदिर के समाने भूमि पर अवैध तरीके से हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए शिकायत की गई। ग्राम प्रधान रेशमा जहां ने ग्राम दादुपुर के मुख्य मार्ग पर दुकानदारों एवं कबाड़ियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई साथ ही ग्राम दादूपुर गोविंदपुर में रॉयल गेस्ट हाउस के सामने दादूपुर सलेमपुर को



जोड़ने वाले जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर बारिश के कारण हो रहे कटाव रोकने को लेकर शिकायत की गई। पंकज कुमार निवासी ग्राम अन्नेकी ने ग्राम प्रधान अन्नेकी हेतमपुर द्वारा फर्जी मार्कशीट के आधार पर चुनाव जीता है इसीलिए जांच कर आवश्यक करवाई की मांग की गई। मास्टर अजीम ने दरगाह की साबरी मस्जिद की मरम्मत तथा रंग रोगन के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। राव शाबान निवासी सलेमपुर महादूद ने खाले के पुल से धोबी घाट तक स्कूल तक सड़क निर्माण को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। साईं धाम कॉलोनी वासियों द्वारा नाला पटरी को अतिक्रमण मुक्त करवाने को लेकर आवश्यक करवाई की मांग की गई। ईशान इंपीरियल सोसाइटी द्वारा अपने परिसर में मंदिर निर्माण के लिए प्रार्थना पत्र दिया।महिपाल सिंह ग्राम अन्नेकी हेतमपुर ने अपनी भूमि की पैमाईश कराएं जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में जनता द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई जा रही है उन समस्याओं को त्वरित एवं समयबद्धता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिये। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि एल 1 एल 2 पर जो भी शिकायतें लंबित है उन शिकायतों का तत्परता से निस्तारण करना सुनिश्चित करे, इसमें किसी भी प्रकार से 180 दिन की एक भी शिकायत नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान डीएम ने राशन कार्ड का सत्यापन ठीक ढंग से करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके सिंह, सचिव एचआरडीए मनीष सिंह, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, परियोजना निर्देशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश ,जिला अर्थ संख्या आधिकारी नलिनी ध्यानी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत सहित जिला स्तरीय सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति ने अवै. प्लाटून कमांडर शिव कुमार को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तराखंड होमगार्ड के अवै० प्लाटून कमांडर शिव कुमार और



वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी होमगार्ड रेखा पांडेया, निरीक्षक होमगार्ड रविंद्र प्रसाद को राष्ट्रपति ने सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया है। सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित पुलिस कर्मी जनपद हरिद्वार में तैनात हैं। हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित पुलिसकर्मियों को उनकी सेवा और समर्पण के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# यूसीसी पंजीकरण में अब तक 80 हजार आवेदन, विभागीय रिपोर्टिंग में भिन्नता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में यूनिफॉर्म सिविल कोड क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंजीकरण की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया।

बैठक में अधिकारियों को अवगत कराया गया कि अब तक लगभग 80 हजार पंजीकरण आवेदन उप-पंजीयकों को प्राप्त हुए हैं। ये आवेदन मुख्यत: व्यक्तियों को प्रेरित कराए जाने से प्राप्त हुए हैं, जबकि विभागीय स्तर पर प्रेरित किए गए आवेदनों की ऑफलाइन रिपोर्टिंग में अंतर पाया जा रहा है। इस कारण यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि किस विभाग ने कितना कार्य किया है।

सीडीओ ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे केवल अपने कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों की ही रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि वास्तविक प्रगति का आकलन किया जा सके। साथ ही, डीपीओ (बाल विकास) एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी को संयुक्त रूप से कार्य करने और जिला पूर्ति अधिकारी को अपने सभी कार्मिकों का पंजीकरण अगले दो दिनों में पूर्ण कराने के आदेश दिए गए। इसके अतिरिक्त, डीपीआरओ (जिला पंचायत राज अधिकारी) को ग्राम प्रधानों के माध्यम से जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, डीपीआरओ एवं जिला शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बाबा गरीब शाह का उर्स और बाबा नौबत अली शाह की बरसी मनाई गई

**दरगाह पर चादरपोशी और फातिहाख्वानी, अमन-चैन की दुआएं की गई महफिल-ए-शमा में सूफियाना कलाम से बंधा समां**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर के बकरा मार्केट स्थित दरगाह हजरत बाबा गरीब शाह रहमतुल्लाह अलैह पर सोमवार को सालाना उर्स और बाबा नौबत अली शाह की बरसी अकीदत के माहौल में मनाई गई। सुबह से ही अकीदतमंदों का दरगाह पर तांता लगा रहा। दरगाह पर चादरपोशी और फातिहाख्वानी की गई। अकीदतमंदों ने मुल्क में अमन, चौन और तरक्की की दुआएं मांगी।

खादिम बाबा मोहर्रम अली शाह और सदर अजीज खान उर्फ पप्पू की देखरेख में उर्स का आगाज हुआ। फातिहाख्वानी के बाद लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों अकीदतमंदों ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम महफिल-ए-शमा का आयोजन हुआ। इसमें मशहूर कव्वालों ने सूफियाना कलाम और कव्वालियां पेश कर ऐसा समां बांधा कि अकीदतमंद देर रात तक झूमते रहे। दरगाह के खादिम बाबा मोहर्रम अली शाह ने कहा कि



दरगाहें हमेशा मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम देती हैं। यहां सभी मजहबों के लोग आते हैं और सिर झुकाकर दुआ मांगते हैं। यही दरगाहों की सबसे बड़ी ताकत है कि वे इंसानियत और एकता का सबक देती हैं। इस मौके पर मिलाद खां कादर खान, मजनू अली शाह, गाजी मियां, गोपाल दास, सोनू बाबा, दीपक, ईमान अली बाबा, शाहरुख, यूसुफ गौड़, तस्लीम, प्रवेज, शाहबाज समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद कुलदीप विश्नोई ने दी ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पुत्र पूर्व सांसद कुलदीप विश्नोई एवं उनकी पत्नी पूर्व विधायक रेणुका विश्नोई ने भीमगोड़ा स्थित श्री विश्नोई आश्रम पहुंचकर आश्रम के परमाध्यक्ष ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सांसद कुलदीप विश्नोई ने कहा कि स्वामी राजेंद्रानंद का समूचा जीवन समाज ओर देश को समर्पित था। उन्होंने जीवन पर्यंत विश्नोई समाज को धर्म का मार्ग बताकर गौ सेवा करने के लिए जागरूक किया। उनके बताए मार्ग पर चलकर विश्नोई समाज ने देश विदेश में अपनी अलग पहचान बनाई। स्वामी राजेंद्रानंद महाराज के अचानक ब्रह्मलीन होने से समाज को गहरा आघात लगा है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन गौ ऋषि स्वामी राजेंद्रानंद ने अपने जीवन



काल में सनातन धर्म संस्कृति को मजबूत करने के लिए हजारों श्रीमद भागवत एवं गौ कथा श्रवण कराकर समाज को गौ माता के प्रति समाज उदारवादी बनाया और गौ माता की सेवा में लगाया। सभी को उनके बताए मार्ग पर चलकर गौ सेवा को निरंतर बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानन्द महाराज के शिष्य प्रणवानंद महाराज, जयानंद, अमृतानंद,, स्वामी रमतानंद, राघवानंद, प्रभुतानंद, नरेशानंद, जगदेवानंद, विश्वंभरानन्द, स्वामी सर्वानंद, गोविंद शरणानंद, विश्वात्मानंद, गजानंद, सागरानंद, शतानंद, स्वामी गोविंद शरणानंद सहित सैकड़ों संत मौजूद रहे।

## सडक दुर्घटना में बाइक सवार दम्पति की मौके पर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** बहादराबाद हाईवे पर ट्रक ने बाइक सवार को दम्पति को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही पति दीपक उम्र 45 वर्ष, पत्नी कमलेश उम्र 42 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौका देखकर फरार हो गया। यह घटना सुबह 5:30 बजे की बताई जा रही है। पति-पत्नी किसी काम से ज्वालापुर से रुड़की जा रहे थे। जिनका बहादराबाद के पास हाईवे पर एक्सीडेंट हो गया। बताया जा रहा है कि पहले यह पति-पत्नी नेशनल आईटीआई के पास बोंगला में रहते थे अब यह ज्वालापुर लाल मंदिर के पास अपना निजी मकान बनाकर रह रहे थे। यह पति-पत्नी मूल रूप से गांव सादपुर रेहानाकला जिला मुजफ्फरनगर के रहने वाले थे। सूचना पर पहुंची बहादराबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिय जिला अस्पताल दिया है और उनके रिश्तेदारों को सूचना दे दी गई।

# विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है सनातन धर्म : श्रीमहंत रामशरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़े के महामंत्री श्रीमहंत रामशरण दास महाराज ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। बैरागी कैंप स्थित श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़े में संतों की बैठक के दौरान श्रीमहंत रामशरण दास महाराज ने कहा कि संत समाज ने हमेशा ही समाज का मार्गदर्शन करने में मुख्य भूमिका निभायी है। समाज में धर्म और अध्यात्म का प्रचार कर लोगों को सद्मार्ग पर अग्रसर करना संत समाज का मुख्य कार्य है। श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के साथ समरता का वातावरण बनाने और हिंदू समाज को सांस्कृतिक रूप से एकजुट करने में प्रमुख निभा रहा है। उन्होंने कहा कि 2027 में होने वाले हरिद्वार कुंभ मेले में अखिल भारतीय वैष्णव अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत राजेंद्रदास महाराज के नेतृत्व में सभी वैष्णव अखाड़े एकजुट होकर धर्म प्रचार करने के साथ कुंभ मेले को दिव्य व भव्य रूप से संपन्न कराएंगे। बैठक में महंत रामदास, महंत गोविंददास, महंत रामजी महाराज, महंत लंकेश दास, महंत अमित दास सहित कई संत महंत मौजूद रहे।

# कपिल विश्नोई चुने गए बस स्टैंड ऑटो चालक मालिक समिति के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ऑटो चालक मलिक समिति बस स्टैंड के चुनाव में कपिल विश्नोई अध्यक्ष चुने गए हैं। सोमवार को चुनाव अधिकारी पार्षद दीपक शर्मा, पार्षद सत्यनारायण शर्मा, राजू मनोचा की देखरेख में संपन्न हुए चुनाव में 68 मतदाताओं में 52 ने मतदान किया। मतगणना में कपिल विश्नोई को तथा प्रमोद कुमार को 11 वोट मिले। जबकि 2 वोट रद्द किए। कपिल विश्नोई 28 वोटों से विजयी घोषित हुए। तीनों चुनाव अधिकारियों ने विजयी प्रत्याशी कपिल बिश्नोई को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी, वाहन महासंघ महामंत्री नवीन तेश्वर, ( रेलवे स्टेशन ऑटो यूनियन के अध्यक्ष रवि शर्मा, संजीव चतुर्वेदी, बस स्टैंड



ई रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष परविंदर पंडित, पूर्व अध्यक्ष रेलवे स्टेशन लालचंद, हंसिजा, प्रेम गुप्ता, अश्वनी, प्रदीप, सचिन, सोनू, मुकेश आदि समेत समस्त यूनियन के चालकगण व मलिक उपस्थित रहे।




# 533 ग्राम चरस के साथ युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने नशायुक्त अभियान के अंतर्गत एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अवैध चरस लेकर बेचने के लिए जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत रविवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा क्षेत्र में अवैध चरस की तस्करी की सूचना मिली थी जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने अम्बुवाला भट्टा तिराहा बहादरपुर मार्ग पर चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस तलासी में आरोपी के पास से लगभग 533 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम राकेश कुमार 31 वर्ष पुत्र देवेंद्र राम निवासी ग्राम गलाथी



थाना धारचूला पिथौरागढ़ बताया आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक व्यक्ति को 533 ग्राम अवैध चरस के साथ पकड़ा आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। नशा तस्करी करने वालो को किसी भी सूरत में बक्शा नही जाएगा।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती से शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगायी है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू दी है। पुलिस के अनुसार पथरी क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के



साथ शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का मामला सामने आया है। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सालों से भगवानपुर निवासी सचिन कस्यप पुत्र फकीर चंद ने मेरे साथ शादी का झांसा देकर बार बार दुष्कर्म किया है। पीड़िता ने युवक को शादी के लिए कहा तो युवक ने शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जाँच की जा रही है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## दो पक्षों के झगड़े में पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव शेरपुर में मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने एक पक्ष की ओर से दो नाम जद व चार पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सुनील कुमार पुत्र रघुवीर सिंह ने तहरीर देकर बताया सूरज पुत्र चरण सिंह, नन्हे उर्फ प्रवीण पुत्र राकेश निवासी भुवापुर एव चार पांच अज्ञात लोगों को साथ लेकर धारदार हथियार लेकर मेरे साथ मारपीट की शोरसरबा सुनकर आसपास के लोग आ गए जिन्हें देखकर मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने दो नामजद व चार पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया दो पक्षो में झगड़े के मामले में एक पक्ष की ओर से दो नामजद व चार पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाकियू टिकैत ने किया 21 को ऊर्जा भवन पर धरना प्रदर्शन का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि किसानों की सात सूत्रीय मांगों को लेकर 21 अगस्त को राजधानी देहरादून में ऊर्जा भवन पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संजय चौधरी ने कहा कि स्मार्ट मीटर किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को वापस लिया जाए। ट्यूबवेल के लिए बिजली मुफ्त प्रदान की जाए। गन्ना मूल्य का 500 रूपए कुंतल निर्धारित किया जाए। पहाड़ में चकबंदी की जाए एवं जंगली जानवरों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। पहाड़ के किसानो को होम स्टे योजना का लाभ दिया जाए। पहाड़ी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार पूरे देश मैं जैविक केंद्र




खोले जाएं। किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए नेचुरल माल्टा, बुरांस आदि पेय पदार्थो की फैक्ट्री लगायी जाए। संजय चौधरी ने मांग की कि जनपद उधम सिंह नगर के किसानों की जमीनों के विवाद का समाधान किया जाए एवं धान क्रय केंद्र समय पर खोले जाएं। ट्रैक्टर व मोटर साइकिल पर 15 साल की समय सीमा को खत्म किया जाए। संजय चौधरी ने कहा कि सरकार किसानों को लेकर गंभीर नहीं है। सरकार को चेताने के लिए 21 अगस्त को विशाल स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। मनोज सोहीं ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति खराब है। सरकार को गंभीरता से किसानों की मांगों का संज्ञान लेना चाहिए। स्मार्ट मीटर से आने वाले बिलों को लेकर किसानों एवं लोगों में भय बना हुआ है। स्मार्ट मीटर योजना को वापस लिया जाए और ट्यूबवेल के लिए बिजली फ्री की जाए। जिससे किसान अपनी फसलों की सिंचाई अच्छे तरीके से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि देश का अन्नदाता खुशहाल होगा तो देश तरक्की की ओर बढ़ेगा। प्रैसवार्ता में कर्म सिंह, सरदार जीतू सिंह, विजय शास्त्री, सरदार सुरेंद्र सिंह, खालसा कलम सिंह, रवि कुमार, रामपाल सिंह, हरेंद्र सिंह, अरविंद राठी, गुरदीप सिंह आदि शामिल रहे।

# भेल कारखाने की सुरक्षा संदेह के घेरे में?

## भेल में एक बार फिर लाखों रुपये की चोरी का मामला आया सामने

**चोरी की रिपोर्ट आखिर दर्ज क्यों नहीं की गई ? भेल कारखाने से पूर्व में भी करोड़ों की हुई थी चोरी**

**डी.एस. वर्मा**

**हरिद्वार।** भेल कारखाने में लाखों की चोरी का मामला प्रकाश मे आया। है। जिसको भेल के अधिकारी दबाने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच भेल की श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधियों ने नाराजगी जताते हुए भेल की सुरक्षा पर संदेह किया है और भेल महाप्रबंधक (ईएम ग्रुप) एन.एस. राना से मुलाकात कर चोरी का खुलासा करने की मांग की।




वहीं, भेल कारखाने की चाकचौबंद सुरक्षा सीआईएसएफ जैसी एक अच्छी फोर्स के हाथों मे होने के बावजूद बार बार चोरी होने पर नाराजगी भी प्रकट की है। गौरतलब है कि भेल कारखाने की सुरक्षा व्यवस्था सीआईएसएफ द्वारा की जा रही है। फिर भी यह दूसरा मौका है जब भेल कारखाने से लाखों रुपये कीमत की 14 कॉपर रॉड चोरी कर भेल कारखाने से बाहर दीवार से सटे जंगल मे पड़ी मिली बताया गया है। सूत्रों के मुताबिक एक रॉड का वजन लगभग 55 किलो बताया गया है। यह रॉड सीएसआईएफ की दैनिक गश्त के दौरान मिली है। गत सप्ताह सीआईएसएफ को झाडियों मे दो तांबे की रॉड पड़ी दिखाई दी थी। उसके पश्चात सीआईएसएफ ने सर्च अभियान चलाकर 12 अन्य तांबे की रॉड बरामद की है। जिसकी सूचना सीआईएसएफ ने भेल प्रबंधन को दे दी है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक भेल प्रबंधन ने चोरी की पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। अब यह प्रश्न उठता है कि इतनी भारी तांबे की रॉड भेल की बाउंड्री से बाहर कैसे आई? प्रारंभिक जांच में भेल कारखाना प्रबंधन ने कॉपर की रॉड को अपना नहीं बताया था। जबकि सूत्रों के मुताबिक यह तांबे की रॉड भेल कारखाने ब्लॉक-1 के जेनरेटर सेट निर्माण, डिटेल असेंबली में इस्तेमाल की जाती है। लेकिन विडंबना है कि ब्लॉक-1 प्रभारी इन कॉपर की रॉड को अपना नहीं बता रहे है। अब बात सेंट्रल स्टोर पर आकर अटक रही है, क्या सेंट्रल स्टोर में इसका कोई रिकार्ड मौजूद नहीं या फिर अधिकारियों की लापरवाही है कि वह अपने सामान की गिनती नहीं करती या रख रखाव नहीं कर पा रहे है। किसी भी अधिकारी के पास इस बावत कोई जबाब नही है। जैसे सेंट्रल स्टोर में कितनी रॉड इस्तेमाल हो चुकी है और कितनी खरीदी गई। पूर्व में भी सेंट्रल स्टोर से बेश कीमती सफेद धातु की भारी भरकम कई शीट चोरी हो गई थी जिनकी बजरी कीमत करोड़ों रुपए बताई गई थी। इस मामले मे पुलिस ने चोर और कुछ माल भी बरामद किया था। अब पुनः सेंट्रल स्टोर से तांबे की रॉड की चोरी होना एक बड़ा सवाल है? उससे भी बड़ा सवाल है चोरी की रिपोर्ट न लिखवाना।


**ITC LIMITED, FOODS DIVISION, HARIDWAR**

**Invitation to participate in e - auction for sale of Plastic & Non-Plastic Scrap materials from ITC Limited – Foods Division, Haridwar. The auction shall be carried out by A-One Salasar Pvt. Ltd. Detailed catalogue containing terms & conditions as well as list of items can be obtained during the site visit or can be taken from A-One Salasar Pvt. Ltd.**

**Name of some of the items are mentioned below:**

**Biscuits & Cakes Plant:** 1. Biscuit Dust (grinded) 2. Dough Waste 3. Cake Waste 4. Shredded Laminate Waste 5. Poly Waste 6. CFC & Carton Waste 7. Plastic Bags 8. Plastic Drums 9. Maida Dust 10. Plastic Buckets etc.

**Chocolates Plant:** 1. Chocolate Waste 2. Choco Cream 3. Shredded Laminate Waste 4. Plastic Bags 5. CFC & Carton Waste 6. Plastic Drums 7. Iron Waste 8. Plastic Buckets 9. SS Waste 10. Cocoa Powder 11. Coffee Waste 12. Glass Jar Waste etc.

**Snacks & Noodles Plant:** 1. Shredded Laminate Waste 2. Poly Waste 3. Plastic Bags 4. Plastic Drums 5. Seasoning Brown Bag 6. Torn Plastics Bags 7. Pallet Waste

**Note - All the material covered in auction are "Unfit for Human Consumption".**

**Key terms & conditions –**

- Interested parties holding valid statutory approvals such as PF, ESI, GST Registration, PAN as well as relevant approvals (only for plastics scrap) from State Pollution Control Board and registered under EPR Portal of CPCB are invited to participate in the e-auction.
- Bidder needs to deposit EMD for participating in the e-auction. Unit wise details of EMD as well as security deposit has been detailed in the e-auction catalogue. Last date for submitting EMD is 26.08.2025. Security deposit is to be furnished by the finalised customer.
- Scrap can be inspected till 25.08.2025 between- 2 PM to 5:30 PM at our factory situated at Plot No. 1 and 2, Sector 11, IIE - SIDCUL, Haridwar 249403 (U.K.)
- The bids shall be considered for a contract up to one Year starting from 19thSept 25.
- All applicable taxes shall be charged extra on the quoted rates and are to be borne by the buyer.
- E-Auction will be conducted by A-One Salasar Pvt. Ltd on 28.08.2025
- Contact details of A-One Salasar Pvt. Ltd. is - 7208088452

**Mail ID: sales@salasarauction.com**


**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग हरिद्वार (उत्तराखण्ड)**

शिकायत सं0 - 52/2025

श्री विनय कुमार बनाम फूल थोरोटल ऑटो एल0एल0पी0 व अन्य।

विपक्षी - मोर एण्ड संस ऑटोमोबाईल 2435/1, कोतवाली रोड, स्वागत पैलेस के सामने आर्यनगर, ज्वालापुर-249407 प्रोपराईटर।

उपरोक्त शिकायत में विपक्षी पर पंजीकृत नोटिस भेजा गया परन्तु तामिल पर्याप्त नहीं हो सकी। अत: इस नोटिस का प्रकाशन इस आशय से कराया जा रहा है कि विपक्षी उपरोक्त शिकायत सं0-52/2025 में जवाब/सुनवाई स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रात: 10:30 बजे दिनांक 10-09-2025 को इस जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार में उपस्थित होकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। यदि आप नियत तिथि को न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते है और न ही जवाब दाखिल करते है तो उपरोक्त शिकायत में आपकी अनुपस्थिति अंकित करते हुए सुनवाई उपरान्त एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा तथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। आज दिनांक 14-08-2025 को उक्त नोटिस जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार की मुद्रा से जारी किया गया।

**अध्यक्ष**
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरिद्वार


हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# डीएम गढ़वाल ने बेस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

**डीएम ने जरूरी जीवन रक्षक दवाइयों का ब्योरा चेक किया**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** जिलाधिकारी गढ़वाल स्वाति एस भदौरिया ने सोमवार को श्रीनगर स्थित बेस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और आवश्यक सुधार हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान डीएम सबसे पहले ओपीडी पंजीकरण काउंटर पहुँचीं, जहाँ उन्होंने मरीजों के पंजीकरण की प्रक्रिया एवं समय पर मिलने वाली पर्ची की व्यवस्था को देखा। इसके बाद उन्होंने विभिन्न ओपीडी कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष, एक्स–रे, एमआरआई सेक्शन तथा इमरजेंसी वार्ड का भी निरीक्षण किया। इमरजेंसी वार्ड में जिलाधिकारी ने वहाँ रखी जाने वाली जरूरी जीवन रक्षक दवाइयों का ब्योरा चेक किया। साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों से मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता और उपचार की समय–सीमा के बारे में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों के ठहरने की समस्या पर भी चर्चा की। उन्होंने रेन बसेरे की स्थिति की जानकारी ली और एसडीएम को रेन बसेरे का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को शव वाहन (डेड बॉडी वेन) की व्यवस्था करने का आश्वासन भी दिया, ताकि आकस्मिक स्थिति में मरीजों के परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर एसडीएम नुपुर वर्मा, डॉ. अजेय विक्रम सिंह, डॉ. सतीश कुमार, डा. मोहित कुमार,अनिल उनियाल सहित अस्पताल के कर्मचारी मौजूद रहें।

## यूजीवीएनएल द्वारा शक्ति नहर पर कराए गए कार्य पहली बरसात में हुए धराशाई: विकास

**विकासनगर।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने यूजीवीएनएल द्वारा शक्ति नहर पर 1 वर्ष पूर्ण कराए गए कार्य पहली बरसात में ही धराशाई होने पर हैरानी जताई है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य किए गए थे उनको सभी विभागों में ब्लैक लिस्ट किया जाए और जिन देख रेख में कार्य संपन्न किए गए थे उन्हें तत्काल सरकार निलंबित किए जाने की मांग की है। कहा उन्होंने 1 वर्ष पूर्वी मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए कहा था की कार्य गुणवत्ता युक्त नहीं हो रहे हैं सिर्फ कार्यों पर लीपापोती की जा रही है। उन्होंने इन कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

# नालूपानी में अवरूद्ध गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए हुआ बहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले में भारी वर्षा के चलते हुए भूस्खलन से गंगोत्री हाईवे तीन दिनों के आवाजाही बहाल हुई है है। इस कारण आवश्यक सेवा से जुड़े दूध, सब्जी, ईंधन व समाचार पत्र के वाहन भी दिनभर फंसे रहे। गौरतलब है कि सामरिक महत्व के इस हाईवे की बहाली को लेकर बीआरओ की लापरवाही भी देखने को मिली।

जनपद में हो रही लगातार बारिश और भूस्खलन से गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरासू के निकट नालूपानी में मार्ग अवरूद्ध हो जाने के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित थी। उक्त स्थान से मलबा और बोल्डर हटाने के लिए बीआरओ तथा पीडब्ल्यूडी द्वारा निरन्तर कार्य किया जा रहा था।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने सोमवार को अवरूद्ध हुए मार्ग का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और इस दौरान पीडब्ल्यूडी एवं बीआरओ के अधिकारियों को सड़क खोलने और जल्द से जल्द यातायात सुचारू करने के निर्देश दिए गए।

अवरूद्ध मार्ग को खोलने के लिए तीन पॉकलेन मशीन और एक जेस. ीबी मशीन लगातार कार्य में लगी थी। मार्ग में पहाड़ से मलबा और दो बड़े बड़े बोल्डर आने से पैदल आवाजाही भी पूरी तरह बाधित थी। कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग खुलने से नाल. ूपानी में अवरूद्ध मार्ग के दोनों तरफ फंसी गाड़ियों को जिलाधिकारी की उपस्थिति में निकला गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने हाईवे खुलने का इंतजार कर रहे लोगों से वार्ता कर उनका हालचाल जाना।

जिलाधिकारी ने कहा बरसात के मौसम में भूस्खलन से अवरूद्ध हुए मार्गों को खोलना चुनौतीपूर्ण होता है। प्रशासन प्राथमिकता और पूरी प्रतिबद्धता के साथ मार्गों को बहाल करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

**चड़ेती–भटवाड़ी के बीच भी हाईवे बंद**

भटवाड़ी–चड़ेती के बीच भी भूस्खलन से भी गंगोत्री हाईवे बंद है। यहां भूस्खलन के चलते हाईवे पर दलदल की स्थिति बन गई है। दोपहिया वाहन किसी तरह जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं। वहीं, पापड़गाड से आगे भी हाईवे पर दरारें पड़ने व भूघंसाव की सूचना है, जिससे भटवाड़ी से गंगनानी के बीच गंगोत्री हाईवे पर फिर संकट उत्पन्न हो गय।

## 19 अगस्त को गैरसैंण में विधानसभा मनसून सत्र का अयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**19 अगस्त 2025 से गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में विधानसभा मानसून सत्र 2025 का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा सत्र को सुव्यवस्थित, सफल व शांतिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के लागू कर दी गई है। यह आदेश 19 अगस्त 2025 प्रात 6 बजे से 22 अगस्त 2025 सायं 5 बजे तक प्रभावी रहेगा।

उप जिलाधिकारी/परगना मजिस्ट्रेट गैरसैंण सोहन सिंह रांगड़ द्वारा जारी आदेशानुसार विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की धरना–प्रदर्शन, जुलूस, नारेबाजी, बगैर अनुमति सभा, सुरक्षा बैरियर तोड़ने, लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, हथियार लाने, उत्तेजक भाषण, पोस्टर–बैनर या सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह व भड़काऊ संदेश फैलाने जैसी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान कोई भी व्यक्ति या समूह ऐसे कार्य नहीं करेगा, जिससे कानून व्यवस्था भंग हो या शांति व्यवस्था में बाधा पहुँचे।

यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी।

# सामान्य वार्तालाप में करें हिंदी का ही प्रयोग: शैलेंद्र

**टीएचडीसीआईएल के मुख्यालय में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 40वीं अर्द्धवार्षिक बैठक मुख्य महाप्रबंधक डॉ. अमरनाथ त्रिपाठी ने बैठक में एम्स निदेशक समेत संस्थानों के प्रति. निधियों का किया स्वागत**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के ऋषिकेश स्थित मुख्यालय में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की 40वीं अर्धवार्षिक बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता नराकास अध्य्यक्ष एवं टीएचडीसी के निदेशक कार्मिक शैलेन्द्र सिंह ने की। समिति के सदस्य्य संस्थ्थानों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों के साथ ही राजभाषा अधिकारी शामिल हुए।

रसमंजरी भवन में सीएमडी आरके विश्नोई की निगरानी में आयोजित बैठक में निदेशक कार्मिक शैलेंद्र सिंह और मुख्य महाप्रबंधक डॉ. अमरनाथ त्रिपाठी ने बैठक में एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह, एनआईएच रूड़के निदेशक डॉ. वाई आरएस रावत और राजभाषा विभाग के उपनिदेशक छबिल मेहेर का स्वागत किया। बैठक के दौरान पुरस्कार वितरण समारोह में समिति के भी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने नराकास के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। नराकास की वार्षिक पत्रिका 'ज्ञान प्रकाश' के 13वें अंक, टीएचडीसी की राजभाषा पत्रिका 'पहल' के साथ ही केंद्रीय विद्यालय व एसएसबी श्रीनगर की छमाही पत्रिका 'वागिशा' के प्रथम अंक का भी विमोचन किया। नराकास सचिव पंकज कुमार शर्मा द्वारा नराकास हरिद्वार की ओर आयोजित गति. विधियों एवं राजभाषा से संबंधित नवीनतम जानकारियों से अवगत कराया गया। उन्होंने राजभाषा हिंदी की प्रगति की अर्धवार्षिक रिपोर्ट की समीक्षा भी की। चर्चा सत्र में सदस्य्य संस्थ्थानों के प्रमुख एवं प्रतिनिधियों ने अहम सुझाव भी दिए। वहीं, अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने इसी माह सेवानिवृत्ति होने के कारण उन्हें विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। सदस्य्य संस्थ्थानों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों का सहयोग के लिए आभार भी जताया। भारत के अधिकतर लोगों की भाषा हिंदी है। हम हिंदी में ही अपनी बात को प्रभावशाली ढंग से रख सकते हैं और हिंदी में बोली जाने वाली बात सबकी समझ में आ जाती है। हिंदी अपने भावों एवं विचारों को व्यक्त करने का सरल एवं सहज माध्यम है। लिहाजा, सामान्य वार्तालाप और घरों में हिंदी में ही बात करने पर जोर दिया।

**एक नजर .......**

## आरटीई से वंचित बच्चों को प्रवेश दिलाने की मांग

**श्रीनगर।** नगर निगम पार्षदों ने निर्धन बच्चों को आरटीई के तहत प्रवेश दिलाने की मांग की है। पार्षद संदीप रावत, विजय चमोली, सुरेंद्र कुमार व सुमित बिष्ट ने उपजिलाधिकारी श्रीनगर के माध्यम से शिक्षामंत्री को ज्ञापन भेजकर कहा कि कई स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण न होने से गरीब बच्चों का प्रवेश अटका है। उन्होंने शिक्षामंत्री से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है ताकि वंचित बच्चों को आरटीई का लाभ मिल सकें।

## अलकनंदा नदी किनारे कूड़ा फेंकने पर जिलाधिकारी सख्त

**श्रीनगर।** नगर निगम की सफाई व्यवस्था में लगे ठेकेदार द्वारा शहर का एकत्र कूड़ा अलकनंदा नदी किनारे डंप किए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। कूड़ा फेंकते हुए एक वीडियो वायरल होने पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त को कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बीते सप्ताह से नगर निगम क्षेत्र में नई सफाई व्यवस्था लागू की गई थी। इसके तहत 12 कूड़ा वाहन और 80 सफाईकर्मी 40 वार्डों से कूड़ा एकत्र कर स्थायी ट्रेंचिंग ग्राउंड में डालने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन ठेकेदार द्वारा कचरा सीधे नदी किनारे फेंका जा रहा है, जहां न तो चाहरदीवारी है और न ही कचरे को नदी में बहने से रोकने के उपाय। सोमवार को श्रीनगर पहुंची जिलाधिकारी ने साफ कहा कि गंगा और अन्य नदी किनारों पर कूड़ा फेंकना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। नियम तोड़ने वालों पर चालानी व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता** विकासनगर। कोतवाली विकासनगर क्षेत्र की एक युवती ने पड़ोस के युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि परिजनों ने उनका निकाहनामा भी बनवाया था, लेकिन अब उसे मानने से इनकार कर रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के बाद युवक और उसके परिजनों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल विनोद गुसाईं ने बताया कि क्षेत्र की युवती ने तहरीर दी है। बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले सलीम पुत्र नजर से तीन साल पहले उसकी दोस्ती हुई थी। तब वह नाबालिग थी। दोनों की दोस्ती के बारे में सलीम के माता–पिता को भी जानकारी थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि जब वह बालिग हो जाएगी तो दोनों का निकाह करा दिया जाएगा। आरोप लगाया कि एक दिन वह घर में अकेली थी। आरोपी सलीम उसके घर में घुसा और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने एक दिन और घर में आकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद जब उसने सलीम को शादी करने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। धमकी दी कि पुलिस से शिकायत की तो उसे और उसके परिवार को जान से मार देंगे। बताया कि सलीम के परिजनों ने उसका और सलीम का निकाहनामा बनाया था। जिसे मानने के लिए अब वह मना कर रहे हैं। कोतवाल ने बताया कि शिकायत पर सलीम और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विधायक पुंडीर ने शहीद संदीप थापा की शहादत को किया सलाम

**विकासनगर।** तेलपुरा–अटकफार्म में शहीद संदीप थापा की शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर लोगों ने उनकी शहादत को नमन किया। विधायक सहदेव पुंडीर ने शहीद के पिता को शॉल ओढ़ाकर उनके बेटे की शहादत का सलाम किया। विधायक ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में उत्तराखंड के वीर सपूतों का सबसे बड़ा योगदान है। सेना के प्रत्येक ऑप्रेशन में उत्तराखंड के सपूत शामिल रहते हैं। उन्होंने कहा कि देश के वीर सपूतों और उन सपूतों को जन्म देने वाले माता–पिता को नमन करना प्रत्येक देशवासी का धर्म है। कहा जिन माता–पिता ने अपने सपूतों को देश की रक्षा के लिए बलिदान किया है, उनकी जरूरतों का ध्यान रखना व उन्हें सम्मान देना प्रत्येक देशवासी को नैतिक दायित्व है। कहा कि सीमाओं पर तैनात जवानों की वजह से देशवासी आराम की जिंदगी जी रहे हैं। हमें खतरों से बचाने के लिए सेना के जवान अपनी जीवन का बलिदान करते हैं। उनके बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता है। इस दौरान शहीद के पिता भगवान थापा, सुखदेव, यशपाल नेगी, कैलास चौहान, मदन मोहन खंतवाल, बह बहादुर थापा, हनुमंत रावत, प्रणव क्षेत्री आदि मौजूद रहे।

# ट्राली खराब होने से ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित

**अगस्त्यमुनि–चाका मार्ग पर बनी ट्राली हुई खराब, पैदल मार्ग पर हो रहा भूस्खलन, आये दिन ग्रामीणों की दूध–सब्जी हो रही खराब, कई वर्षों से ग्रामीण कर रहे अगस्त्यमुनि से चाका के लिए पुल की मांग,**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** अगस्त्यमुनि–चाका मार्ग पर बनी ट्रॉली खराब हो जाने से ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी पूरी तरह ठप हो गई है। मंदाकिनी नदी के किनारे बने पैदल मार्ग पर भूस्खलन आने से स्कूली बच्चे, दूध सब्जी बेचने वाले ग्रामीण जान हथेली पर लेकर अगस्त्यमुनि आ रहे हैं। वहीं सड़क मार्ग भी गंगानगर के पास बार–बार अवरूद्ध होने से ग्रामीणों की दूध–सब्जी आये दिन खराब हो रही है।

अगस्त्यमुनि के ठीक सामने मन्दाकिनी नदी के पार कई गांव बसे हैं, जो दूध एवं सब्जी बेचने प्रतिदिन अगस्त्यमुनि आते हैं। जिससे उनका घर खर्च चलता है। ग्रामीण कई वर्षों से अगस्त्यमुनि से चाका के लिए एक अदद पुल की मांग कर रही है, मगर केवल आश्वासन ही मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश में रहते हुए तत्कालीन पर्वतीय विकास मंत्री मातवर सिंह कंडारी ने पहली बार इसकी घोषणा की थी, लेकिन तब से कई सरकारें आई और गई। घोषणा हर सरकार ने की, मगर पुल नहीं बना। वर्ष 2022 में सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया, और अगस्त्यमुनि से चाका के लिए इलैक्ट्रिक ट्राली लगाने की घोषणा की।

जिसका उद्घाटन करने जनपद के दोनों विधायक आये। ग्रामीण भी खुश हुए चलो कुछ नहीं से कुछ तो हो। ट्राली लगने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिली तो पैदल रास्ते वीरान हो गये, मगर अब ट्राली बार–बार खराब होने लगी है। जिससे ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव की महिलाएं और किसान हर रोज दूध, सब्जी व अन्य सामान बेचने विजयनगर और अगस्त्यमुनि जाते हैं।

वहीं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र–छात्राएं स्कूल आते हैं, लेकिन भूस्खलन से रास्ता टूट गया और वैकल्पिक सहारा बनी ट्रॉली भी खराब हो चुकी है। क्षेत्र के ग्रामीणों का दर्द बयान करते हुए चाका गांव की सुलोचना देवी ने कहा कि साहब, ट्रॉली ही हमारी जान थी, अब वो भी बंद पड़ी है। अब तो रोजी–रोटी पर संकट आ गया है। भूमा देवी ने कहा कि नीचे नदी गरज रही है, ऊपर पहाड़ गिर रहे हैं, अब हम जाएं तो जाएं कैसे? ऐसे में बच्चे कैसे स्कूल आयेंगे। हेमा देवी ने कहा कि अगस्त्यमुनि जाकर दूध और सब्जी बेचना हमारी मजबूरी है, लेकिन ट्रॉली बंद होने से सब काम रुक गया है। चाका गांव के ग्रामीण नारायण सिंह और भगवान सिंह ने भी प्रशासन से गुहार लगाई कि ट्रॉली की मरम्मत तत्काल कराई जाए, वरना गांव की पूरी अर्थव्यवस्था ठप हो जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि ट्रॉली तुरंत दुरुस्त करवाई जाए और स्थायी रूप से सुरक्षित मार्ग भी बनाया जाए, ताकि हर साल भूस्खलन और नदी के डर से उनका जीवन मझधार में न फंसे।

## त्री दिवसीय प्रांतीय कबड्डी, खो–खो प्रतियोगिता शुरू

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकास नगर में भारतीय शिक्षा समिति, उत्तराखण्ड द्वारा संचालित 37वीं त्री दिवसीय प्रान्तीय कबड्डी, खो–खो प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, रविंद्र रावत प्रांत खेल संयोजक, संभाग निरीक्षक नत्थीलाल बंगवाल (गढ़वाल सम्भाग) संकुल प्रमुख मनोज रयाल (देहरादून संकुल) आदि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। इन प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड प्रांत के लगभग 450 प्रतियोगी प्रतिभाग करेंगे।

## सहसपुर के शिवालिक मंडल में निकाली गई 'तिरंगा यात्रा'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विधानसभा सहसपुर के शिवालिक नगर मंडल के अंतर्गत भव्य 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया। यह यात्रा गोरखपुर चौक से प्रारंभ होकर स्मिथनगर, बनियावाला, पीताम्बरपुर होते हुए राघव विहार तक निकाली गई।

यात्रा में सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

तिरंगा यात्रा के दौरान रास्ते भर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण गूंज उठा। हाथों में लहराते राष्ट्रीय ध्वज ने पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। यात्रा में महिलाओं से लेकर बच्चों तक, हर वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तिरंगे के प्रति अपनी आस्था और सम्मान व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि "तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि यह उन वीरों के बलिदानों की पहचान है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाया जा रहा हर घर तिरंगा अभियान, हमें एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से जोड़ने का कार्य कर रहा है। हमें गर्व है कि सहसपुर की जनता ने इस अभियान को पूरे जोश और उत्साह के साथ अपनाया है।"

# शिक्षकों का चॉक डाउन से आंदोलन का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रप्रयाग।** प्रधानाचार्य सीधी भर्ती और पदोन्नति न होने से आक्रोशित शिक्षकों ने आंदोलन शुरू कर दिया है, जिसकी शुरूआत शिक्षकों ने चॉक डाउन से की है। ब्लॉक ऊखीमठ के 22, अगस्त्यमुनि के 59 तथा ब्लॉक जखोली के 35 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं पूर्ण रूप से चॉक टाउन कर संगठन को मजबूती प्रदान कर रही हैं।

राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आलोक रौथाण ने बताया कि प्रांतीय कार्यकारिणी के आवाहन पर क्रमबद्ध आंदोलन की शुरुआत सोमवार से चॉक डाउन से की गई है। प्रधानाचार्य सीधी भर्ती और विगत कई वर्षों से पदोन्नति न होने के कारण शिक्षकों में भारी रोष बना हुआ है। संगठन लम्बे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहा है, लेकिन आज तक विभाग और सरकार की ओर से कोई भी ठोस नीति पदोन्नति को लेकर नहीं बनाई गई है।

बताया कि शिक्षकों के प्रदेशव्यापी इस आंदोलन में जनपद रुद्रप्रयाग अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जिले के ब्लॉक ऊखीमठ, अगस्त्यमुनि तथा जखोली के शिक्षक–शिक्षिकाएं पूर्ण रूप से चॉक डाउन कर संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। साथ ही सरकार को यह संदेश दे रहे हैं कि यदि शिक्षकों की बहुप्रतीक्षित मांगों को समयबद्ध पूर्ण नहीं किया जाता है तो यह क्रम जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि चॉक डाउन के बाद भी सरकार और शासन नहीं माना तो मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय और निदेशालय स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिला मंत्री शंकर भट्ट ने कहा कि राजकीय माध्यमिक शिक्षक पूर्व में भी प्रधानाचार्य सीधी भर्ती एवं पदोन्नति की मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन कर चुका है।

सरकार की ओर से आश्वासन दिए जाने के बाद भी सभी राजकीय शिक्षक ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। संरक्षक नरेश भट्ट ने कहा कि सरकार एवं विभाग द्वारा जब तक स्पष्ट शासनादेश जारी नहीं हो जाता, तब तक राजकीय शिक्षक अपनी मांगों को लेकर मुखरता के साथ इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे।

ब्लॉक अध्यक्ष अगस्त्यमुनि अंकित रौथाण ने कहा कि हड़ताल की अवधि में छात्र–छात्राओं के पठन–पाठन का जो नुकसान होगा, उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विभाग एवं सरकार की होगी। यदि सरकार छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को लेकर के सजग है तो उन्हें शीघ्र ही अध्यापकों की यह मांगे माननी चाहिए।

# इंद्रमणि बडोनी आंदोलनकारी ही नहीं बल्कि सूबे की आत्मा की थे आवाज: कुकरेती

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। उत्तराखंड क्रांति दल पछवादून इकाई द्वारा डाकपत्थर रोड, विकासनगर स्थित कार्यालय में उत्तराखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता एवं 'उत्तराखंड के गांधी' स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की 25वीं पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा का शुभारंभ स्व. बडोनी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।



इस अवसर पर दल के केंद्रीय संरक्षक सुरेंद्र कुकरेती ने कहा कि स्व. इंद्रमणि बडोनी का जीवन उत्तराखंड राज्य आंदोलन के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। वे न केवल आंदोलन के सूत्रधार रहे, बल्कि अपनी अदम्य आस्था, त्याग, संघर्ष और दूरदृष्टि के कारण उन्हें 'उत्तराखंड का गांधी' कहा गया। कुकरेती ने कहा कि बडोनी ने 1970 से ही जल, जंगल, जमीन, संस्कृति और अस्मिता की रक्षा को अपनी जीवन साधना बना लिया था। उन्होंने उत्तराखंड की अस्मिता को बचाने के लिए शराब विरोध, वन आंदोलन, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और जन–नाट्य मंचों के माध्यम से आम जनता में चेतना का संचार किया। वे केवल एक आंदोलनकारी नहीं, बल्कि उत्तराखंड की आत्मा की आवाज थे।

उन्होंने याद दिलाया कि बडोनी ने ही उत्तराखंड राज्य आंदोलन को व्यापक स्वरूप प्रदान किया, जिसके फलस्वरूप दिल्ली से लेकर देहरादून तक की सत्ता को पहाड़ की उपेक्षा पर सोचने के लिए विवश होना पड़ा। आंदोलन के कठिन दौर में जब प्रशासन ने दमन चक्र चलाया, तब भी बडोनी जी ने सत्य और अहिंसा के पथ को नहीं छोड़ा। आज जब हम राज्य की वर्तमान स्थिति को देखते हैं, तो निश्चित ही बडोनी जी और आंदोलन के शहीदों की आत्मा व्यथित होगी।

श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष गणेश प्रसाद काला, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंदर सिंह नेगी, जिला प्रवक्ता नरेंद्र कुकरेती, जिला उपाध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ बीना पंवार, नगर उपाध्यक्ष विकासनगर अमजद, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पूर्ण प्रसाद भट्ट, विकासनगर ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र बिष्ट, ब्लॉक महामंत्री अमर देव जोशी, सुनीता चमोली, शांति डंगवाल, कमला घिल्डियाल, चंद्र मोहन भट्ट, मदनलाल पाल, उषा जोशी, आशा पंवार, लक्ष्मी पंवार, शिव प्रसाद डंगवाल, राधा उनियाल, रेणुबाला, रजनी, मुन्नी नौटियाल, अनीता चमोली, बीना उनियाल, महावीर उनियाल, सुशीला कपरान, सीता रावत, बिजेश्वरी रावत, गीता रावत, आदि ब्लॉक व नगर के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

# टिहरी सांसद शाह ने धराली आपदा प्रभावितों के लिए मांगा विशेष आर्थिक पैकेज

**शाह टाइम्स संवाददता**

**उत्तरकाशी:** टिहरी लोकसभा सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह ने उत्तरकाशी के धराली– हर्षिल में आई आपदा के लिए केंद्र सरकार से विषेश पैकेज की मांग उठाई है। टिहरी सांसद श्रीमती शाह ने सोमवार को ष्नियम 377ष के तहत लोकसभा सदन में उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हाल ही में आई भीषण आपदा का मुद्दा उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि उत्तराखंड के आपदाग्रस्त क्षेत्रो के लिए विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाए।

''आपदा की भयावहता''

उत्तरकाशी के धराली –हर्षिल सहित आई आपदा ने व्यापक आर्थिक नुकसान पहुंचाया है, जिसमें जान–माल की भी हानि हुई है। सांसद ने केंद्र सरकार से मांग की है कि उत्तराखंड के आपदाग्रस्त क्षेत्र के लिए विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाए, जिससे प्रभावित लोगों को जिन्होंने अपने घर, परिवार, परिजनों, दुकान, होटल, प्रतिष्ठानों को गवां है , उनको प्रचलित राष्ट्रीय आपदा के मानकों से अतिरित उचित राहत राशि प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में राहत एवं बचाव कार्यों लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने मिलकर काम किया और तत्काल लोगों को रेस्क्यू करके उचित उपचार, भोजन शिविर कैम्प एवं परिवहनों की व्यवस्था की गयी, जिससे लोग सुरक्षित अपने गंतव्यो को जा सकें।सांसद ने केंद्र सरकार से मांग की है कि उत्तराखंड और अन्य पहाड़ी राज्यों में नई टेक्नोलॉजी के साथ ष्अर्ली वार्निंग' सिस्टम ष विक. सित किए जाएं ताकि किसी भी प्रकार की आपदा से पहले लोगों को सुरक्षित और सतर्क किया जा सके और भविष्य में ऐसी आपदाओं से समय रहते निपटा जा सके।

सांसद ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि वह उत्तराखंड के आपदाग्रस्त क्षेत्र के लिए विशेष आर्थिक पैकेज प्रदान करें ।

# बढ़ते जा रहे हैं कदम, गर्व से बता रहे हैं हम!

## व्यावसायिक क्षेत्र में उद्यमिता का नया कीर्तिमान स्थापित किया पतंजलि ने

**विश्वसनीयता, प्रमाणिकता, गुणवत्ता व प्रतिस्पर्धा में पतंजलि हर दिन नया इतिहास बना रहा है पतंजलि को मिला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का AEO (Authorized Economic Operator) Tier-2 प्रमाणपत्र**




**नई दिल्ली।** देश की आज़ादी के अमृत महोत्सव में भारत के घर-घर में विश्वास का प्रतीक बनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने स्वदेशी इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है।

वर्ल्ड कस्टम्स ऑर्गेनाइजेशन और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ख्र भारतीय सीमा शुल्क (Indian Customs) ने पतंजलि को AEO (Authorized Economic Operator) Tier-2 प्रमाणपत्र प्रदान किया है।

यह प्रमाणपत्र विश्वस्तरीय व्यापार में ईमानदारी, पारदल्र्शता और सप्लाई चेन सुरक्षा के उच्चतम मानकों का प्रतीक है। भारत की सर्वोच्च कंपनियों में केवल गिनी-चुनी कंपनियों के पास ही यह दर्जा है, और FMCG सेक्टर में तो यह गौरवशाली प्रमाणपत्र केवल कुछ ही कंपनियों को प्राप्त है। अब इस सूची में पतंजलि का नाम स्वर्ण अक्षरों में जुड़ गया है।

उल्लेखनीय है कि पतंजलि फूड्स को इस AEO Tier-2 प्रमाणपत्र से कम्पनी को ड्यूटी डिफर्ड पेमेंट (Duty Deferred Payment), बैंक गारंटी से छूट (Bank Guarantee Waiver), डायरेक्ट पोर्ट डिलीवरी क्लियरेंस सुविधा इत्यादि के साथ और कुल 28 प्रकार से अधिक अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक लाभ प्राप्त होंगे।

यह प्रमाणपत्र क्यों विशेष है?

यह किसी भी कंपनी की गुणवत्ता, सत्यनिष्ठा, पारदर्शी कार्यप्रणाली और राष्ट्रहित में योगदान का प्रमाण है। पतंजलि ने अपने गुणवत्ता की प्रामाणिकता ,कर्मयोग, कर्तव्यनिष्ठा और स्वदेशी भावना के बल पर यह विशेष मानक प्राप्त किया है। यह केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक आज़ादी को और मज़बूत करने वाला सम्मान है।

**स्वामी रामदेव जी का संदेश:**

आज का दिन पतंजलि परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि हर उस भारतीय के लिए गर्व का दिन है, पतंजलि विश्वसनीयता, प्रमाणिकता, प्रतिस्पर्धा व गुणवत्ता के क्षेत्र में प्रतिदिन नई गति से आगे बढ़ रहा है तथा व्यावसायिक क्षेत्र में उद्यमिता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है ,जो भारत को आर्थिक रूप से विश्वगुरु बनते देखना चाहता है। यह प्रमाणपत्र हमारे राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को और मज़बूत करता है। यह सम्मान हमारी तपस्या, गुणवत्ता और ईमानदारी की पहचान है। हम वचन देते हैं कि 'स्वदेशी से स्वाभिमान' के इस पथ पर हम और तेज़ गति से आगे बढ़ेंगे और 'मेक इन इंडिया' को वैश्विक शिखर तक पहुंचाएंगे।

**आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा**

यह उपलब्धि पतंजलि के संपूर्ण परिवार, कर्मचारियों और उपभोक्ताओं की सामूहिक साधना का फल है। AEO Tier-2 प्रमाणपत्र हमारे कार्य की पारदर्शिता, गुणवत्ता और अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरने का प्रमाण है,इससे निर्यात की गति. विधियों में वृद्धि होगी और देश की अर्थव्यवस्था सुख्रढ होगी यह सम्मान हमें न केवल देश की सीमाओं के भीतर बल्कि विश्व के हर कोने में भारतीय संस्कृति, आयुर्वेद और स्वदेशी उत्पादों के संबर्धन में सहयोगी साबित होगी। हम संकल्प लेते हैं कि7 पतंजलि को विश्व के शीर्ष FMCG ब्रांड्स में स्थापित करेंगे और भारत के निर्यात को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

# शिविर का लाभ उठाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डीएम के निर्देश पर नगर निगम की और से लगाए जा रहे जन सुविधा शिविरों के अंतर्गत सोमवार को वार्ड 55 और 56 में शिविर लगाया गया। जीतपुर नेगी रामपुर रोड तथा वार्ड 55 में जन मिलन केंद्र पर आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और विभागीय सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में लोगों की समस्याएं सुनी गयी। शिविरों में विद्युत, जल संस्थान, सिंचाई, पूर्ति विभाग और नगर निगम के अधिक. ारी के समक्ष लोगों ने अपनी समस्याएं रखी, जिनका पंजीकरण कर उन्हें आवश्यक कार्यवाही के लिए अग्रसारित किया गया। शिविर में आधार सेवा के अंतर्गत कुल 20 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। विद्युत विभाग में 3 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें नए मीटर लगवाने, विद्युत कनेक्शन के स्थानांतरण तथा नेक्सा शोरूम रामपुर रोड के समीप विद्युत तारों के लटकने से संबंधित शिकायतें शामिल थी। विभाग की और से इन प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही की गई। पूर्ति विभाग में 9 शिकायतें प्राप्त हुई।

# बनभूलपुरा से नशे की खेप बरामद

## एसओटीएफ ने दो तस्करों को दबोचा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊँ आईजी द्वारा गठित एसओटीएफ टीम ने नशे तस्करों पर एक बड़ी कार्यवाही की है। एसओटीएफ टीम ने बनभूलपुरा पुलिस के साथ बहेडी से लाई जा रहे 645 नशे के इंजेक्शन के साथ बनभूलपुरा के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। टीम में तस्करी में प्रयुक्त ई-रिक्शा को सीज करते हुए दोनों तस्करों के खिलाफ कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल के निर्देश पर रेंज स्पेशल ऑपरेशन टास्कफोर्स प्रभारी दीपा अधिकारी ने बनभूलपुरा पुलिस की संयुक्त टीम के साथ के रविवार की रात्रि गौला पुल बाईपास रोड के पास चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने गौलापुल की ओर से आ रहे एक ई-रिक्शा को रोका। तलाशी लेने पर ई-रिक्शा में रखे दो बैग से कुल 645 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। ई-रिक्शा सवार दोनों ने तस्करों ने अपना नाम मजहर खान उर्फ सोनू निवासी छोटी रोड मोहम्मदी चौक, वनभूलपुरा और फैसल कुरैशी निवासी लाइन नंबर-18, चिराग अली शाह बाबा दरगाह के सामने बनभूलपुरा बताया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह रिच्छा, बहेड़ी से किसी शादाब नाम के व्यक्ति से इंजेक्शन खरीद कार लाए थे। जिन्हें लोकल में युवाओं को महंगे दामों में बेचकर अच्छा मुनाफा कमाते हैं। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ई-रिक्शा को सीज करते दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहा से दोनो तस्करों को जेल भेज दिया। इधर आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि नशे के खिलाफ यह अभियान इसी तरह आगे भी जारी रहेगा। नशे के सौदागरों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। गुडवर्क करने वाली टीम में एसओटीएफ टीम में हेड कांस्टेबल गिरीश चंद्र भट्ट व कांस्टेबल रिवेन्द्र सिंह के अलावा पुलिस टीम में एसआई नीरज चौहान, कांस्टेबल मो. यासीन, लक्ष्मण राम शामिल थे।

## जहर से महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में महिला को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान महिला ने दम तोड दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूर्वी घोड़ानाला, बिंदुखत्ता निवासी 33 वर्षीय पूजा बिष्ट यहां अपने दो बच्चों व परिवार के साथ रहती थी। बताया जा रहा कि बीते रविवार सुबह पूजा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन द्वारा उसे आननफानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया। सोमवार की सुबह पूजा ने उपचार के दौरान दम तोड दिया। वहीं जहर के सेवन महिल की मौत की वजह माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस जांच में जुट गयी कि किन परिस्थितियों में महिला ने जहर का सेवन किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# 'सरकार गरीबों को उजाड़ने पर आमादा'

## गौलापार के बागजाला की समस्याओं को लेकर किसान महासभा का बेमियादी आंदोलन शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला ने 18 अगस्त से अपने पूर्व घोषित आंदोलन के तहत अपना घर, खेत, खेती, पशुपालन बचाने के लिए सोमवार को बागजाला गांव की जनता की पेयजल, सड़क, विकास कार्यों और निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, जल जीवन मिशन योजना को शुरू करने, मालिकाना अधिकार देने, पंचायत प्रतिनिधि चुनने के अधिकार को बहाल करने जैसी मूलभूत नागरिक सुविधाओं की मांग को लेकर के समाधान को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। किसान महासभा बागजाला ने घोषणा की कि जब तक मांगें मानी नहीं जाती तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मुख्य वक्ता के रूप में संबो. धित करते हुए किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि कल लालकुआं विधायक



बागजाला आए थे, किसान महासभा ने उन्हें विधानसभा के मानसून सत्र में बागजाला को राजस्व गांव बनाने का प्रस्ताव पारित करने के लिए ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि, इस राज्य के मुख्यमंत्री गरीबों को उजाड़ने पर आमादा हैं। पहाड़ से लेकर मैदान तक गरीब जनता को अपनी जमीनों से बेदखल करने का काम भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए जनता को धार्मिक विभाजन की आग में झौंका जा रहा है। धरना प्रदर्शन के समर्थन में पहुंचे ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्लिफटन डी रोजारियो ने कहा कि पूरे देश गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों को उजाड़ने की नीति चल रही है। लेकिन इस देश का मालिक सरकार या बड़े पूंजीपति नहीं आम जनता है, उनको भूमि का अधिकार देना पड़ेगा। देश में वोट चोरी की तरह बागजाला गांव में भी पंचायत चुनाव में यहां की जनता की वोट चोरी हो रही है, यह बिल्कुल गलत है और संविधान विरोधी है। वोट का अधिकार संविधान ने दिया है। किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि दशकों से बसे बागजाला के लोगों को स्टेडियम, चिड़ियाघर बनने और बस अड्डा, हाईकोर्ट आने की चर्चा के बाद इन बड़े प्रोजेक्ट के पास स्थित बागजाला की बेशकीमती जमीन को भाजपा की सरकार गरीबों, किसानों से छीनकर पूंजीपति बिल्डरों को देने का इरादा रखती है। जिसको सफल नहीं होने दिया जाएगा। जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में लोग वन भूमि, नजूल भूमि पर बसे हैं जिन पर भाजपा की धामी सरकार के द्वारा उजाड़े जाने का खतरा मंडरा रहा है। जिले में किसी को भी उजाड़ा न जाय बल्कि बागजाला समेत सभी गरीबों को उनकी जमीन का मालिकाना अधिक. ार दिया जाना चाहिए। विमला देवी ने कहा कि बागजाला के लोगों ने अपनी एकता के बल पर संघर्ष का रास्ता चुना है इसको मुकाम तक पहुंचाने तक लड़ाई जारी रहेगी। इस मौके पर आनन्द सिंह नेगी, क्लिफ्टन डी रोजा. रियो, बहादुर सिंह जंगी, भुवन जोशी, डा. कैलाश पाण्डेय, केके बोरा, विमला रौथाण, किशन बघरी, प्रेम सिंह नयाल, दीवान सिंह बर्गली, ललित मटियाली, पंकज चौहान, मीना भट्ट, हरिदित्ता सिंह, धीरज कुमार, रियासत हुसैन, उवैस, गोपाल राम, कमल जोशी, चन्दन सिंह मटियाली, अंबादत्त, हरक सिंह बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, लच्छी राम, मोहन राम, ऋषि मटियाली, केशव राम, परवेज, युगल किशोर, सलीम, वासुदेव, दीवान सिंह नेगी, अजय यादव, आदित्य गुप्ता मौजूद रहे।

## यूसीसी पंजीकरण के लिए निगम ने लगाया शिविर

**हल्द्वानी।** समान नागरिक संहिता कानून (यूसीसी) लागू होने के बाद विवाह पंजीकरण का काम शुरू हो गया है। नगर निगम की और से सोमवार से यूसीसी के अंतर्गत विवाह पंजीकरण का विशेष शिविर लगाया गया। पहले दिन सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान ने खुद पहला रजिस्ट्रेशन कराते हुए इसकी शुरुआत की। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि नगर निगम कार्यालय में भी सभी कार्मिकों का विवाह पंजीकरण किया जा रहा है तथा प्रतिदिन आम नागरिकों के लिए भी व्यवस्था नगर निगम में की गई है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के कार्मिकों का यूसीसी रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। नगर निगम में अब तक लगभग 8790 पंजीकरण कराए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त नगर निगम के समस्त 60 वार्डों में भी शि. विरों के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने यूसीसी विवाह पंजीकरण की फीस निशुल्क कर दी है। उन्होंने आम जनमानस से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में विवाह पंजीकरण कराएं।

## योगेश पंत बने देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल के सदस्य

**हल्द्वानी।** सोमवार को रामपुर रोड स्थित गायत्री एअरकॉन प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिष्ठान में देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें व्यापारियों और उपभोक्ताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ संगठन विस्तार की रणनीति तैयार की गई। इस अवसर पर गायत्री एअरकॉन के डायरेक्टर योगेश पंत सहित दर्जनभर व्यापारियों ने विधिवत रूप से संगठन की सदस्यता ग्रहण की। मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने सभी नवसदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और संगठन की भावनाओं से अवगत कराया। बैठक में गोपाल भट्ट, रवि गुप्ता, राज. कुमार केशरवानी, विनय सिंह चौहान, अवनीश गुप्ता, प्रेम सिंह परिहार, संदीप सिंह, महेश चंद्र पनेरु, भुवन चंद्र, निश्चल जोशी, हर्ष सिंह जलाल, ललित पंत, बालम सिंह, अमित बुधलाकोटी, हर्षित कुमार, श्याम सिंह नेगी, अजय गोयल, ललित मोहन फुलारा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# सीबीआई जांच की मांग पर अड़ा परिवार

## गौलापार में हुई थी किशोर की नृशंस हत्या, परिवार ने डीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार में हुए 10 वर्षीय किशोर की नृशंस हत्या की जांच पर उठे सवालों के जवाब परिजनों को अभी तक नहीं मिले। पिछले 8 दिनों से बुद्ध पार्क में पुलिस-प्रशासन के खिलाफ लगातार धरना-प्रदर्शन जारी है। सोमवार को भी प्रदर्शन हुआ और प्रदर्शनकारी लोग परिवार के साथ एसडीएम कोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने मामले की सीबीआई जांच के लिए डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। बुद्धपार्क में मृतक के परिवार के साथ धरने पर डटे जन एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह का कहना है कि 10 वर्षीय किशोर को मार कर उसके



टुकड़े कर दिए गए। टुकड़ों को हत्यारोपी ने अपने ही घर के पीछे गाड़ दिया। धड़ से अलग सिर का मुंडन किया गया, कटे हाथ को जलाया गया और दो अंगुलियों को भी हाथ से काट कर अलग कर दिया। यह दुष्कर्म छिपाने के लिए की गई वारदात नहीं है, बल्कि किशोर की नरबलि चढ़ाई गई और इस अनुष्ठान में हत्यारोपी का पूरा परिवार शामिल है। जबकि पुलिस ने सिर्फ एक व्यक्ति को ही आरोपी बनाया। आरोप है कि पुलिस ने बड़े लोगों के प्रभाव में आकर जांच को गुमराह किया। उन्होंने बताया कि इस मामले में सोमवार को वह परिवार के साथ एसडीएम कोर्ट पहुंचे और एसडीएम राहुल साह को डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंप कर सीबीआई जांच की मांग दोहराई। साथ ही चेता. वनी दी कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो फिर वह उग्र आंदोलन तक जाएंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। साथ ही यह भी कहा कि इस विरोध की जिम्मेदार पुलिस है। पुलिस ने अगर ठीक से जांच की होती तो यह नौबत नहीं आती। प्रदर्शन व ज्ञापन देने वालों में जन एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, दीक्षा, उर्मिला मौर्या, गंगा देवी, मीना, कमला, सुमित्रा, सरोज, मोरकली, सचिन, दीपक मौर्य, नानक चंद, हर्षित मौर्य, पीतम लाल मौर्य, सुरेश मौर्य थे।

# डिग्री कॉलेज के दो छात्र गुटों पर जूतमपैजार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव होंगे या नहीं, यह तो स्पष्ट नहीं है, लेकिन संभावित प्रत्याशियों की तैयारियों ने माहौल को गर्मा दिया है। सोमवार को चुनावी गतिविधियों के दौरान दो छात्र गुट आपस में भिड़ गए। बात इतनी बढ़ी कि हाथापाई और मारपीट तक पहुंच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को किसी तरह संभाला और दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई। घटना सोमवार दोपहर करीब एक बजे की है। बताया जा रहा है कि 13 अगस्त को कॉलेज की एक छात्रा से छेड़छाड़ की घटना हुई थी, जो तब शांत कर दी गई थी। लेकिन सोमवार को चुनावी रणनीति को लेकर जुटे दो छात्र गुटों में इसी पुराने मामले को लेकर तनाव बढ़ गया और देखते ही देखते दोनों गुटों के बीच मारपीट शुरू हो गई। कॉलेज प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद भोटियापड़ाव पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। छात्रों का आरोप है कि एक गुट में वे छात्र भी शामिल थे, जो पूर्व में छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपित रहे हैं। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि अब तक किसी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। यदि शिकायत मिलती है तो मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## कार-टेंपा की भिड़ंत

**हल्द्वानी।** सोमवार को नैनीताल रोड के पास टैंपो व कार की भिड़ंत हो गयी। इस हादसे में कोई कोई घायल नहीं हुआ। घटना ने बाद कार व टैंपो चालक के बीच जमकर बहस हो गयी और देखते ही देखते सड़क में जाम लग गया। बताया जाात है कि घटना के बाद कार और टेंपो चालक में बहस हो गई और राहगीर इस घटना का वीडियो बनाने लगे। यह देख कार और टेंपो चालक उस व्यक्ति से लड़ बैठे, जो वीडियो बना रहा था। दोनों वीडियो बनाने वाले पर वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाने लगे।

## चॉकडाउन हड़ताल पर रहे शिक्षक

**नैनीताल।** राजकीय शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर सोमवार से शिक्षकों का चॉकडाउन और कार्य बहिष्कार का आंदोलन शुरू हो गया है। राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मंडलीय मंत्री डा. कन्नू जोशी ने बताया कि विगत कई वर्षो से पदोन्नति प्रक्रिया रुकी हुई है।

# जल्द रिलीज़ होगी 'बोल्या काका': पांडे




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में शूट की गई दो बहुप्रतीक्षित फिल्मों बोल्या काका और दून एक्सप्रेस जल्द ही उत्तराखंड सहित भारत के कई राज्यों में रिलीज होंगी। इस संबंध में अभिनेता हेमंत पांडे ने एक होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं।

अभिनेता हेमंत पांडे ने कहा कि बोल्या काका फिल्म उत्तराखंड की सामाजिक समस्याओं पर आधारित है, जिसमें हेमंत सूत्रधार की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के निर्देशक व लेखक शिव नारायण सिंह रावत हैं, जिनके पास फिल्म इंडस्ट्री का 50 वर्षो का अनुभव है। वहीं दून एक्सप्रेस फिल्म महिला सशक्तिकरण और एक 10 वर्षीय लड़की के संघर्ष की कहानी है, जिसमें हेमंत एक पॉलिटिकल लीडर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के निर्माता दीपक पांडे और ममता पांडे जबकि निर्देशक व लेखक अनुग्रह अग्निहोत्री हैं। फिल्म निर्माताओं ने मांग की कि उत्तराखंडी फिल्मों को राज्य के सिनेमा हॉलों में प्राइम टाइम में जगह मिले, जिससे क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से उत्तराखंडी फिल्म इंडस्ट्री को सहयोग देने की अपील भी की। पत्रकार वार्ता में अनुग्रह अग्निहोत्री, दीपक पांडे, जय प्रकाश अग्रवाल, ममता पांडे भूषण छावड़ा आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में पालिका के बाबू इस्लाम घायल

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी नगर पालिका परिषद में बड़े बाबू के पद पर तैनात मोहम्मद इस्लाम शनिवार को किसी कार्य से अपनी मोटर साइकिल स्प्लेंडर पर सवार होकर बाजपुर गए थे।

वापसी आते वक्त देर रात लगभग 10 बजे उनकी बाइक को नया गांव के पास पीछे से कोई अज्ञात वाहन सवार टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया जिनको राहगीरों ने कालाढूंगी सरकारी अस्पताल पहुंचा सूचना मिलते ही अस्पताल में परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी और कालाढूंगी अस्पताल में उनका प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उनको हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल भेज दिया सुशीला तिवारी में भी जांचे कर हालत नाजुक देख हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया अब उनका इलाज बरेली के राममूर्ति में चल रहा है हालत स्तर बनी हुई हैं। बताते चले 30 अगस्त को मोहमद इस्लाम का रिटरमेंट होना है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 574 | **निविदा सूचना** | दिनांक 18.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-तृतीय), लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर (देहरादून) द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से पृथक एवं मोहरबन्द निविदाये आमन्त्रित करता है। निविदाओ का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है–
निविदा सं0-11/EE (Civil-III)/LMP/2025-26
कार्य का नाम-लखवाड़ परियोजना, डाकपत्थर देहरादून के कार्यालयो के लिए स्टेषनरी की आपूर्ति।
अनुमानित लागत-रू 1891582.00 (जी.एस.टी.सहित)
बेवसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि -15.08.2025 को 11.00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि-06.09.2025 को 16.00 बजे तक
अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारी बेवसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की बेवसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
अधिशासी अभियन्ता (जानपद-तृतीय)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्र सं0: 571 | दिनांक: 18/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0एवं0) कुल्हाल विद्युत गृह इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
निविदा सं0-04/यूजेवीएनलि0/अ0(अनु0एवं0)/केपीएस/2025-26: कुल्हाल विद्युत गृह के एक वर्ष की अवधि के लिए ड्रेन वाटर सम्प, सिलिंग वाटर टैंक, पेनस्टोक गेलेरी स्ट्रेनर एवं बाय पास गेट चार्जिंग पिट की सफाई से सम्बन्धित कार्य।
अनुमानित लागत : रू0 5,84,424/- जी0एस0टी0 अतिरिक्त।
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि: 19/08/2025, 11:00 बजे
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 26/08/2025, 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
अधिशासी अभियन्ता, कुल्हाल
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक: 568 | **निविदा सूचना** | दि0: 18.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0)(एसएचपी), यूजेवीएन लि0, ऋषिकेश इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमन्त्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
निविदा सं0-10/अ0अ0(वि0/या0)/एसएचपी/ऋषिकेश/2025-26: जिला -उत्तरकाशी स्थित पिलंगाड ल0ज0वि0 (2×1125 कि0 वा0) में मौजूदा कूलिंग वॉटर सिस्टम का मरम्मत एवं अनुरक्षण/उच्चीकरण, SCADA एकीकरण एवं फ्लो मीटर, तापमापन मॉनीटीर की आपूर्ति, स्थापना एवं परीक्षण आदि का कार्य।
अनुमानित मूल्य : रु0 12,01,000/- (कर अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:- 18.08.2025 16:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:- 15.09.2025 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते है।
अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0)(एसएचपी), ऋषिकेश
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGCO25866 | वेबसाइट www.ujvnl.com

पत्रांक-566 | **निविदा सूचना** | दिनांक- 18/08/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण), मनेरी भाली-II, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नावत है।
निविदा संख्या - 1) नि0 सं0 06/अ0अ0(अनु0)/म0भा0-II/25-26 2) नि0 सं0 07/अ0अ0(अनु0)/म0भा0-II/25-26 3) नि0 सं0 08/अ0अ0(अनु0)/म0भा0-II/25-26 4) नि0 सं0 09/अ0अ0(अनु0)/म0भा0-II/25-26
कार्य/पूर्ति/सेवायें का नाम: 1) धरासू विद्युत गृह में 90 कि0 वा0 (भ्ज मेक) ड्रेनेज पम्पों की मरम्मत एवं रिवाइडिंग के कार्य हेतु। 2) धरासू विद्युत गृह के 76 मेगा वाट टरबाइन की टीजीबी हाउसिंग की मरम्मत का कार्य। 3) धरासू विद्युत गृह में स्फेरिकल वाल्व के स्पेयर्स की आपूर्ति हेतु। 4) धरासू विद्युत गृह में 90 कि0 वा0 (फ्लाइट मेक) कुलिंग वाटर पम्पो की मरम्मत एवं रिवाइडिंग के कार्य हेतु।
अनुमानित मूल्य: रु0 6,00,000/-, रु0 8,38,845/-, रु0 2,47,700/-, रु0 22,00,000/- क्रमश: (कर अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 20.08.2025
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि - 11.09.2025 प्रात: 11:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखे। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते है।
अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# गंगनहर पुलिस की हिस्ट्रीशीटर से मुठभेड़

## फायरिंग में पैर में लगी गोली, गिरफ्तार, किशोर के अपहरण व कुकर्म का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली पुलिस की उस समय बदमाशों से मुठभेड़ हो गई जब वह सालियर से पनियाला जाने मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। पुलिस पर एक युवक ने फायर किया और जवाबी फायरिंग में बदमाश घायल हो गया।

गंगनहर कोतवाली पुलिस सालियर से पनियाला जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक बुलट सवार युवक को संदेह होने पर उसे रोकने का प्रयास किया। जिस पर उसने पुलिस पर गोली चला दी जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और बदमाश का पीछा करते हुए सेट पर सूचना प्रसारित कर दी। क्षेत्र के थानों की पुलिस मौके की तरफ रवाना हुई। सालियर बाईपास पर पुलिस ने बदमाश को घेर लिया। इस दौरान पुलिस की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पांव में गोली लग गई पुलिस ने बदमाश को रुड़की के सिविल अस्पताल में भिजवाया। बदमाश की पहचान उवेश निवासी पुरानी तहसील कोतवाली गंगनहर रुड़की



के रूप हुई हैं। बताया जा रहा आरोपी उमेश हिस्ट्रीशीटर और करीब एक सप्ताह पहले आरोपी ने एक किशोर का अपहरण पार्क में ले जाकर पिस्टल दिखाकर कुकर्म किया था।पुलिस ने पीड़ित के पिता की शिकायत पर मामले में मुकदमा भी दर्ज कर लिया था। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी थी आज उसके द्वारा पुलिस पर फायरिंग की गई। जवाबी फायरिंग में वह घायल हो गया। फिलहाल उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल भेजा है। वहीं मामले की जानकारी पाकर एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल और सीओ नरेंद्र पंत आदि भी मौके पर पहुंचे।

**❖कप्तान प्रमेन्द्र सिह डोभाल व एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने मौके पर पहुंचकर घटना के लिए जानकारी**

# पुलिस ने अवैध तमंचा व दो कारतूस सहित युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र में अपराधिक रोकथाम व अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था। उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार 18 अगस्त 2025 को रात्रि में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को क्षेत्र से पकड़ा गया उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम आफरीन पुत्र इलियास निवासी ग्राम सलेमपुर बक्काल कोतवाली लक्सर हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह नेगी कांस्टेबल अरुण सिंह मोहित खन्तवाल शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# रुपए के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, घायल

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी दो व्यक्तियों में रुपए के लेनदेन को लेकर सोमवार सुबह झगड़ा हो गया। झगड़े में एक व्यक्ति जिसने रुपए उधार दिए थे उल्टे उसे ही मारपीट कर घायल कर दिया।

थाना क्षेत्र में गांव निवासी सुखबीर सिंह ने बताया कि उसने गांव के ही एक व्यक्ति जिसके साथ काफी दिनों से घर आना जाना था उससे 10000 यह कहकर उधार लिए थे कि वह एक महीने बाद रुपए लौटा देगा। 4 महीने बीतने के बाद भी तथा क ई बार पैसे मांगने पर भी पैसे नहीं दिए गए। बार-बार कुछ भी बहाना बनाता रहा। सोमवार सुबह एक बार फिर उसे पैसों की आवश्यकता होने पर वह अपने उधार दिए पैसे मांगने के लिए अपने दोस्त के घर गया। घर जाते हैं उसने रुपए देने की मांग की। रुपए मांगते ही उक्त द्वारा उसे गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया ।वह अपने घर आया तथा परिजनों को घटना की जानकारी दी जैसे ही वह परिजनों के साथ झबरेड़ा थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए चले ही थे कि गांव के कुछ गणमान्य लोग वहां पर आ गए तथा उन्होंने पुलिस में न जाने को कहा। मारपीट करने वाले व्यक्ति को बुलाकर उसे उधार दिए 10000 के साथ-साथ 3000 इलाज के लिए भी दिलवाए गए। तथा दोनों में समझौता कराया गया। कहावत है कि किसी के द्वारा गन्ना न देकर गुड दिया गया। 10000 न देकर बाद मे 13000 रुपए दिए गए। थाना निरीक्षक अजय सिंह का कहना है कि इस संबंध में कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## कलियर उर्स मेले में जायरीनों की आमद को ध्यान में रखकर

# प्रशासन ने दरगाह क्षेत्र से हटवाया अवैध अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** सालाना उर्स-ए-पाक के आगाज से पहले सोमवार को प्रशासन ने दरगाह क्षेत्र में सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चला दिया। मुख्य मार्ग, जीरो जोन, पहाड़ी बाजार और तालाब किनारे लगी अस्थायी ठेलियों, रेडियों और दुकानों को हटाया गया। कई दुकानदारों ने खुद ही अपना सामान समेटना शुरू कर दिया।

24 अगस्त को चांद दिखाई देने के साथ ही हजरत साबिर पाक का सालाना उर्स/मेला शुरू होगा। उससे पहले ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर नायब तहसीलदार धनीराम सैनी, ईओ कुलदीप चौहान और दरगाह प्रबंधन टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त बनाया।

प्रशासन ने साफ कहा है कि अवैध कब्जों के कारण जायरीनों को परेशानी होती है और सुरक्षा व्यवस्था पर भी खतरा मंडराता है। पहले ही नोटिस देकर चेतावनी दी गई थी, लेकिन कार्रवाई के बाद अब रास्ते चौड़े हो गए हैं और श्रद्धालुओं को आसानी से आवाजाही की सुविधा मिलेगी।



तहसीलदार धनीराम सैनी ने बताया –ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के आदेश पर दरगाह क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। किसी को भी दोबारा कब्जा नहीं करने दिया जाएगा।" ईओ कुलदीप सिंह चौहान ने कहा–अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ नियमित निगरानी भी की जाएगी ताकि क्षेत्र अतिक्रमणमुक्त बना रहे।" दरगाह प्रबंधक रजिया ने कहा "उर्स-मेले में लाखों जायरीन पहुंचते हैं, उनके आराम और सुरक्षा के लिए यह कदम जरूरी था।" इस दौरान एसएसआई बबलू चौहान, लेखपाल गुलबसा, सुपरवाइजर इंतखघब आलम, राव सिकंदर हुसैन, राव सारिक नियाजी, हारून, असलम, हेड कांस्टेबल जमशेद अली समेत भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वाले पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक द्वारा सोमवार को भगवान कृष्ण पर आपत्तिजनक पोस्ट का वीडियो वायरल कर दिया गया। पुलिस द्वारा उक्त युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि ग्राम सुसाडी खुरद निवासी युवक सुनील कुमार द्वारा अपने मोबाइल से भगवान कृष्ण पर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया गया था। भगवान कृष्ण के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट वायरस होते ही लोगों में रोष व्याप्त हो गया तथा लोगों द्वारा पुलिस को सूचना देते हुए उक्त के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तथा आगे कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे। उक्त युवक को उसके घर पर पुलिस द्वारा दबिश देकर गिरफ्तार कर थाने लाया गया। उक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उर्स के दौरान बरेली- सहारनपुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

लक्सर। बरेली में आला हजरत दरगाह पर आयोजित होने वाले उर्स और पिरान कलियर में मेले के मद्देनजर रेलवे ने बरेली से सहारनपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। साथ ही कुछ ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव और कोच बढ़ाने की भी घोषणा की गई है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि उर्स के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए बरेली से सहारनपुर के मध्य स्पेशल ट्रेन संचालित की जाएगी। 04301 स्पेशल ट्रेन शाम 4:45 पर बरेली से रवाना होकर रामपुर, मुरादाबाद, धामपुर, नगीना, नजीबाबाद, लक्सर, और रुड़की होते हुए रात 11 बजे सहारनपुर पहुंचेगी। जबकि बरेली से रोजा के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को 20 अगस्त को सीतापुर जंक्शन तक विस्तार दिया गया है। इसके अलावा डाउन लाइन से गुजरने वाली 9 और अप लाइन से गुजरने वाली 10 ट्रेनों को बरेली रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त समय तक ठहराव और तीन ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव दिया गया है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि देहरादून-सहारनपुर पैसेंजर, बरेली-प्रयागराज पैसेंजर, बरेली-दिल्ली पैसेंजर, बरेली-आलमनगर जंक्शन पैसेंजर ट्रेनों में इस दौरान सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे।

# बिजली चोरी कर रहे अठारह लोगो को पकडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** ऊर्जा निगम की टीम ने कटिया डालकर बिजली चोरी कर रहे अठारह लोगो को बिजली चोरी करते हुए मौके से पकड़ा है। पुलिस ने अवर अभियंता की शिकायत पर बिजली चोरी कर रहे लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कलियर थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि ऊर्जा निगम के अवर अभियंता गोपाल सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कलियर में एलटी लाईन पर कटिया डाल कर बिजली चोरी की शिकायत मिल रही थी। शिकायत के आधार पर ऊर्जा निगम की टीम ने छापामार कार्रवाई कर एलटी लाईन पर कटिया डाल कर बिजली चोरी कर रहे 18 लोगों को मौके से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# तीन दिन बाद अस्पताल खुले मरीजों की भीड

**रूडकी।** तीन दिन बाद सिविल अस्पताल खुलने पर मरीजों की ओपीडी में भारी भीड रही। रजिस्टेशन कांउटर पर लंबी लाईन थी। क्योंकि लगातार तीन छुटटी होने पर अस्पताल बंद था जिस वजह से आज अस्पताल खुलने से पहले आपीडी पर तीमारदारों व मरीजों की लाईन लगी रही। 15 अगस्त व जन्माष्टिमी के बाद बडी तादाद में मरीज आज अस्पताल पहुंचे।

# कलियर में दो मासूमों को सोता हुआ छोड़ गई दंपति, एएचटीयू ने किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने कलियर में लावारिस घूम रहे दो बच्चों को रेस्क्यू किया है। बच्चों को सकुशल रेस्क्यू कर बालगृह में दाखिल कराया है। बताया गया है कि उक्त बच्चों को माता पिता कलियर में सोते हुए छोड़कर चले गए थे। परिजनों की तलाश में टीम जुटी है।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने थाना कलियर क्षेत्र में संदिग्ध महिला/पुरुष व गुमशुदाओं की तलाश हेतु सराय, होटल ,ढाबों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत पिरान कलियर दरगाह की मुख्य सराय से दो बालकों को अत्यंत दयनीय अवस्था




में रेस्क्यू किया गया। जिन्हें लगभग चार दिवस पूर्व उनके माता-पिता रेल के माध्यम से हरिद्वार आ कर कलियर दरगाह के पास सराय में बेसहारा सोते हुए छोड़कर चले गए थे। उक्त दोनों बालकों की जब सुबह नींद खुली तो उन्होंने अपने माता पिता को इधर उधर तलाशना शुरू किया परंतु वह कही नहीं मिले थक हार कर भूख प्यास से व्याकुल दोनों बालकों को राहगीरों, यात्रियों द्वारा लगाए जाने वाले भंडारों में ले जाकर खाना खिलाया गया तब से दोनों बालक सराय के पास ही रहने लगे। दोनों बालकों की अत्यंत दयनीय स्थिति को देखकर तत्काल रेस्क्यू कर चिकित्सा परीक्षण हेतु ले जाया गया जिसके उपरांत बाल कल्याण समिति हरिद्वार के समक्ष प्रस्तुत कर उचित काउंसलिंग/विधिक कार्यवाही उपरांत दोनों बालकों को संरक्षण दिलवाया गया। दोनों बालकों के परिजनों की तलाश शुरू कर दी गई है। टीम में उप निरीक्षक रखी रावत, अपर उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार, हैड कांस्टेबल राकेश कुमार, सुरजीत कौर, विनीता सेमवाल,कांस्टेबल,मुकेश कुमार, दीपक चन्द और महिला कांस्टेबल शशिबाला शामिल रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र से घर से सहारनपुर के लिए निकली एक महिला संदिग्ध हालात में लापता हो गयी। काफी तलाश के बाद न मिलने पर महिला के पति ने पुलिस से मदद की गुहार लगायी।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार दिन पहले उसकी पत्नी किसी काम से सहारनपु के लिए गयी थी लेकिन न तो वह सहारनपुर ही पहुंच पाई और न ही घर वापिस आयी उन्होंने संभावित जगह पर पत्नी को काफी तलाश किया लेकिन पता नहीं चलने पर अब पुलिस को तहरीर देकर पत्नी की तलाश करने में मदद की गुहार लगायी है।

# पेड से बांधकर पीटने की सूचना झूठी

**रुड़की।** रविवार को पुलिस को सूचना मिली की पेड से बांध कर युवक को पीटा गया है। सूचना पाते ही पुलिस रात को ही मौके पर पहुंची। छानबीन में मामला रील बनाने का निकला पुलिस ने सोलानी पार्क पहुंच कर मौके पर युवको को पकडा ओर कोतवाली ले आयी। सूचना झूठी पायी गयी युवक रील बना रहे थे। पीटने की सूचना झूठी थी।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र फैसल परवेज व पुत्रवधू निशात अंजुम उर्फ सोनिया का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने इनको अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बे दखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। आज के बाद उक्त के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**अनीस अहमद पुत्र मौहम्मद हनीफ नि. मकान नम्बर 212 मोहल्ला हज्जाबान ज्वालापुर हरिद्वार।**

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र गौरव कुमार व पुत्रवधू पूजा का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने इनको अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बे दखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। आज के बाद उक्त के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**सुधा देवी पत्नि ऋषिपाल सिंह नि. म0 नं0 10, भगवानपुर रैनी पालनपुर बिजनौर उ.प्र. हाल निवासी ग्राम दादूपुर तिरूपति कालोनी सलेमपुर थाना रानीपुर जिला हरिद्वार।**

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र राजन उर्फ राजा का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने इनको अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बे दखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। आज के बाद उक्त के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**सुशील कुमार पुत्र जगराम नि. ग्राम महतौली टाण्डा थाना व तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।**

# फोन खरीदने के नाम पर 16 हजार की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक और मामला सामने आया है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला को ओएलएक्स पर मोबाइल खरीदने का झांसा देकर 16 हजार रुपये की ठगी की गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कृष्णानगर निवासी रितू ने बताया कि वह करीब दस दिन पहले सेकंड हैंड मोबाइल की तलाश में ओएलएक्स साइट देख रही थी। इसी दौरान उसे एक विज्ञापन दिखाई दिया, जिसमें 20 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन 16 हजार में देने की पेशकश की गई थी। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर सामने वाले ने खुद को दिल्ली का निवासी बताया। उसने महिला को विश्वास दिलाया कि 50 हजार रुपये कीमत का फोन मजबूरीवश 16 हजार रुपये में बेच रहा है। महिला के सहमत होने पर आरोपी ने उसे अपना बैंक खाता नंबर भेज दिया और एडवांस भुगतान करने को कहा। भरोसा करके महिला ने तुरंत 16 हजार रुपये उसके खाते में जमा कर दिए। आरोपी ने दावा किया था कि वह कुरिअर से एक सप्ताह के भीतर फोन भेज देगा। लेकिन, तय समय बीत जाने के बाद भी महिला को मोबाइल नहीं मिला। कई बार फोन करने पर जब आरोपी का नंबर स्विच ऑफ मिला। तब महिला को ठगी का एहसास हुआ। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। कोतावली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# बच्चों के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, सात घायल

## अहतायातन गांव में पुलिस बल तैनात, दोनों पक्षों के 15 लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर के बेड़पुर में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चल गए। इसमें दोनों पक्षों के 6 लोग घायल हो गए। घायलों को सिविल अस्पताल भिजवाया।पुलिस के 15 लोगों को गिरफ्तार कर उनका शांतिभंग में चालान किया। एहतियात के तौर घटनास्थल पुलिसबल तैनात किया गया।

पिरान कलियर नगर पंचायत के बेड़पुर वार्ड दो में रविवार शाम को बच्चें आपस में खेल रहे थे।इसी बीच बच्चों में विवाद हो गया।उसके बाद बच्चों के परिजन भी आमने सामने आ गए।और दोनों पक्षों में कहासुनी गाली गलौज होने लगी।कहासुनी इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगें।जिसमें एक पक्ष के साकिब,शफीक, डब्बू, जाबिर और दूसरे पक्ष के अकरम उर्फ भुट्टो, अहसान, रबीन आदि घायल हो गए।सूचना मिलने पर एसओ रविंद्र कुमार,इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे।और घायलों को उपचार के लिए रुड़की अस्पताल भिजवाया।पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार कर उनका शांतिभंग में चालान किया।एहतियात के तौर पर घटनास्थल पर पुलिसबल तैनात किया गया।पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि



बेड़पुर में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। अभी किसी पक्ष की और से कोई तहरीर नही आई है।पुलिस ने झगड़ा कर रहे एक पक्ष जुबैर, अनीश,एहसान,दानिश, विट्टन,राजा, शौकीन , नूर आलम, शाहरुख,दूसरे पक्ष के जुबैर,जावेद ,मुर्शिद,दानिश और शाकिर निवासी बेडपुर कलियर को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया है।

## नौ करोड़ का बकाया कर्ज न देने पर

# इकबालपुर शुगर मिल की 77 बीघा भूमि की कुर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** तहसील भगवानपुर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धनश्री एग्रो प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड, इकबालपुर शुगर मिल पर कड़ा शिकंजा कस दिया है। उप जिलाधिकारी श्री देवेंद्र सिंह नेगी के आदेशों के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई।

सूत्रों के अनुसार, शक्कर विशेष निधि ऋण के अंतर्गत मिल पर लगभग 8 करोड़ 20 लाख रुपये बकाया है। इसके अलावा, राज्य कर 31 लाख रुपये तथा अन्य मदों में लगभग 28 लाख रुपये की देनदारी है। इस प्रकार मिल पर कुल मिलाकर लगभग 9 करोड़ रुपये (ब्याज एवं वसूली सहित) बकाया है। प्रशासन ने वसूली प्रक्रिया को तेज करते हुए मिल के नाम दर्ज भूमि खसरा संख्या 133, क्षेत्रफल लगभग 77 बीघा को कुर्क कर लिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बकाया वसूली की कार्रवाई अब निरंतर जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी। इस दौरान मौके पर नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता, संग्रह अमीन सोम दत्त सैनी, राजवीर सिंह, प्रताप एवं विजेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि शुगर मिल



पर लंबे समय से बकाया राशि की वसूली अटकी हुई थी, जिसे लेकर किसानों और प्रशासन दोनों की ओर से दबाव बढ़ता जा रहा था। अब प्रशासन द्वारा की गई इस कुर्की कार्रवाई से बकायेदार मिल प्रबंधन पर बड़ा असर पड़ना तय माना जा रहा है।

# हाईकोर्ट ने उठाए पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

**■ आज फिर होगी सुनवाई, डीएम व एसएसपी को शपथ-पत्र देने के हाईकोर्ट के निर्देश जिला पंचायत चुनाव के दौरान घटनाक्रम पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने जिलाधिकारी नैनीताल से कहा है कि अब तक क्या कार्यवाही उनके द्वारा की गई उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें, जो रिपोलिंग कराने का बयान आपने दिया था उस पर राज्य चुनाव आयोग ने क्या कहा? इस पर मंगलवार (आज) तक जवाब पेश करें।

बता दें मंगलवार को हाईकोर्ट में जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा भी पेश हुए। कोर्ट ने उनसे पूछा कि घटना के बारे में आपको क्या कहना है। उसका उत्तर देते हुए एसएसपी व राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि वायरल वीडियो के आधार पर कार्यवाही की जा रही है। शिकायतों के आधार पर दोनों पक्षों की एफआईआर दर्ज कर ली गयी है।

मुकदमा दर्ज होने के बाद कोर्ट ने एसएसपी से फिर से पूछा कि उसके बाद क्या हुआ? कितने के खिलाफ कार्यवाही की जिसका जवाब वे नहीं दे पाए। ऊपर से कहा कि जो 5 सदस्य गायब थे उनका बयान मजिस्ट्रेट के वहां दर्ज करा दिये गए हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि जब गायब हुए ही नहीं बयान किस आधार पर दर्ज किए। आपके मुता. बिक जब घटना घटित ही नहीं हुई उनको अपनी कस्टडी में क्यों रखा। कुछ नहीं कानून की रखवाले करने वालों की यह लापरवाही है। इस मामले की अगली सुनवाई मंगलवार (आज) भी जारी रहेगी।

### हाईकोर्ट ने बताया पुलिस की असफलता

**नैनीताल।** मतदान के दिन जिला पंचायत स्थित मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी पर हथियारों के साथ एक गिरोह के वहां पहुंचने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए हाईकोर्ट ने इसे पुलिस की असफलता बताया और एसएसपी से इस मुद्दे पर विस्तृत शपथ पत्र देने को कहा है।

### डीएम को शपथ-पत्र देने के निर्देश

**नैनीताल।** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश होकर 15 अगस्त की सुबह 3 बजे मतगणना किये जाने को नियमानुसार बताया तथा कहा कि मतगणना के बाद मतपत्र ट्रेजरी के लॉकर में रखे गए थे जिन्हें सोमवार कोर्ट के समक्ष पेश किया गया है। कोर्ट ने जिलाधिकारी से भी इस मामले में शपथ पत्र मांगा है।

### कांग्रेस प्रत्याशी की आपत्ति

**नैनीताल।** मामले में कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा नेगी के अधिवक्ताओं ने घोर आपत्ति जताई है। इधर कांग्रेस की ओर से सोमवार को नई रिट फाइल कर जिला पंचायत अध्यक्ष नैनीताल के लिये पुनर्मतदान की मांग की है।

### हाईकोर्ट ने घटना के देखे वीडिया

**नैनीताल।** सोमवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने वे सभी वीडियो देखें जिनमे रेनकोट पहने लोग 5 सदस्यों को घसीटते हुए ले जा रहे हैं। इसके अलावा घटना के बाद कुछ युवकों द्वारा सोशल मीडिया में नैनीताल को हिला डाला शीर्षक से डाले गए वीडियो को भी देखा है। जिस पर कोर्ट ने गहरी चिंता जताई है। एसएसपी ने इन आरोपियों को गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

### जिला पंचायत सदस्य हुए पेश

**नैनीताल।** हाईकोर्ट में सोमवार को एसएसपी ने जिला पंचायत अध्यक्ष नैनीताल के चुनाव के दिन बलपूर्वक उठाए गए पांच जिला पंचायत सदस्यों को हाईकोर्ट में पेश किए गया लेकिन सोमवार को उनसे कोर्ट की तरफ से कोई पूछताछ नहीं हुई।

## उत्तराखंड में नेचुरलिस्ट ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद व पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी स्किल काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को देहरादून स्थित मंथन हॉल, वन मुख्यालय में नेचुरलिस्ट ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह पंद्रह दिवसीय उन्नत स्तर का प्रशिक्षण राज्य के उन युवाओं, गाइड्स और प्रकृति प्रेमियों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जो पारिस्थितिकी, जैव विविधता संरक्षण और के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहते हैं।

इस अवसर पर पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने अपने संदेश में कहा कि उत्तराखंड पर्यटन विभाग 17 अगस्त से चार प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर रहा है, जिनमें नेचुरलिस्ट ट्रेनिंग, टूर गाइड ट्रेनिंग, स्ट्रीट फूड उद्यमी प्रशिक्षण तथा एस्ट्रो टूर गाइड प्रशिक्षण शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 2300 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड की प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित रखने और इसे पर्यटन के माध्यम से वैश्विक पहचान दिलाने के लिए इस प्रकार की पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर पद्मभूषण डॉ. अनिल जोशी, अपर निदेशक पर्यटन पूनम चन्द, डॉ. एम. मधु, अंजलि भरतरी, अपर सचिव काहकशां नसीम, बृजेन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग डिवाइस का वितरण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने मुख्य चिकित्स अधिकारी कार्यालय देहरादून में गैर संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग डिवाइस का वितरण किया। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत यह डिवाईस आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तैनात 40 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को वितरित किये गये। वितरण के साथ-साथ सभी सीएचओ को इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया।इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार समुदाय स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए



निरंतर तकनीक और नवाचार की मदद ले रही है। इसी कड़ी में समस्त सीएचओ को पीओसीटी डिवाइस दिये जा रहे हैं। इनकी मदद से 28 से अधिक स्वास्थ्य संबंधी जांच घर-घर जाकर की जा सकेंगी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के लिए समय-समय पर अधिकारी निरंतर मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि इन सभी योजनाओं की सफलता लाभार्थियों की संतुष्टि पर निर्भर करेगी। उन्होंने चिकित्सालयों में रेफरेल की परम्परा पर अंकुश लगाने तथा रेफरल के संबंध में स्पष्ट एसओपी जारी करने के लिए निद. ेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य को निर्देश दिये।

**■ मुख्य चिकित्स अधिकारी कार्यालय देहरादू में गैर संचारी रोग कार्यक्रम के तहत हुआ आयोजन ,डॉ रावत ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तैनात 40 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को दी डिवाइस**

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक राज्य में वृहद रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान के साथ-साथ पंजीकरण भी किया जायेगा। साथ ही पंचायत स्तर पर वृहद स्वास्थ्य शिवि. रों का आयोजन किया जायेगा।

### क्या है प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग डिवाइस

इस डिवाइस की मदद से ऑन द स्पॉट 28 से अधिक विभिन्न स्वास्थ्य जांच की जा सकती है। इस उपकरण से किये जाने वाले टेस्ट का परिणाम 2 से 5 मिनट में प्राप्त हो जाता है। इससे ग्लूकोज, कोलेस्ट्रॉल, हीमोग्लोबिन, वाईटल्स, ईसीजी, यूरिक एसिड तथा अन्य रैपिड टेस्ट सहित 28 से अधिक टेस्ट किये जा सकते हैं। इस उपकरण के माध्यम से जनपद के दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत लोगों तक भी नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ पहुंच पायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने जनपद में आयुष्मान अरोग्य मंदिर में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा जांच सेवाओं का विवरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर निदेशक, चि.स्वा.प. क. डॉ शिखा जंगपांगी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वंदना सेमवाल, डॉ निधि रावत, डॉ विमलेश जोशी, डॉ प्रदीप राणा, डॉ दिनेश चौहान, डॉ कैलाश गुंज्याल, डॉ राजीव दीक्षित, डॉ आनंद शुक्ला, डीटीओ डॉ मनोज वर्मा सहित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नवीन जोशी, प्रशासनिक अधिकारी कांति शर्मा, फार्मेसी अधिकारी सुधा कुकरेती, डीपीएम लक्ष्मण सिंह रावत, सीपीएचसी कंसल्टेंट मनोज खण्डूडीध, लेखा प्रबंधक विवेक गुसाईं, स्पेशियलिटी फार्मा से वैभव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश के समग्र विकास को आगे बढ़ाएगी ट्रिपल इंजन की सरकार: गौतम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम ने पंचायत चुनाव में प्रचंड जीत के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए इसे सीएम धामी का जनता के सुख दुख में साथ खड़े होने पर आशीर्वाद बताया।

इस परिणाम के लिए पार्टी नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं की जी तोड़ मेहनत की प्रशंसा भी की। वहीं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जनता को गुमराह कर देश पर शासन की मंशा रखने का भी आरोप लगाया। साथ विकसित भारत के लिए उपराष्ट्रपति पद पर एनडीए उम्मीदवार की जीत निश्चित बताई।

पार्टी कार्यालय में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने वोटर सूची को लेकर राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार किया। कहा कि लोकतंत्र की हत्या, वोट चोरी जैसे अतर्किक और असंवैधानिक आरोपों पर कौन उन्हें समझाएगा।

एक इलेक्शन कमीशन ही था जो उन्हें समझा सकता था। लेकिन लगता है उन्होंने कभी नहीं समझने की कसम उठाई हुई है। सत्य तो यह है कि लोकतंत्र की सबसे पहले हत्या तो तब की गई थी जब राजनैतिक महत्वकांक्षा के लिए नेहरू और कांग्रेस ने देश का बंटवारा कराया, लाखों लोगों की हत्या हुई।

फिर इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया कि हजारों लोग मारे गए, लाखों लोग जेल में बंद किया गया, पत्रकारों पर भी प्रतिबंध लगाए गए,



पूरा देश जेल में तब्दील हो गया था। राजीव गांधी ने 1984 में हजारों सिखों का कत्लेआम किया और आज राहुल गांधी की पूर्व की सरकार ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया। लोगों को डर लगता होगा कि मार्केट, गुरुद्वारा, मंदिर, मस्जिद जाते हुए जगह जगह लिखा होता था कि बड़े-बड़े शब्दों में किसी प्रकार की लावारिस सामान न छुए, बम हो सकता है। अब यही लोग देश को बर्बाद करने करने की मंशा से जनता को गुमराह कर देश पर शासन करना चाहते हैं।

वहीं उन्होंने भाजपा के पक्ष में पंचायत चुनावों नतीजों के लिए जनता का आभार व्यक्त किया। इस दिशा में मुख्यमंत्री की कार्यशैली, जनता के बीच लगातार खड़े रहना, आपदा के बीच प्राथमिकता से लोगों की मदद मिले उस पर ध्यान देना। इसके अतिरिक्त हमारे देवतुल्य कार्यकर्ताओं और पार्टी नेतृत्व की समाजसेवा करने का नतीजा है, जिला पंचायत अध्यक्ष 12 में से 10 सीट और अधिसंख्य प्रमुख सीट जीतना। उन्होंने विश्वास दिलाया कि अब हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेश के समग्र विकास को आगे बढ़ाएगी। वहीं हमारी जीत की यह लहर, आने वाले विधानसभा चुनाव में भी पूर्ण बहुमत में तब्दील होगी।

### कहा -उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर जीत सुनिश्चित

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर उन्होंने कहा, हम बिल्कुल आशान्वित हैं कि देश की जनता के चुने हुए प्रतिनिधि नरेंद्र मोदी के ऊपर पूर्व विश्वास करते हैं। सभी चाहते हैं कि सारे क्षेत्रों में देश आगे बड़े और विकसित भारत निर्माण हो। इसलिए हमारे उपराष्ट्रपति प्रतिनिधि को पूरा सहयोग मिलना और उसका जीतना निश्चित है।

## हाईकोर्ट की टिप्पणी पर प्रदेश सरकार लाजवाब: कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के अंतिम चरण में नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में भाजपा के नेताओं ने हथियार बंद अपराधिक तत्वों के साथ मिल कर पांच जिला पंचायत सदस्य उठाने का जो दुस्साहस किया और आज पांच दिन बाद भी इस पूरे प्रकरण में शामिल अपराधियों को पकड़ने में पुलिस जिस तरह से नाकाम हुई उस पर आज नैनीताल उच्च न्यायालय की टिप्पणी के बाद प्रदेश की सरकार को एक मिनिट भी सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है।

यह बात सोमवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बात. चीत में कही। उच्च न्यायालय नैनीताल में इस प्रकरण पर हुई बहस और उस पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश व बैंच की टिप्पणियां सार्वजनिक हुई उस पर प्रतिक्रिया देते हुए धस्माना ने कहा कि यह बात बिल्कुल सत्य ही की जिस जिला मुख्यालय में प्रदेश का उच्च न्यायालय हो जहां मुख्य न्यायाधीश समेत हाई कोर्ट की पूरी बेंच बैठती हो और मंडल मुख्यालय भी हो उस जिले में इस प्रकार अपराधी हथियारबंद हो कर किसी अपहरण की घटना को बेखौफ अंजाम दे दें वो भी पुलिस के सामने इससे बड़ा कानून व्यवस्था के ध्वस्त होने का उदाहरण दूसरा नहीं हो सकता। धस्माना ने कहा कि इस पूरी आपराधिक घटना में जिनकी संलिप्तता है उनको गिरफ्तार करने की बजाय पुलिस उनको बचा रही है और उच्च न्यायालय की पुलिस अधीक्षक नैनीताल के बारे में सभी टिप्पणियां बिल्कुल सही हैं और सरकार को उनको तत्काल वहां से हटा कर होम गार्ड में भेज देना चाहिए। धस्माना ने कहा कि भाजपा इस पूरे प्रकरण के पीछे मास्टरमाइंड है और इसीलिए आज तक पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। धस्माना ने कहा कि कल शुरू होने वाले विधानसभा सत्रों यह मुद्दा जोर शोर से उठेगा व सड़कों पर इस मुद्दे पर कांग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी।

**■ प्रदेश में कानून व्यवस्था के ध्वस्त होने का सबसे बड़ा उदाहरण है नैनीताल प्रकरण: धस्माना**

## विधानसभा का मानसून सत्र आज से गैरसेंण में शुरु

**■ सोमवार को स्पीकर ऋतु खंडूरी ने व्यवस्थाओं का लिय जायजा कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में तय किया गया एजेंडा**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भराड़ीसैंण (गैरसैंण)।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने आज भराड़ीसैंण (गैरसैंण) विधानसभा का पुन: निरीक्षण कर कल से शुरू हो रहे मानसून सत्र की सभी तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभा मंडप में ध्वनि (साउंड) के ईको की समस्या के समाधान को लेकर आईआईटी रुड़की द्वारा किए गए तकनीकी सुधारों का अवलोकन किया और टेस्टिंग के उपरांत संतोष व्यक्त किया।

इस बार भराडीसैंण में विधानसभा सत्र का संचालन ई-नेवा प्रणाली के माध्यम से किया जाना है। इस व्यवस्था की सफल टेस्टिंग आज की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि डिजिटल माध्यम से कार्यवाही अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी होगी।

स्पीकर ने महिला जनप्रतिनिधियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए देहरादून विधानसभा की तर्ज पर भराड़ीसैंण विधानसभा में भी एक विशेष कक्ष निर्धारित किए जाने की जानकारी दी।

## एससीईआरटी नियमावली में देरी पर विभागीय मंत्री नाराज

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) तथा जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) की नियमावली अभी तक तैयार न होने पर सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कड़ी नराजगी जताई। उन्होंने शिक्षा सचिव को तत्काल कार्मिक विभाग से समन्वय स्थापित कर नियमावली से संबंधित अड़चनों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिये। साथ ही एससीईआरटी व डायट में लम्बे समय से रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने को भी कहा।



सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को विधानसभा स्थित सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने एससीईआरटी व डायट की नियमावली में हो रही अनावश्यक देरी पर विभागीय अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

विगत चार वर्ष से नियमावली तैयार न होने पर हैरानी जताते हुये उन्होंने इसे लापरवाही की पराकाष्ठा बताया। डॉ. रावत ने सचिव शिक्षा रविनाथ रमन को नियमावली बनाने में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिये खुद कार्मिक विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एससीईआरटी व डायटों की नियमावली किसी भी सूरत में एक माह के भीतर तैयार कर कैबिनेट में प्रस्तुत की जाय। बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, अपर सचिव रंजना राजगुरू, निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल व पदमेन्द्र सकलानी आदि उपस्थित रहे।

### 13 डायटों में प्रवक्ता के रिक्त 221 पदों पर शीघ्र भर्ती को भेजें अधियाचन

शिक्षा मंत्री डॉ रावत ने कहा कि एससीईआरटी व डायटों में लम्बे समय से अकादमिक व पैराअकादमिक के पद रिक्त पड़े हैं, जिससे शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य प्रभावित हो रहे हैं और इसका खामियाजा प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सभी 13 डायटों में प्रवक्ता के रिक्त 221 पदों पर शीघ्र भर्ती के लिए अधियाचन राज्य लोक सेवा आयोग को भेजने को कहा। साथ ही आयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत विद्यालयों में तैनात ऐसे प्रवक्ता शिक्षकों को डायटों अचौट करने को कहा, जिनके विषयों में छात्र संख्या शून्य हो, ताकि डायटों में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सुचारू रूप से चल सके। डॉ. रावत ने कहा कि वर्तमान में सभी डायटों में वरिष्ठ प्रवक्ता के 69 व प्रवक्ता के 53 पद रिक्त पड़े हैं।

## लूट के मोबाइल के साथ एक लुटेरा गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**,देहरादून।** करीब दो कदन पूर्व क्लेमंटाउन थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए लुटेरे को आखिरकार स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

पीड़ित द्वारा थाना क्लेमंटाउन पर विगत 16 अगस्त को जितेंद्र पुत्र विश्वास सिंह निवासी नयागांव सेवलाखुर्द कोतवाली पटेलनगर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया था कि कि वह पिललेश्वर महादेव मंदिर से अपने किसी परिचत के मकान पर मोहब्बेवाला जा रहा था कि इस दौरान पीछे से एक व्यक्ति ने उसके हाथ से उसका मोबाईल फोन लूट लिया।

खबर मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने धारा 304(2) के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया था। मोबाइल लूट की वारदात के बाद एसएसपी अजय सिंह ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सीओ सदर अंकित कंडारी को तत्काल वारदात का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। बाद में थाने पर पुलिस टीम का गठन किया गया और वारदात में शामिल आरोपी की तलाश प्रारंभ कर दी। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगाला गया और पुलिस टीम ने मोबाइल लूट की वारदात में शामिल एक आरोपी आकाश को घटनास्थल के समीप से गिरफ्तार होना दर्शाया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह नशा करने का आदि है और नशे की लत को पूरा करने के लिए ही वह लूट की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने पकड़े गए लुटेरे को संबंधित न्यायालय में पेश किया जहां से उसे चौदह दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## एमडीडीए की बड़ी कार्रवाई, अवैध निर्माण और प्लॉटिंग पर चली जेसीबी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की ओर से शहरी क्षेत्र में अनियंत्रित और अवैध निर्माण गतिविधियों पर सखघ्ती से रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में सोमवार को एक व्यापक ध्वस्तीकरण और सीलिंग अभियान चलाया गया। देहरादून और ऋषिकेश के विभिन्न क्षेत्रों में की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर के नियोजित विकास को सुनिश्चित करना और अवैध निर्माणकर्ताओं को स्पष्ट संदेश देना है कि नियमों की अनदेखी अब किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी।

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण की टीमें पूर्व सूचना और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए



विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से निर्मित भवनों को ध्वस्त व सील करने के लिए मौके पर पहुंचीं।

प्रमुख कार्यवाहियाँ इस प्रकार रहीं :

ऋषिकेश (बीरभद्र रोड, न्यू आवास विकास कॉलोनी) में दुष्यंत सेठी द्वारा हरि रेजीडेंसी निकट भरत विहार में अवैध रूप से निर्मित बहुमंजिला भवन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस दौरान सहायक अभियंता शशांक सक्सेना, राजेन्द्र बहुगुणा, शैलेन्द्र सिंह रावत, निशांत कुकरेती, अवर अभियंता मनवीर, प्रियंका, मुनेश राणा, सचिन तोमर, जयदीप सिंह, सुप. रवाइजर व पुलिस बल।

देहरादून (रूपनगर बद्रीपुर) में अशोक कुकसाल द्वारा लगभग 05 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा, अवर अभियंता विक्रम सिंह, सुपरवाइजर व पुलिस बल।

वहीं छिदरवाला में भूषण कुमार द्वारा किए गए अवैध व्यावसायिक निर्माण पर कार्रवाई करते हुए स्थल को सील किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा, अवर अभियंता प्रवेश नौटियाल, सुपरवाइजर व पुलिस बल।

ऋषि विहार, देहरादून में नजीर अहमद द्वारा किए गए अवैध व्यावसायिक निर्माण को संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आद. ेशानुसार सील किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता अभिजीत थलवाल, सुपरवाइजर व अन्य।

### नियमों की अवहेलना करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा की गई यह कार्रवाई यह स्पष्ट करती है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण या प्लॉटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारा लक्ष्य एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और टिकाऊ शहरी वातावरण सुनिश्चित करना है। नियमों की अवहेलना करने वालों पर भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मैं नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले प्राधिकरण से विधिवत स्वीकृति प्राप्त करें और कानून का पूर्ण पालन करें।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 19 अगस्त 2025

# ईसीआई को फटकार

यह बात अलग है कि बिहार में ड्राफ्ट सूची से बाहर किए 65 लाख मतदाताओं की लिस्ट जारी कर दी गई है। वोटर अपने नाम जिलों की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने मुस्तैदी दिखाते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद के बाद बिहार की मसौदा निर्वाचक सूची से खारिज 65 लाख मतदाताओं के नाम, और कारण प्रकाशित करने का आदेश दिया था। इसे भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को फटकार के रूप में देखा जाना चाहिए। मतदाताओं के लिए नैसर्गिक न्याय के बुनियादी सिद्धांतों का पालन हो, इसके लिए आयोग को बाध्य करने के वास्ते सुप्रीम कोर्ट की जरूरत पड़ी।

यह इस संस्था द्वारा एसआईआर कराने में गंभीर खामियों और इसके क्रियान्वयन के अति-आत्मविश्वासपूर्ण व जल्दबाजी भरे तरीके को रेखांकित करता है। मृत्यु, या खोजने पर नहीं मिलने या फर्जी/ डुप्लीकेट प्रविष्टि होने के कारण जिनके नाम हटाए गए हैं, उन खारिज मतदाताओं की कोई एक जगह एकत्रित सूची नहीं है, ऐसा दावा आयोग ने किया है। हटाए गए प्रत्येक नाम के सामने कोई कारण भी नहीं दिया गया है। कुछ अखबारों ने विश्लेषित डेटा और जमीनी रिपोर्टों ने महत्वपूर्ण विसंगतियों को उजागर किया है। पुरुषों का प्रवास ज्यादा होने और पुरुषों की हालिया मृत्यु दर भी थोड़ी अधिक होने के बावजूद, पुरुषों (तकरीबन 25 लाख) से कहीं ज्यादा बड़ी तादाद में महिलाओं (32 लाख) का नाम काटा गया है। रिपोर्ट बताती हैं कि तमाम इलाकों में कई मतदाताओं की गलत ढंग से मृत के रूप में पहचान की गई है या वैध मतदाता पहचान पत्र और निवास का प्रमाण होने के बावजूद उन्हें मतदाता सूची में शुमार नहीं किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप ऐसे मतदाताओं के लिए उनसे संबंधित गड़बड़ियों के निवारण का एक सार्थक रास्ता उपलब्ध कराता है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए आयोग द्वारा तय 1 सितम्बर की आखिरी तारीख नजदीक है। सुप्रीम कोर्ट एसआईआर पर मामले की सुनवाई जारी रखेगा, जो अपने साथ अन्य समस्यापूर्ण तत्वों को भी समेटे हुए है। जनवरी में आयोग द्वारा अपने ही संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद, इस पूरी कवायद की संवैधानिकता पर निर्णय आना बाकी है। इसके अलावा, आयोग अब भी इस बात पर कायम है कि मसौदा सूची में शुमार मतदाताओं को चुनाव पंजीकरण अधिकारियों द्वारा 11 निर्देशित दस्तावेजों, जिसमें ज्यादा सार्वभौम रूप से उपलब्ध आधार या राशन कार्ड शामिल नहीं हैं, में से किसी एक की उपलब्धता के आधार पर जांचा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को खारिज नागरिकों को अपने आधार कार्ड के साथ आपत्तियां दाखिल करने की अनुमति देने का आदेश दिया है और पूर्व की दो सुनवाइयों में इस दस्तावेज को स्वीकार करने के लिए उस पर दबाव डाला है। इसे देखते हुए आयोग को अब आधार कार्ड को भी पहचान दस्तावेज के रूप में शामिल करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश एसआईआर कराने में निर्वाचन आयोग द्वारा अपारदर्शी साधनों का इस्तेमाल किए जाने पर भी रोशनी डालता है।


## जिम्मेदारी से भाग रहा चुनाव आयोग



विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गति. विधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है, आयोग राजनीतिक दलों के नेताओं के सवालों के जवाब नही दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है, आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है।

**-गौरव गोगोई**
**सांसद कांग्रेस**

# बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद





**विनीत नारायण**

काफी रस्साकशी के बाद वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का कॉरिडोर बनने का रास्ता साफ हो गया। योगी सरकार ने इस मंदिर के प्रबंधन के लिए न्यास भी गठित कर दिया। जिसमें मंदिर की बागडोर अब पूरी तरह सरकार के हाथ में है। मंदिर के सेवायत गोस्वामियों के परंपरा से चले आ रहे दो समूहोंरू राजभोग सेवा अधिकारी और शयन भोग सेवा अधिकारी में से मात्र एक-एक प्रतिनिधि इस न्यास का सदस्य रहेगा। इस पूरे विवाद में वृंदावन का समाज दो भागो में बटा हुआ था। एक तरफ थे सेवायत गोस्वामी व उनके परिवार, बिहारीपुरा के बाशिंदे और आसपास के दुकानदार, जिनकी संपत्तियां प्रस्तावित कॉरिडोर के दायरे में आ रही हैं। दूसरी तरफ वृन्दावन के आम नागरिक और बाहर से आने वाले दर्शनार्थी। जहां पहला पक्ष कॉरिडोर के विरुद्ध आंदोलन करता आया है। वहीं दूसरा पक्ष कॉरिडोर का स्वागत कर रहा है।

इस विषय में बहुत से गोस्वामीगणों ने मुझसे भी संपर्क किया और इस विवाद में मेरा समर्थन मांगा। कई कारणों से मैं इस मामले में उदासीन रहा। इसकी वजह यह थी कि 2003 -2005 के बीच जब मैं इस मंदिर काअदालत द्वारा नियुक्त रिसीवर यानी, प्रशासक था तो मैंने मंदिर की अव्यवस्थाओं को सुधारने का सफल प्रयास किया था, पर गोस्वामियों का सहयोग नहीं मिला।

30 जून 2003 को मैंने बिहारी जी के मंदिर का कार्यभार संभाला और 1 अगस्त को हरियाली तीज थी। इस दिन उत्तर भारत से लाखों भक्त स्वर्ण हिंडोले में बैठे बांके बिहारी जी के दर्शन करने आने वाले थे। मंदिर के कुछ पुराने गोस्वामियों ने मुझे चुनौती दी कि मैं ए व्यवस्था नहीं संभाल पाऊंगा। ठाकुर जी पर निर्भर होकर चुनौती स्वीकार की और यह पता लगाया कि क्या- क्या समस्याएं आती हैं। सबसे बड़ी समस्या थी, बिहारी जी तक जाने वाले पांचों मार्गों से आने वाली अपार भीड़। दूसरी समस्या थी, मंदिर के प्रवेश द्वार पर जूते चप्पलों का पहाड़ बन जाना। तीसरी समस्या थी, लोगों की जेब कटना और सोने की चेन खींचना। चौथी समस्या थी, महिलाओं के साथ भीड़ का दुर्व्यवहार। मैं फौरन दिल्ली गया और छतरपुर स्थित कात्यानी देवी के मंदिर के प्रबंधक तिवारी जी से मिला। जो हर नवरात्रि पर लाखों दर्शनार्थियों की भीड़ संभालते थे। उन्होंने बताया कि एसपीजी के कुछ सेवानिवृत्त अधिकारी भीड़ प्रबंधन की एजेंसी चलाते हैं। उनसे संपर्क किया और उन्हें वृन्दावन बुलाया। मथुरा के तत्कालीन जिलाधिकारी सुधीर वास्तव और एसएसपी सतेन्द्र वीर सिंह से लगभग दो सौ सिपाही मांगे और इतने ही स्वयंसेवक अपने संगठन ब्रज रक्षक दल के बुलाए। इन चार सौ लोगों को मोदी भवन में भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशिक्षित किया। इस कार्य में मान मंदिर के युवा साधुओं का विशेष सहयोग मिला। बिपिन व्यास ने सुझाव दिया कि मंदिर आने और जाने का एक-एक ही मार्ग रखा जाए और बाकी मार्ग बंद कर दिए जाएं। इसके अलावा विद्यापीठ के चौराहे पर दस हजार टोकन के साथ जूता घर बनाया गया। जिसमें सेवा करने चांदनी चौक दिल्ली के युवा व्यापारी आए। एसपीजी के इन अधिकारियों ने मंदिर के प्रांगण से विद्यापीठ चौराहे तक पूरे मार्ग को दस सेक्टरों में बांट दिया और वॉकी-टॉकी से हर सेक्टर के दर्शनार्थीयों को क्रमानुसार आगे बढ़ाया। महिलाओं और बुजुर्गों की सहायता के लिए हमने हर सेक्टर में 'ब्रज रक्षक दल' के स्वयं सेवक तैनात किए गए।

इन सब व्यवस्थाओं का परिणाम यह हुआ कि न तो किसी की जेब कटी, न धक्का-मुक्की हुई, न चप्पल-जूते खोए, बल्कि बूढ़े और जवान सबको बड़े आराम से दर्शन हुए। इस हरियाली तीज के कई दिन बाद तक मुझे मुंबई, कलकत्ता और अन्य शहरों से परिचित भक्त परिवारों के फोन आते रहे कि जैसी व्यवस्था बिहारी जी में इस बार हुई ऐसी पहले कभी नही हुई। कहने का तात्पर्य यह है कि भीड़ कितनी भी हो दर्शन की व्यवस्था सुधारी जा सकती थी।

मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा। लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां विडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बिठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।

बिहारी जी के मंदिर की व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से मैंने वाजपेई सरकार में केन्द्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री जगमोहन जी को वृन्दावन बुलाया। उन्होंने मेरे साथ बिहारी जी के मंदिर का विस्तृत दौरा किया और अगले ही दिन दिल्ली से एएसआई व सीपीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिका. रियों के मुझे फोन आने लगे कि, 'मंत्री जी ने हमें आदेश दिया है कि आपके जो निर्देश हों, उनके अनुसार मंदिर की व्यवस्था को सुधारने में सहयोग करें।' इससे मंदिर में हलचल मच गई। मुझे कुछ गोस्वामियों के गुमनाम फोन आए, जिन्होंने धमकी दी कि मैं मंदिर की व्यवस्था में कोई बदलाव न करूं। मैंने रमेश बाबा से पूछा कि क्या करूं? वे बोले, ब्राह्मणों के पेट पर लात मारने वाला दीर्घ काल तक 'रौरव नर्क' में फेंक दिया जाता है। तुम यह मत करो। उनका यह रुख देखकर तब मैंने इस दिशा में प्रयास करना बंद कर दिया। किन्तु मंदिर की दैनिक व्यवस्था में जितना सुधार कर सकता था किया। फिर यह सोचकर कि मुझे अपनी ऊर्जा सम्पूर्ण ब्रज के विकास पर लगानी चाहिए, एक मंदिर में उलझकर नहीं रहना चाहिए। इसलिए 22 महीने बाद 2005 में मैंने स्वत: ही बिहारी जी के मंदिर के रिसीवर पद से त्यागपत्र दे दिया। मैं ऋणी हूं बिहारी जी का, संतों का, अपने ब्रजवासी बंधुओं का व बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों का, जिन्होंने इस कार्यकाल में मेरी विनम्र सेवा को स्वीकार किया और सराहा। अगर मंदिर के सभी आदरणीय गोस्वामीगण 2003-05 में मंदिर की व्यवस्थाओं को स्थाई रूप से सुधारने के लिए निष्काम भावना से किए जा रहे मेरे ठोस प्रयासों में सहयोग करते तो कदाचित यह स्थिति न आती।

**मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा, लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां वीडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बैठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेजॉन जंगलों में बढ़ रहा पारा प्रदूषण

**वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष एक हजार टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है।**




अमेजॉन के जंगल 1।7 अरब एकड़ में फैले सर्वाधिक जैव विविधता वाले उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं। अमेजॉन क्षेत्र में नौ देशों के क्षेत्र शामिल हैं, ब्राजील (60 प्रतिशत), पेरू (13 प्रतिशत), कोलंबिया (10 प्रतिशत) और वेनेजुएला, इक्वाडोर, बोलीविया (6 प्रतिशत), गुयाना, सूरीनाम और फ्रेंच गुयाना के हिस्से हैं। पेरू के अमेजॉन में नदी में खुदाई करके सोने का खनन होता है। खनिक सोनायुक्त तलछट में पारा मिलाते हैं, जो सोने के साथ अमलगम बना लेता है। अमलगम को उच्च तापमान पर गर्म किया जाता हैय पारा वाष्पित हो जाता है और सोना शेष बच जाता है। इस तरह वाष्पीकृत पारा अमेजॉन में पारा प्रदूषण का मुख्य कारण है।

2011 में, मात्र सोने के खनन के लिए लगभग 1400 टन पारे का उपयोग किया गया था, जो पारे की वैश्विक खपत का 24 प्रतिशत है। अधिकांश पारे का पुनर्चक्रण नहीं किया जाता है, जिससे सोना खनन पर्यावरण के लिए पारा प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत बन जाता है। पारा एक शक्तिशाली तंत्रिका-विष है जो लोगों और वन्यजीवों दोनों में तंत्रिका सम्बंधी क्षति का कारण बन सकता है। वन्यजीवों में मिथाइल मर्करी की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। 12 पक्षी प्रजातियों में कई गुना अधिक पारा पाया गया है। और तो और, 10 में से 7 ब्लैक-स्पॉटेड बेयर आई पक्षियों में पारे की मात्रा उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित करने के स्तर पर पाई गई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO ने पारे को सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के शीर्ष दस रसायनों में से एक माना है। पारा प्रदूषण वन्यजीवों को खतरे में डाल रहा है, जिससे जगुआर और नदी डॉल्फिन समेत कई मछलियां खतरे में हैं। एक नए अध्ययन के अनुसार, वायुमंडल में प्रतिवर्ष मानव निर्मित पारे के उत्सर्जन का लगभग 10 प्रतिशत वैश्विक वनों की कटाई का परिणाम है। वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष 1000 टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है। प्रदूषण को कम करने के लिए कदम उठाना जरूरी है। इसके लिए अमेजॉन का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है क्योंकि अमेजॉन वर्षावन पारा सिंक के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। यह वैश्विक भूमि सिंक में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देते हैं। अमेजॉन वनों की कटाई को रोकने से पारा प्रदूषण काफी कम किया जा सकता है।

**-सुदर्शन सोलंकी**
**(स्रोत फीचर्स)**

# तकनीक और स्मृतियों का अनूठा संगम है फोटोग्राफी



फोटोग्राफी की दुनिया आज बिल्कुल बदल चुकी है। दरअसल एक जमाना था, जब लोगों को फोटो खिंचवाने के लिए फोटो स्टूडियो तक जाना पड़ता था लेकिन अब छोटे से छोटे तबके के व्यक्तियों के पास भी कैमरे वाले फोन हैं, जिनसे बड़ी आसानी से कहीं भी और कभी भी तस्वीरें खींची जा सकती हैं और उन्हें सहेजकर रखा जा सकता है। यह अलग बात है हर जेब में मोबाइल होने और हर व्यक्ति के फोटोग्राफर बन जाने के बाद भी दुनियाभर में अच्छे फोटोग्राफर कम ही हैं।

दरअसल एक अच्छा फोटो प्राप्त करने की पहली शर्त है आंखों से दिखाई देने वाले दृश्य को कैमरे की मदद से एक फ्रेम में बांधना, प्रकाश, छाया, कैमरे की स्थिति, उचित एक्सपोजर तथा उचित विषय का चुनाव करना इत्यादि। अच्छे फोटो के बारे में पेशेवर फोटोग्राफरों का कहना है कि कैमरे के फ्रेम में क्या लेना है, इससे ज्यादा किसी भी अच्छे फोटोग्राफर को इस बात का ज्ञान होना बेहद जरूरी है कि उसे फ्रेम के बाहर क्या-क्या छोड़ना है। कोई भी फोटो अच्छा क्यों होता है, इस तथ्य का सही ज्ञान ही किसी फोटोग्राफर को सामान्य से विशिष्ट बनाने के लिए पर्याप्त होता है। जब तक किसी फोटो में मानवीय संवेदनाएं नजर नहीं आएंगी, तब तक उसे बेहतर तस्वीर नहीं माना जा सकता। किसी भी फोटो में स्पष्ट दिखने वाली ऐसी ही मानवीय संवेदनाओं के कारण ही प्राय: कहा भी जाता है कि एक फोटो हजार शब्दों के बराबर होता है। इसलिए कोई भी फोटो तकनीकी रूप में कितना ही अच्छा क्यों न हो, वह तब तक सर्वमान्य नहीं हो सकता, जब तक कि वह मानवीय संवेदना को झकझोर न दे। किसी भी उत्पाद के प्रचार के लिए बनाए जाने वाले विज्ञापन को आकर्षक बनाने में भी एक अच्छे फोटोग्राफर का योगदान बहुत बड़ा होता है। फोटोग्राफी के क्षेत्र में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने, फोटोग्राफी को लेकर विचारों को एक-दूसरे के बीच साझा करने, फोटोग्राफी के क्षेत्र में आने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने तथा विश्वभर के फोटोग्राफरों को एकजुट करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'मेरी पसंदीदा तस्वीर' थीम के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल दुनियाभर में फोटोग्राफी के शौकीन ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्होंने फोटोग्राफी को ही अपना कैरियर बना लिया है। वास्तव में फोटोग्राफी दिवस उन लोगों को समर्पित है, जिन्होंने विशेष पलों को अपने कैमरे से तस्वीरों में कैद कर उन्हें सदा के लिए यादगार बना दिया। यह दिवस इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ऐसे व्यक्तियों के कार्यों को स्मरण करने के अलावा भावी पीढ़ी को भी फोटोग्राफी में अपना कौशल दिखाने के लिए प्रेरित करता है। विश्व फोटोग्राफी दिवस की योजना की शुरुआत आस्ट्रेलियाई फोटोग्राफर कोर्स्के आरा द्वारा वर्ष 2009 में की गई थी और उसके बाद विश्व फोटोग्राफी दिवस पर 19 अगस्त 2010 को पहली वैश्विक ऑनलाइन फोटो गैलरी का आयोजन किया गया था। उस दिन दुनियाभर के 250 से भी ज्यादा फोटोग्राफरों ने अपनी खींची तस्वीरों के माध्यम से अपने विचारों को साझा किया था और 100 से भी ज्यादा देशों के लोगों ने उस ऑनलाइन फोटो गैलरी को देखा था। इसीलिए वह दिन फोटोग्राफी के शौकीनों और पेशेवर फोटोग्राफरों के लिए एक ऐतिहासिक दिन बन गया था। 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' आज से करीब 186 वर्ष पहले फोटोग्राफी को लेकर घटी एक घटना की याद में मनाया जाने लगा। दरअसल जनवरी 1839 में फ्रांस में जोसेफ नीसपोर और लुई डागुएरे ने डॉगोरोटाइप प्रक्रिया के आविष्कार की घोषणा की थी, जिसे दुनिया की पहली 'फोटोग्राफी प्रक्रिया' माना जाता है। फोटोग्राफी शब्द की उत्पत्ति ग्रीक शब्द 'फोटोज' (प्रकाश) और 'ग्राफीन' (खींचने) से मिलकर हुई है। वर्ष 1839 में वैज्ञानिक सर जॉन एफ डब्ल्यू हश्रेल ने पहली बार 'फोटोग्राफी' शब्द का उपयोग किया था। फ्रांसीसी वैज्ञानिक आर्गो ने 7 जनवरी 1839 को फ्रैंच अकादमी ऑफ साइंस के लिए इस पर एक प्रोसेस रिपोर्ट तैयार की और फ्रांस सरकार ने यह रिपोर्ट खरीदकर 19 अगस्त 1839 को इस आविष्कार की घोषणा करते हुए इसका पेटेंट प्राप्त कर आम लोगों के लिए इस प्रक्रिया को मुफ्त घोषित किया था। इसीलिए 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' मनाने के लिए 19 अगस्त का दिन ही निर्धारित किया गया। अपने आविष्कार के 186 वर्षों लंबे इस सफर में फोटोग्राफी ने अनेक आयाम देखे हैं। सही मायनों में दुनियाभर की खूबसूरती को कैमरे में समेटकर उसे जब चाहें मन भरकर देखने का बेहतरीन जरिया है फोटोग्राफी। वास्तव में हमारे जीवन में फोटो ही ऐसी वस्तु हैं, जो पुरानी यादों को अपने भीतर समेटकर उन्हें बरसों तक जिंदा रखती हैं। मोबाइल कैमरे से ली जाने वाली सेल्फी का तो आज की युवा पीढ़ी पर जुनून सा छाया है लेकिन विश्व की पहली सेल्फी 186 वर्ष पूर्व अर्थात् वर्ष 1839 में ही ली गई थी और यह सेल्फी ली थी अमेरि. कन फोटोग्राफर रॉबर्ट कॉर्नेलियस ने। उन्होंने अपने कैमरे को सैट करने के बाद लेंस कैंप को हटाकर फ्रेम में चलकर फोटो ली थी, जिसे अब सेल्फी कहा जाता है। हालांकि उस समय स्वयं कॉर्नेलियस को भी नहीं पता था कि उनके द्वारा उस अंदाज में खींचा गया वह फोटा भविष्य में सेल्फी के रूप में जाना जाएगा। कॉर्नेलियस द्वारा ली गई सेल्फी वाली वह तस्वीर आज भी यूनाइटेड स्टेट लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस प्रिंट में उपलब्ध है। तकनीकी और वैज्ञानिक सफलता के इस दौर में फोटोग्राफी के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, जिनकी बदौलत अब कैमरे का एक बटन दबाने के बाद चंद पलों या मिनटों में बेहतरीन तस्वीर हमारे हाथ में होती है लेकिन तमाम तकनीकी प्रगति के बावजूद बेहतरीन क्वालिटी के प्रिंटर होने पर भी अच्छा फोटो प्राप्त करने के लिए फोटोग्राफी की कुछ बारीकियों का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है। वैसे फोटोग्राफी के आविष्कार ने मानव जीवन में बहुत क्रांतिकारी भूमिका निभाई है और यह इसी से समझा जा सकता है कि दुनिया के किसी भी कोने में खींचे गए चित्रों के माध्यम से अब पलभर में ही वहां के जनजीवन तथा घटनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो जाती है। फोटोग्राफी का अनोखा आविष्कार न केवल दुनियाभर में लोगों को एक-दूसरे के बेहद करीब लेकर आया बल्कि इसी आविष्कार की ही बदौलत एक-दूसरे को जानने और उनकी संस्कृति को समझकर इतिहास को समृद्ध बनाने में भी बड़ी मदद मिली है।

**-योगेश कुमार गोयल**

# यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा: ट्रम्प

## क्रीमिया भी वापस नहीं मिलेगा, अमेरिकी अधिकारी बोले: पुतिन यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने पर राजी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि यूक्रेन को सैन्य गठबंधन नाटो में शामिल नहीं किया जाएगा और न ही उसे 2014 से रूस के कब्जे वाला क्रीमिया वापस मिलेगा। ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट किया कि जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ चल रहा युद्ध तुरंत खत्म हो सकता है। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि जेलेंस्की लड़ाई जारी रखना चाहते हैं या शांति का रास्ता अपनाते हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि 12 साल पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबा. मा के दौर में बिना गोली चले क्रीमिया रूस को सौंप दिया गया था और यूक्रेन भी नाटो में शामिल नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। ट्रम्प का यह बयान यूक्रेन की जमीन पर रूस के कब्जे को मान्यता देने से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन यूक्रेन को नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी देने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में विटकाफ ने बताया कि 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की



■ अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकते हैं

■ 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी: स्टीव

सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी। हालांकि पुतिन ने साफ किया है कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता देने पर रूस कभी राजी नहीं होगा। पुतिन ने इसे रेड लाइन कहा है। विटकाफ के मुताबिक प्रस्तावित डील के तहत अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को नाटो के आर्टिकल-5 जैसी सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराएंगे। बता दें कि आर्टिकल-5 के तहत किसी एक सदस्य देश पर हमला सभी पर हमला माना जाता है। वहीं अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पष्ट कहा है कि अगर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2014 में रूसी संघ में शामिल हुए यूक्रेन के क्रीमिया को वापस लेने या यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इंकार किया। राष्ट्रपति ट्रम्प की ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ज़ेलेंस्की व्हाइट हाउस में उनके साथ बैठक करने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का शिखर सम्मेलन में यूक्रेन मामले पर बातचीत हुई है। यूक्रेन में शांति की जिम्मेदारी ज़ेलेंस्की पर डालते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की चाहें तो युद्ध को तुरंत समाप्त कर सकते हैं या फिर लड़ाई जारी रख सकते हैं। याद कीजिए कि इसकी शुरुआत कैसे हुई थी। ट्रंप ने क्रीमिया को वापस लेने की संभावना से भी इंकार किया। क्रीमिया 2014 में एक जनमत संग्रह के बाद रूसी संघ में शामिल हुआ था लेकिन पश्चिमी देश इसे स्वीकार नहीं करते। क्रीमिया के बारे में ट्रंप ने कहा कि 12 साल पहले पूर्व राष्ट्रपति ओबामा द्वारा दिया गया क्रीमिया वापस नहीं लिया जा सकता है। ट्रंप ने यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इनकार किया जिसकी मांग यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की वर्षों से कर रहे हैं। इससे पहले ज़ेलेंस्की वार्ता में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी पहुंचे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि यूक्रेन यूरोपीय सहयोगियों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा गारंटी हासिल कर सकता है। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं पहले ही वाशिंगटन पहुंच चुका हूं। कल मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलूंगा और यूरोपीय नेताओं के साथ भी बातचीत करूंगा। मैं इस निमंत्रण के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का आभारी हूं। जेलेंस्की ओवल ऑफिस में ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे जिसके बाद ट्रम्प और प्रमुख यूरोपीय नेताओं के बीच एक व्यापक बैठक होगी।



लेबनान। इजरायल-लेबनान युद्ध विराम: एक व्यक्ति मारे गए हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की तस्वीर लेकर जश्न मनाते हुए।

## भारतीय मूल की कृशांगी ब्रिटेन की सबसे युवा सॉलिसिटर बनीं

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की लॉ ग्रेजुएट कृशांगी मेश्राम इंग्लैंड और वेल्स की सबसे कम उम्र की सालिसिटर बन गई हैं। वह 21 साल की हैं। कृशांगी पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ी और फिलहाल यूएई में रह रहीं हैं। उन्होंने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स ओपन यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई शुरू की। 18 साल में फर्स्ट क्लास आनर्स की डिग्री हासिल कर ली। कृशांगी ने कहा-मैं ओपन यूनिवर्सिटी की बहुत आभारी हूं कि उसने मुझे 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की नींव रखी, बल्कि कानून के प्रति एक गहरा और स्थाई जुनून भी मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### इक्वाडोर में हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत

**क्विटो।** उत्तर-पश्चिमी इक्वाडोर के सैंटो डोमिगो डे लॉस त्सचिलास प्रांत में रविवार सुबह हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रविवार तड़के प्रांत की राजधानी सैंटो डोमिगो में एक बिलियर्ड हॉल में काले कपड़े पहने कई बंदूकधारी पहुंचे और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी।

### मनोज कुमार महापात्रा मोल्दोवा में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विद. ेश सेवा के अधिकारी और रोमानिया में भारत के राजदूत डॉ. मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा का भी राजदूत बनाया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि रोमानिया में भारत के राजदूत मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा में भी देश का राजदूत नियुक्त किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि डा. महापात्रा बुखारेस्ट में ही रहेंगे और मोल्दोवा के राजदूत की भी भूमिकास निभाएंगे।

### अलेप्पो में आत्मघाती हमलावर की मौत

**दमिश्क।** सीरिया में अलेप्पो के अल-मयसर जिले में रविवार को एक व्यक्ति ने विस्फोटक बेल्ट में विस्फोट कर खुद को उड़ा दिया। आधिकारिक समाचार एजेंसी सना ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि विस्फोट शहर के पूर्व में एक बेकरी के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी भी नागरिक के हताहत होने की सूचना नहीं है। विस्फोट में मारे गये व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है और अभी तक किसी भी समूह ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। इस साल सीरिया में बम विस्फोटों की घटनाओं में काफी बढ़ोत्तरी हुई है।

### इंडोनेशिया में भूकंप से 41 लोग घायल दो की हालत गंभीर

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में आये जोरदार भूकंप में 41 लोग घायल हो गये हैं जिनमें से दो की हालत गंभीर है। मध्य सुलावेसी की क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीपीबीडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता छह मापी गई है। एजेंसी ने बताया कि भूकंप रविवार सुबह आया और इसमें सुनामी की कोई चेतावनी नहीं जारी की गई। यह देश प्रशांत महासागरीय पैसिफ़िक रिंग ऑफ़ फायर के अंतर्गत आता है जो उच्च भूकंपीय क्षेत्र है।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 40 से ज्यादा लोग लापता

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य सोकोटो में एक नाव के पलटने से 40 से अधिक लोग लापता हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। अधिकारियों के अनुसार, कम से कम 10 लोगों को बचा लिया गया है और लापता 40 लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है।

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) ने दुर्घटना के बाद चल रहे बचाव कार्यों में सहायता के लिए अपनी प्रतिक्रिया टीम तैनात की है। एनईएमए के अनुसार, नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में एनईएमए की महानिदेशक जुबैदा उमर ने कहा कि एजेंसी ने यह रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है कि गोरोन्यो बाजार

■ नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई: एनईएमए

में 50 से अधिक यात्रियों को ले जा रही एक नाव पलट गई है। स्थानीय अधिकारियों का मानना है कि नाव में क्षमता से अधिक लोगों के होने के कारण यह दुर्घटना हुई जो सोकोटो के नदी में बार-बार होने वाला सुरक्षा मुद्दा है जहां नावों में अक्सर क्षमता से अधिक लोग सवार होते हैं। सोकोटो राज्य में यह पहली ऐसी घटना नहीं है। अगस्त 2024 में नदी पार करते समय नाव पलट जाने से 16 किसानों की मौत हो गई थी। एनईएमए स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से अपने खोज एवं बचाव अभियान जारी रखा हुआ है।

## रूस-मंगोलिया सैन्य अभ्यास साइबेरिया में शुरू

**उलान-उडे।** रूस-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 सोमवार को पूर्वी साइबेरियाई क्षेत्र बुरातिया के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में एक कार्यक्रम के साथ शुरु हुआ। एक आधिकारिक बयान में कहा गया बुरतिया गणराज्य में पूर्वी सैन्य जिले के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में संयुक्त रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 का शुभारंभ हुआ। रूस के सामरिक समूह के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल रविल तुकाएव और मंगोलियाई सामरिक समूह के कमांडर मेजर सुउर दावागाम्बो ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बुरातिया के गवर्नर एलेक्सी त्सिडेनोव भी समारोह में शामिल हुए। रूसी लेफ्टिनेंट जनरल मिखाइल नोसुलेव ने कहा आज, रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास, सेलेंगा 2025, बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में शुरू हो रहा है।

## गाजा में इजरायली हमले में 42 लोगों की मौत

### इजरायल ने विस्थापित लोगों के लिए बने तंबू पर बरसाई गोलियां

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा किए गए हमलों में रविवार को 42 फलस्तीनी मारे गए। यह जानक. ारी गाजा के नागरिक सुरक्षा ने दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने शिन्हुआ से कहा कि गाजा शहर में बैपटिस्ट अस्पताल के पास इजरायली गोलाबारी में सात लोग मारे गए और शहर के दक्षिण-पूर्व में स्थित जितून में एक घर पर इजरायली गोलाबारी में एक व्यक्ति मारा गया। प्रवक्ता ने कहा कि खान यूनिस के पश्चिम में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर इजरायली हवाई हमले में चार लोग मारे गए। बसल के अनुसार, खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनी मारे गए जबकि मध्य गाजा पट्टी के डेर अल-बलाह शहर में दो अलग-अलग हवाई हमलों में



2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61944 लोग मारे गए हैं और कुल 155886 लोग घायल हुए

पिछले 24 घंटे में गाजा के अस्पताल में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं, जिसमें दो बच्चे भी शामिल हैं

तीन लोग मारे गए। प्रवक्ता ने कहा कि मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में सहायता का इंतज़ार कर 15 फलस्तीनी इज़रायली सेना की गोलीबारी में मारे गए। इन घटनाओं पर इज़रायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। रविवार को गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 मार्च को इजरायल द्वारा अपने सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 10,400 फलस्तीनी मारे गए हैं और 43,845 घायल हुए हैं जबकि अक्टूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61,944 लोग मारे गए है और कुल 155,886 लोग घायल हुए हैं। इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा के अस्पतालों में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 तक भुखमरी और कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या 258 हो गई है जिनमें 110 बच्चे शामिल हैं।

## पाक में बाढ़ से तबाही, अब तक 1000 से ज्यादा की मौत

### आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। बाढ़ की वजह से 1000 से ज्यादा लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रधानमंत्री के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) मामलों के सूचना समन्वयक इख्तियार वली खान ने हालात पर गंभीर चिंता जताई है।

उन्होंने दावा किया कि खैबर पख्तूनख्वा में हाल ही में आई अचानक आई बाढ़ में लगभग 1,000 लोगों की मौत होने की आशंका है। वली ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया है। बड़े पैमाने पर तबाही देखी है। उन्होंने कहा कि पूरे गांव बर्बाद हो गए हैं। बुनेर के चघरजी इलाके में भारी तबाही हुई है। बशोनी गांव पूरी तरह से नक्शे से गायब हो गया है। बाढ़ के पानी में बहकर आए कुछ पत्थर ट्रकों से भी बड़े थे। नदी किनारे बसे घर गायब हैं। पूरे के पूरे परिवार बह गए हैं। किसी की कोई खोज खबर नहीं है। उन्होंने खुलासा किया कि आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित हैं। अब तक लगभग 600 से ज्यादा शव बरामद



■ मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुई: एनडीएमए

हुए हैं। हालांकि, कई और हताहतों की सूचना अभी तक नहीं मिली है। उन्होंने आंशका जताई कि अकेले दीर में ही मौतों की संख्या 1,000 से ज्यादा हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार एक हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, 26 जून से अब तक पूरे पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में 392 पुरुषों सहित कम से कम 657 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 929 अन्य घायल हुए हैं। कुल मृतकों में 171 बच्चे और 94 महिलाएं थीं। घायलों में 437 पुरुष, 256 बच्चे और 236 महिलाएं हैं। एनडीएमए ने बताया कि मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश, अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुईं। उसने यह भी कहा कि वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए प्रांतीय अधिका. रियों के साथ समन्वय कर रहा है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जहां 390 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 288 पुरुष, 59 बच्चे और 43 महिलाएं शामिल हैं। केपी में 245 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें 161 पुरुष, 45 बच्चे और 39 महिलाएं शामिल हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बाढ़ के कारण हुई दुखद मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। महासचिव ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता जताई।

## भारत चमकती मर्सिडीज, पाक डंपर ट्रक

### पाक मंत्री बोले: अगर ये दोनों टकराए, तो नुकसान किसका होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर की तरह भारत को चमकती मर्सिडीज बताया है। दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। उन्होंने कहा: अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा।

भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान मुनीर के नेतृत्व की सराहना करते हुए नकवी ने कहा कि आर्मी चीफ ने जंग के दौरान मई में पाकिस्तान का दौरा करने वाले सऊदी डेलिगेशन के सामने पाकिस्तान की ताकत का बखान करने के लिए इसी उदाहरण का इस्तेमाल किया था। साथ ही नकवी ने दावा किया कि संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 जेट को मार गिराया था। उन्होंने कहा कि उनके पास इसकी वीडियो फुटेज



■ भारत के छह जेट गिराने का दावा किया

भी है, लेकिन उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया। नकवी ने यह भी कहा कि हमें पहले से पता था कि भारत क्या योजना बना रहा है और कौन से विमान इस्तेमाल करेगा। नकवी ने दावा किया कि भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान भारत का कोई भी मिसाइल पाकिस्तान के किसी बड़े सैन्य अड्डे पर नहीं गिरा। नकवी ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के एक तेल डिपो को तबाह कर दिया। हालांकि, पाकिस्तान ने अभी तक कोई वीडियो या ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया है। भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल एके भारती ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर चुनिंदा सैन्य ठिकानों पर सटीक और संतुलित हमले किए। भारत ने इन दावों को पहले ही खारिज कर चुका है। सिंगापुर में 31 मई को भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह गलत बताया था। भारत ने मैक्सार टेक्नोलाजी की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों से बता चुका है कि पाकिस्तान के कई हवाई अड्डों पर हमले किए गए, जिसमें रनवे, हैंगर और इमारतों को भारी नुकसान हुआ।

## मिस्री ने नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** नेपाल की दो दिन की यात्रा पर गये विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वहां के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि मिस्री राय के निमंत्रण पर रविवार को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्री ने नेपाल के शीर्ष नेतृत्व को दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति से अवगत कराया। विदेश सचिव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से केपी शर्मा ओली को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथियों पर भारत आने का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। दोनों विदेश सचिवों ने व्यापक चर्चा के दौरान विभिन्न द्विपक्षीय पहलों में हुई प्रगति की समीक्षा की और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की जिसमें संभावित परिणाम भी शामिल थे जो प्रधानमंत्री ओली की आगामी भारत यात्रा के एजेंडे का हिस्सा बन सकते हैं।

## रूस से तेल खरीदने वाले चीन पर टैरिफ क्यों नहीं लगा

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताई चौंकाने वाली वजह: चीन रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा

**वाशिंगटन।** रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बीते दिनों भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वहीं चीन को छूट दी गई है।

अब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इसकी वजह का खुलासा किया है। मार्को रूबियो ने बताया कि चीन, रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा है। एक इंटरव्यू के दौरान मार्को रूबियो से पूछा गया कि ट्रम्प प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने के लिए चीन को टैरिफ से छूट क्यों दी है, जबकि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया




**अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा**

है? इस पर रूबियो ने चौंकाने वाला जवाब दिया। रूबियो ने कहा कि अगर आप देखें तो चीन जो कच्चा तेल रूस से खरीद रहा है, वो उसे रिफाइन करके वापस यूरा. ेपीय देशों को बेच रहा है। रूबियो ने कहा अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा और तेल की कीमतें पूरी दुनिया में बढ़ सकती हैं। रूबियो ने कहा कि चीन पर संभावित प्रतिबंध को लेकर यूरोपीय देशों ने भी निराशा जाहिर की है। मार्को रूबियो ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमे. रिका हर दिन भारत और पाकिस्तान के बीच हालात पर नजर रख रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच हुआ संघर्षविराम कभी भी टूट सकता है। उन्होंने कहा कि युद्धविराम तभी संभव होता है जब दोनों पक्ष रुकने पर सहमत हों, लेकिन उसे बनाए रखना बेहद मुश्किल होता है।

### रूस: उत्पादन संयंत्र में लगी आग, 20 की मौत, 134 घायल

**मॉस्को।** मध्य रूस में रियाज़ान ओब्लास्ट के शिलोव्स्की जिले में एक उत्पादन संयंत्र में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि 134 अन्य घायल हो गए हैं। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक बयान के मुताबिक मॉस्को समयानुसार सुबह 7:00 बजे (04:00 जीएमटी) तक आग में झुलसने के कारण 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी थी। घायलों में से 31 का रियाज़ान और मॉस्को के अस्पतालों में इलाज चल रहा है जबकि 103 अन्य का बाह्य रोग उपचार चल रहा है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108